

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 रोहित शर्मा ने हरभजन को अपनी लव स्टोरी बताइ......

बिलावल ने इजराइली हमलों की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से .... 12



वर्ष : 13 | अंक : 75 | पटना, बुधवार, 25 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# ईरान-इजरायल सीजफायर पर सस्पेंस, ईरान ने दागीं कई बैलिस्टिक मिसाइल



प्रात : किरण

तेल अवीव\एजेंसी। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इजरायल के बीच सीजफायर का ऐलान किया है, तो दूसरी तरफ ईरान ने मंगलवार को इजरायल पर फिर से बैलिस्टिक मिसाइल दाग दी हैं। इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने बताया है कि मंगलवार सुबह ईरान से इजरायल पर दो बार में छह मिसाइलें दागी हैं। पहले हमले में दो मिसाइलें शामिल थीं, जबकि दूसरे हमले में चार मिसाइलें थीं। दूसरे हमले में बीरशेबा स्थित एक अपार्टमेंट ब्लॉक को निशाना बनाया गया है। ईरान की ओर से बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च किए जाने के बाद उत्तर, मध्य और दक्षिणी इजरायल के कुछ इलाकों में सायरन बजने लगे। देश के अधिकतर इलाकों में लोगों को पहले ही सचेत कर दिया गया है। नागरिकों को अगले आदेश तक बॉम्ब शेल्टर में रहने के निर्देश दिए गए हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब कुछ ही घंटों पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इजरायल के बीच सीजफायर का ऐलान किया था।

**ट्रंप का दावा- दोनों देश मेरे पास लेकर आए शांति प्रस्ताव**

वाशिंगटन। ईरान और इजरायल में सीजफायर पर सहमति को लेकर भ्रम की स्थिति के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नया दावा किया है। ट्रंप ने बताया कि इजरायल और ईरान लगभग एक साथ उनके पास आए थे और शांति की बात की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, इजरायल और ईरान मेरे पास लगभग एक ही समय पर आए और बोले, शांति! मुझे पता था कि अब समय आ गया है। दुनिया और मध्य पूर्व ही असली विजेता हैं। दोनों राष्ट्र अपने भविष्य में जबरदस्त प्रेम, शांति और समृद्धि देखेंगे। उन्हें बहुत कुछ हासिल करना है। और फिर भी अगर वो धर्म और सत्य के मार्ग से भटक गए तो उन्हें बहुत कुछ खोना पड़ेगा। इजरायल और ईरान का भविष्य असीमित है और उम्मीदों से भरा हुआ है। ईश्वर आप दोनों को आशीर्वाद दे।

**ईरान बोला- नहीं मिला कोई प्रस्ताव**

न्यूयॉर्क,। ईरान की ओर से अचानक की गई युद्ध विराम की घोषणा को लेकर भ्रम और संदेह की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि तेहरान को अमेरिका से कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है और उसे इजरायल या वाशिंगटन के साथ शत्रुता समाप्त करने का कोई कारण नहीं दिखता। अधिकारी के हवाले से बताया गया कि, इस समय, दुश्मन ईरान के खिलाफ आक्रामकता कर रहा है, और ईरान अपने जवाबी हमलों को तेज करने की कगार पर है, और वो अपने दुश्मनों का झूठ सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायल के नेताओं की टिप्पणियों को ईरान पर आगे के हमलों को सही ठहराने के लिए एक धोखा माना जाएगा। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम विराम पर कोई समझौता नहीं हुआ है। परस्पर विरोधी कथनों ने किसी भी संभावित युद्धविराम विराम को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार रात तक, न तो इजरायल और न ही ईरानी अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से किसी समझौते की पुष्टि की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### सृजन घोटाले के तीन आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

नई दिल्ली। बिहार के बहुचर्चित और करीब 1 हजार करोड़ रुपए के सृजन घोटाले में शामिल तीन आरोपियों को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने रजनी प्रिया और दो अन्य आरोपियों को जमानत दे दी है। अदालत ने यह निर्णय इस आधार पर लिया कि आरोपी लंबे समय से जेल में बंद हैं और अब तक ट्रायल की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि तीनों आरोपी सात दिनों के भीतर ट्रायल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत हों और जमानत की शर्तें वहीं निर्धारित की जाएंगी। अदालत ने अपने फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है

### मूंग और उड़द की मूल्य समर्थन योजना पर होगी खरीद

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए मूंग और उड़द की खरीद मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत करने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां एक बैठक में मध्य प्रदेश में मूंग और उड़द तथा उत्तर प्रदेश में उड़द को मूल्य समर्थन योजना (पी.एस.एस) के अंतर्गत खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। उन्होंने खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ चर्चा की और नेफेड, एन.सी.सी.एफ. और राज्य के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मध्य प्रदेश के लिए राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव पर मंत्रालय के विचार करने तथा केंद्रीय मंत्री और राज्य सरकार और अन्यों के साथ बैठक के उपरांत पी.एस.एस. के अंतर्गत राज्य में ग्रीष्मकालीन मूंग तथा ग्रीष्मकालीन उड़द खरीद करने की मंजूरी प्रदान की गई है।

# सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, 46 एजेंडों पर लगी मुहर

## सूबे के सभी पंचायतों में बनेगा विवाह भवन



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। जिसमें 46 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने राज्य के सभी पंचायतों में विवाह भवन का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। सीएम नीतीश ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना की मंजूरी के बारे में बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी सरकार राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह कार्यक्रम में सुविधा के लिए सभी पंचायतों में विवाह भवन का निर्माण कराएगी। कैबिनेट में मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना की मंजूरी दे दी गई है। पंचायतों में विवाह भवनों के निर्माण हेतु 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन विवाह भवनों का संचालन जीविका दीदियों के द्वारा किया जाएगा। पंचायत स्तर पर विवाह भवनों के निर्माण से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को काफी फायदा होगा।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना : बढ़ी हुई राशि की मंजूरी**

इसके अलावा कैबिनेट में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि को भी बढ़ाया है। पहले इस योजना के तहत विधवा महिलाओं, वृद्ध जनों और दिव्यागों को 400 रुपए प्रति महीने मिलते थे। अब 1100 रुपए दिए जाएंगे। जुलाई से बढ़ी हुई पेंशन मिलने लगेगी। महीने के पहले 10 दिनों में ये पेंशन अकाउंट में ट्रांसफर होगी। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को मदद मिलेगी। इस बढ़ोतरी से राज्य सरकार पर कुल 9,202 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

**अंतरराज्यीय मार्गों पर भी चलेंगी करीब डेढ़ सौ बसें**

कैबिनेट ने सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पारस्परिक समझौते के उपरांत दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिम बंगाल के कामगारों को सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने अंतर्राज्यीय मार्गों पर बसों का परिचालन का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। इसके लिए 74 नॉन एसी (डीलक्स) और 75 एसी (डीलक्स) बसों की खरीद होगी। 74 नॉन एसी बसों की खरीद के लिए बसों की खरीद पर प्रति बस 68 लाख रुपये की दर से परिवहन निगम को 50.32 करोड़ जबकि 75 एसी बसों के लिए परिवहन निगम के लिए 55.50 करोड़ रुपये के सहायक अनुदान की स्वीकृति दी गई है।

**जीविका स्वयं सहायता समूहों को अब 10 लाख तक का ऋण**

मंत्रिमंडल ने बिहार जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) से संपोषित स्वयं सहायता समूहों को दिए जाने वाले तीन लाख के ऋण की अधिसीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

**सर्वाधिक टैक्स का भुगतान करने वाले व्यवसायियों को मिलेगा भामाशाह सम्मान**

राज्य में सर्वाधिक कर का भुगतान करने वाले करदाताओं और व्यवसायियों को बिहार सरकार भामाशाह सम्मान से सम्मानित करेगी। मंत्रिमंडल ने वाणिज्य कर विभाग के इस प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है।

### 94 लाख परिवारों को 2-2 लाख की सहायता के लिए बनी कमेटी

पटना। प्रदेश की नीतीश कुमार सरकार द्वारा राज्य मे कराई गई जाति आधारित गणना में चिह्नित 94 लाख परिवारों को जल्द से जल्द दो-दो लाख रुपये की उद्यमिता सहायता मिल सके इसके लिए सरकार ने विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी गठन का निर्णय लिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता मे हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि जाति आधारित गणना में कुल सर्वेक्षित 2.76 करोड़ परिवारों में लगभग 94 लाख से अधिक परिवार आर्थिक रूप से गरीब पाए गए। इनमें सामान्य जाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक समुदाय अर्थात समाज के सभी वर्गों के परिवार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन 94 लाख से अधिक आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के आर्थिक विकास के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना शुरू की गई है। इन परिवारों में जीविका के अंतर्गत आच्छादित स्वयं सहायता समूह की महिला भी शामिल हैं। साथ ही 94 लाख चिह्नित आर्थिक रूप से गरीब परिवारों की परिधि के बाहर भी जीविका स्वयं सहायता समूह के सदस्य हैं। राज्य में 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह हैं, जिसमें 1.40 करोड़ से अधिक महिला सदस्य हैं। इन दोनों श्रेणी के परिवारों की एक महिला को उद्यमी के रूप में स्थापित करने साथ ही राशि एवं क्रियान्वयन की नीति के संबंध में अनुशंसा प्रदान करने हेतु एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है। मुख्य सचिव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जीविका कर्मियों का मानदेय दोगुना करने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया है। जीविका योजना में काम करने वाले करीब 1.40 लाख कर्मी हैं। जिनके मानदेय में दोगुनी के करीब वृद्धि की गई है। इस निर्णय से प्रति वर्ष 735 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन करना होगा।

## दीदी की रसोई में अब 20 रुपये में मिलेगा पेटभर खाना



प्रात : किरण

पटना। नीतीश सरकार ने दीदी की रसोई योजना को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। अब बिहार के सरकारी अस्पतालों, कलेक्ट्रेट, स्वास्थ संस्थानों और सरकारी कार्यालयों में शुद्ध संतुलित और गरम भोजन की थाली मात्र 20 रुपए में उपलब्ध कराई जाएगी। यह निर्णय मंगलवार को कैबिनेट बैठक में लिया गया। जहां इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। अब तक चल रही दीदी की रसोई योजना के द्वारा 40 रुपए प्रति थाली की दर से भोजन उपलब्ध कराया जाता था, लेकिन सरकार ने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे आधा कर दिया है। इस सुविधा से सबसे ज्यादा सरकारी अस्पताल आने वाले निम्न वर्ग के लोगों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि भोजन की वास्तविक लागत करीब 40 रुपये है। ऐसे में प्रति थाली 20 रुपये की क्षतिपूर्ति राज्य सरकार जीविका को देगी, ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। बता दे कि दीदी की रसोई का संचालन इफछढर (बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसाइटी) द्वारा किया जाता है। जिसे जीविका के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना में हजारों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के जरिये जुड़ी हैं। जो कैंटीन और भोजन केंद्रों का संचालन करती है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था अब सिर्फ अस्पतालों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल कार्यालयों तक विस्तारित किया जाएगा। इस निर्णय से गांव से आने वाले उन आम लोगों को सीधा फायदा होगा जो प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर-दराज से शहरों में आते हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि जीविका द्वारा संपोषित दीदी की रसोई का संचालन बहुत ही अच्छे ढंग से हो रहा है। राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों तथा विभिन्न सरकारी संस्थानों में जीविका द्वारा संपोषित दीदी की रसोई द्वारा संचालित कैंटीन के माध्यम से 40 रूपए प्रति थाली भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था। अब हमलोगों ने 40 रूपए के स्थान पर 20 रुपए प्रति थाली की दर से गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। आज कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव की स्वीकृति दे दी गई है।दीदी की रसोई का प्रति थाली न्यूनतम खर्च लगभग 40 रूपए है इसलिए 20 रूपए प्रति थाली की क्षतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा जीविका को उपलब्ध कराई जाएगी। सस्ता एवं शुद्ध भोजन उपलब्ध होने से बाह्य मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी सुविधा होगी। राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमलोगों ने इस व्यवस्था को राज्य के सभी समाहरणालयों, अनुमण्डल कार्यालयों, प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों में भी लागू करने का निर्णय लिया है और इसके लिए अधिकारियों को निदेशित कर दिया गया है ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले आमजनों को सस्ते दर पर शुद्ध भोजन मिल सके।

**6485 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण होगा**

प्रदेश के विभिन्न जिलों में 6485 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल ने स्वीकृत किया है। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत 38 जिलों में 6485 किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा। कुल 4079 सड़कों का निर्माण होगा। इस योजना पर 5627 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

500 किमी से अधिक की दूरी के लिए आधा पैसा प्रति किमी बढ़ाये जाने का प्रस्ताव..............

# रेलवे के यात्री किरायों में 1 जुलाई से बढ़ोत्तरी की संभावना



प्रात : किरण

नई दिल्ली\एजेंसी। भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है। सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। इसी प्रकार से उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीजन टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गयी थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गयी थी। वर्ष 2019 में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 पैसे बढ़ाए गये थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में 2 पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर 01 पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में 01 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि प्रथम श्रेणी के किराये में 1 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। सभी वातानुकूलित श्रेणियों में एक समान 04 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई थी। यह वृद्धि जनवरी 2020 से लागू हुई थी।

**तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार जरूरी**

रिपोर्ट में कहा गया है, रेलवे ने किराया वृद्धि के साथ एक और बड़ा बदलाव किया है। 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट बुक करने के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट या मोबाइल ऐप से तत्काल टिकट अब केवल आधार से वेरिफाइड यूजर्स ही बुक कर सकेंगे।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, रेल मंत्रालय ने 15 जुलाई 2025 से एक अतिरिक्त सुरक्षा प्रक्रिया जोड़ते हुए आधार-आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन को भी अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य टिकट बुकिंग को पारदर्शी और सुरक्षित बनाना है। रेलवे ने अधिकृत एजेंटों के लिए तत्काल टिकट बुकिंग पर समय-सीमा लगाई है। अब एजेंट एसी श्रेणी की तत्काल टिकट सुबह 10:00 से 10:30 बजे तक और नॉन-एसी टिकट सुबह 11:00 से 11:30 बजे तक नहीं बुक कर सकेंगे। यह फैसला आम यात्रियों को प्राथमिकता देने के लिए लिया गया है।

# धर्म और ज्ञान की भूमि रही है बिहार: धनखड़



प्रात : किरण

पटना। बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित ललित नारायण मिश्रा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के स्थापना दिवस समारोह में मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रहा है। बिहार धर्म और ज्ञान की भूमि रही है, जिसने देश को अनेक क्रांतिकारी और चिंतक दिए हैं। इस भूमि पर आकर मुझे नई ताकत और ऊर्जा की अनुभूति होती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आजादी की बात करूं तो चंपारण सत्याग्रह बिहार की भूमि पर हुआ। 1917 में महात्मा गांधी जी ने यहां से अपना पहला सत्याग्रह आंदोलन किया। किसान की समस्या को उन्होंने राष्ट्र हित का आंदोलन बना दिया। बिहार की जनता का उत्साह, ज्ञान और चेतना पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना करते हुए कहा कि यह नीति छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। अपने संसदीय जीवन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिताए समय को भी याद किया। उनके संसदीय अनुभवों की सराहना की। इसके साथ ही पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर भी अपनी बात रखी।उपराष्ट्रपति ने आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा, उस समय लोकतंत्र को दबाने का प्रयास किया गया था, लेकिन जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चली संपूर्ण क्रांति ने भारत में लोकतंत्र को नई ऊर्जा और दिशा दी। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिला प्रशासन की ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एल. एन मिश्रा कॉलेज सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री सह कॉलेज के संस्थापक नीतीश मिश्रा और बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश चंद्र राय ने अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने कॉलेज कैंपस में पौधारोपण किया। पूर्व सीएम डॉ जगन्नाथ मिश्रा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदानों को भी याद किया।

# लगातार 13वीं बार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने लालू प्रसाद



प्रात : किरण

पटना। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हो गया है। पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को फिर से पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी बनाए गए रामचंद्र पूर्व ने इसकी घोषणा की। इससे पहले उन्होंने सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। मंगलवार को राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चितरंजन गगन के साथ नामांकन पत्र की जांच की गई और चारो प्रति सही तथा वैध पाया गया। मंगलवार को नामांकन पत्र के वापसी के लिए समय निर्धारित की गई थी। इस दरम्यान एक मात्र दाखिल नामांकन पत्र वापस नहीं लिया गया। अतएव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु एक मात्र उम्मीदवार लालू प्रसाद निर्वाचित हुए। इसकी विधिवत घोषणा आगामी 05 जुलाई को पटना के बापू सभागार में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में की जाएगी और उन्हें निर्वाचन संबंधी प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा।

# चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने विपक्ष के नेता राहुल गाँधी को महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव को लेकर उनके किसी भी सवाल पर बातचीत के लिए उन्हें पत्र लिख कर आमंत्रित किया है। आयोग के सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों के मुद्दे पर इसी महीने की सात तारीख को एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित श्री गांधी के लेख में उठाए गए मुद्दों के संदर्भ में आयोग ने उन्हें 12 तारीख को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया है। सूत्रों के अनुसार श्री गांधी से कहा गया है कि आयोग महाराष्ट्र के चुनावों के बारे में कांग्रेस पार्टी की पहले की शिकायतों का विस्तृत उत्तर दे चुका है जो आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। श्री गाँधी ने अपने सात जून के लेख में मोटे तौर पर उन्हीं मुद्दों को दोहराया है। सूत्रों के अनुसार आयोग ने श्री गांधी को लिखा है कि महाराष्ट्र के चुनाव को लेकर यदि सचमुच कोई शिकायत रही होंगी तो कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशीयों ने उन्हें सक्षम न्यायालय में चुनव याचिका दायर कर उठाया होगा। उन्होंने कहा, फिर भी विपक्ष के नेता के मन में कोई सवाल है तो आयोग उनके साथ सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि और समय पर बैठ कर बातचीत करने को तैयार है।

# राज्य में कुल 2543 स्वास्थ्य संस्थान सुमन फैसिलिटी के रूप में कार्यरत

## पांचवें चरण में 1240 स्वास्थ्य संस्थानों को किया गया शामिल




■ **सुमन फैसिलिटी के तहत 19 स्वास्थ्य सेवाओं को किया गया है शामिल**

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। राज्य में सुरक्षित मातृत्व आश्वासन यानी सुमन कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थान आने वाली महिलाओं और उनके शिशुओं को सम्मानपूर्ण एवं उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिले, इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानों को सुमन फैसिलिटी के रूप में सूचीबद्ध भी किया जा रहा है। राज्य में पांचवें चरण में 1240 स्वास्थ्य संस्थानों को सुमन फैसिलिटी के रूप में अधिसूचित किया गया है। जिसमें 1135 आयुष आरोग्य मंदिर-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं 105 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। वहीं राज्य में अब तक पांच चरणों में कुल 2543 स्वास्थ्य संस्थानों को सुमन फैसिलिटी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

**19 तरह की निःशुल्क सेवा है उपलब्ध**

सुमन फैसिलिटी के रूप में अधिसूचित स्वास्थ्य संस्थानों में महिलाओं एवं शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कुल 19 तरह की स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित किया गया है। स्वास्थ्य संस्थानों पर उपलब्ध सेवाओं की सूची को अस्पताल के प्रांगण में डिस्प्ले किया जाता है। निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की सूची में गर्भवती माताओं के लिए कम से कम चार प्रसव-पूर्व जाँच, प्रसव के बाद घर तक छोड़ने की व्यवस्था, प्रसव के बाद परिवार नियोजन परामर्श, गर्भवती माताओं में जटिलताओं की ससमय पहचान एवं प्रबंधन की व्यवस्था सहित कई अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को भी सुनिश्चित किया गया है।

**चार साल पहले 38 स्वास्थ्य संस्थान के फैसिलिटेशन से हुई शुरूआत**

राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को सुमन फैसिलिटी के रूप में अधिसूचित करने की शुरूआत वर्ष 2020 से ही शुरू हुयी थी। जिसमें प्रथम चरण में 38 एवं दूसरे चरण में 62 बुनियादी आपातकालीन प्रसव एवं नवजात शिशु सेवा एवं व्यापक आपातकालीन प्रसव एवं नवजात शिशु सेवा प्रदान करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों को सुमन फैसिलिटी के रूप में अधिसूचित किया गया। वहीं, तीसरे चरण में 503 बुनियादी आपातकालीन प्रसव एवं नवजात शिशु सेवा एवं व्यापक आपातकालीन प्रसव एवं नवजात शिशु सेवा प्रदान करने वाले वाले स्वास्थ्य संस्थानों के साथ बुनियादी सेवा प्रदान करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों को सुमन फैसिलिटी के रूप में अधिसूचित किया गया। जबकि चौथे चरण में कुल 700 बुनियादी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों को सुमन फैसिलिटी के रूप में अधिसूचित किया गया।

# गंगा पथ के आसपास रेवेन्यू मॉडल पर काम करें अधिकारी: जिवेश कुमार

## गंगा पथ पर दो माह में प्री फैब दुकानों का होगा निर्माण

● **मंत्री ने स्मार्ट सिटी एवं नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की**

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना - नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में स्मार्ट सिटी एवं नमामी गंगे परियोजनाओं की समीक्षा की गई।




मंत्री ने बैठक में पटना स्मार्ट सिटी के अलावा बिहारशरीफ, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि स्मार्ट सिटी की सभी योजनाएं करीब - करीब पूर्ण हैं। उन्होंने बाकी योजनाओं को भी 31 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने अधिकारियों को गंगा पथ के आसपास रेवेन्यू मॉडल पर काम करने का निर्देश दिया जिससे राजस्व प्राप्त हो सके। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि गंगा पथ पर बन रहे प्री फैब दुकानों का निर्माण दो माह के अंदर पूरा कर लिया जायेगा।

मंत्री जिवेश कुमार ने अधिकारियों से कहा कि मौर्या लोक पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत वहां सौदर्यीकरण कार्य कराए जाएं एवं आमजनों की सुविधा के लिये आधुनिक डीलक्स शौचालय का निर्माण करवाया जाए।

अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सिंगापुर के टॉयलेट यूनिवर्सिटी की तर्ज पर मीठापुर में टॉयलेट कॉलेज खोलने का प्रस्ताव है। उन्होंने सभी स्मार्ट सिटी में चल रही परियोजनाओं की कार्य गति पर संतोष जताया और संवेदकों को ससमय पैसे जारी करने के निर्देश दिए ताकि वे बचे हुए काम समय पर कार्य पूरा कर सकें।

मंत्री ने नमामि गंगे के तहत जारी परियोजनाएं की भी समीक्षा की। उन्होंने जिन जगहों पर काम में अड़चन आ रही हैं उनकी वजह जानी और कहा कि जहां भी केंद्र सरकार की एजेंसियों की वजह से काम में दिक्कत आ रही है, उसे वह स्वयं केंद्र सरकार से बात कर दूर करवाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एसटीपी के बाकी बचे कार्यों को हर हाल में 31 जुलाई तक पूरा कर लिया जाए।

बैठक में बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) एवं स्मार्ट सिटी के प्रबंध निदेशक सह पटना के नगर आयुक्त अनिमेष पराशर, नगर विकास एवं आवास विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार सहित विभाग के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लोजपा (रा.) की रैली को सफल बनाने के लिए किया लोगों से अपील




**प्रातः किरण संवाददाता**

फतुहा। आगामी 29 जून को राजगीर में होने वाली लोजपा (रा.) की भव्य रैली को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील की गई। लोजपा (रा.) लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष सह फतुहा विधानसभा प्रभारी रामप्रवेश यादव ने मंगलवार को महारानीचौक पर बैठक कर लोगों से रैली में चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजगीर में 29 जून को बहुजन भीम संकल्प समागम रैली आयोजित की जा रही है। रैली को लोजपा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान संबोधित करेंगे। हमलोग फतुहा विधानसभा के सभी क्षेत्रों में जाकर लोगों को पार्टी के उद्देश्यों की जानकारी देंगे एवं उक्त रैली में चलने का आमंत्रण देकर रैली को सफल बनाने की अपील करेंगे। मौके पर पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, अनिल चंद्रवंशी, अमरनाथ पासवान, मो. परवेज आलम, छोटे पासवान, श्यामबली पासवान सहित कई मौजूद थे।

# एसडीओ व ट्रेफिक डीएसपी के निर्देश पर चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी। पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। यह अभियान गायघाट, डंका इमली के निकट चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क को घेर दुकानदारी करने वालों से 2,200 रुपया जुमार्ना वसूला गया। साथ ही तीन ठेला भी जब्त किया गया। दरअसल गायघाट से कुम्हरार जाने वाले संपर्क पथ में जाम नहीं लगे, इसके लिए एसडीओ सत्यम सहाय और यातायात डीएसपी ने स्थल निरीक्षण किए थे।




इसके बाद वहां पर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। इसी के आलोक में डंका इमली के पास अभियान चलाया गया। अभियान चलाए जाने को ले अतिक्रमणारियों में अफरा-तफरी मच गई थी। एसडीओ ने बताया कि जाम की समस्या नहीं रहे, इसके लिए निरंतर अभियान चलाने को कहा गया है। अभियान के दौरान टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ा। इस दौरान सख्ती बरतते हुए अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व दल प्रभारी बिट्टू कुमार कर रहे थे।

## नीरज गौतम बनाए गए बिहार राज्य नागरिक परिषद के सदस्य

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। संघ पृष्ठभूमि से आने वाले रौनियार समाज के गौरव तथा भाजपा के प्रदेश संयोजक (कौल सेंटर) नीरज गौतम को बिहार राज्य नागरिक परिषद का सदस्य बनाया गया है।

ज्ञात हो कि बिहार राज्य नागरिक परिषद के संरक्षक राज्यपाल बिहार आरिफ मोहम्मद खान साहब तथा अध्यक्ष मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार है।

इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा की नीरज गौतम को सदस्य बनाकर सरकार ने जमीन से जुड़े हुए आम कार्यकर्ता तथा नेता में खुशी व्याप्त है।इनको सदस्य बनाकर पार्टी ने बहुत अच्छा काम किया है।

समाजसेवी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता भोला गुप्ता ने कहा की नीरज गौतम को बिहार राज्य नागरिक परिषद का सदस्य बनाया गया ।यह हमारे संगठन के लिए गौरव का क्षण है, हमें पूर्ण विश्वास है कि नीरज गौतम अपने अनुभव, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के अधिकारों की आवाज को और मजबूती देंगे।इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता तथा साथी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आलोक



आजाद ने कहा की सारण निवासी नीरज गौतम को बिहार राज्य नागरिक परिषद का सदस्य के रूप में मनोनयन के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का साथी परिषद आभार व्यक्त करती है।साथ ही बिहार राज्य नागरिक परिषद का सदस्य के रूप में भाजपा कौल सेंटर प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज गौतम का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाए तथा राजनीतिक क्षेत्र में गगनचुंबी ऊंचाइयां प्राप्त हो।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता लिपट गुप्ता, अभरवम के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुन्ना गुप्ता, दिलिप गुप्ता,अजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता सहित उपस्थित सभी लोगों ने नीरज गौतम को बधाई दी।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम पर शिक्षकों का ऑनलाइन उन्मुखीकरण

**प्रातः किरण संवाददाता**

दिनांक 24 जून 2025 को, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के नेतृत्व में तथा मंत्रा4चेंज के सहयोग से, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जून माह का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित हुआ, जिसमें सभी जिला से जिला शिक्षक शिक्षा समन्वयक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं गणित व विज्ञान विषय के शिक्षक / शिक्षिका, तथा जिला एवं प्रखंड तकनीकी टीम के सदस्यों ने भाग लिया।




इस अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. रश्मि प्रभा ने शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ढइछ परियोजनाएँ न केवल विद्यार्थियों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों का विकास करती हैं, बल्कि शिक्षकों की पेशेवर दक्षताओं और दृष्टिकोण को भी समृद्ध बनाती हैं। उन्होंने समझाया कि कैसे ठढरळ के प्रमुख घटक पेडागॉजी (शिक्षण विधियाँ), मूल्यांकन, पेशेवर विकास, और समावेशिता झ को ढइछ गतिविधियों के साथ गहराई से जोड़ा जा सकता है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि व्यापक बदलाव की दिशा में छोटेझछोटे सुधार–जैसे कि सरल गतिविधियों में बदलाव, शिक्षक छात्र संवाद में सुधार, या डेटा संग्रहण के नवीन तरीके–अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए उनकी रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। संयुक्त निदेशक द्वारा शिक्षकों सिखने के लिए सीखना आज के इस ऑनलाइन उन्मुखीकरण में मंत्रा4चेंज के सदस्यों द्वारा मई माह की ढइछ परियोजनाओं की झलकियाँ प्रस्तुत की गईं, साथ ही जून माह के लिए प्रस्तावित प्रोजेक्ट का परिचय दिया गया। कक्षा 6 से 8 के लिए विकसित विज्ञान और गणित आधारित प्रोजेक्ट – जैसे जैव विविधता और स्थान, सौर जल हीटर, मेरे सपनों का गाँव/शहर, और चलो छुट्टियाँ मनाएँ–बच्चों में रचनात्मकता, प्रयोगधर्मिता, सामाजिक जागरूकता और विषयवस्तु की गहरी समझ को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं।एससीईआरटी द्वारा आयोजित इस ऑनलाइन उन्मुखीकरण कार्यक्रम का समापन मंत्रा4चेंज के स्टेट लीड नीरज दास द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया ।

## मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 7वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया



**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी (प्राकि)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पंचवटी कॉलोनी बड़ी पटनदेवी मार्ग की ओर से मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी का सातवां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। यह आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मंगलवार को पटना सिटी के सेंटर इंचार्ज बीके रानी दीदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें रानी दीदी ने मातेश्वरी जगदंबा के जीवन पर ज्ञान सुनाया और उनके बताए ज्ञान को धारण करने की बात कही।

इस अवसर पर उनके चाहने वाले भक्त शामिल हुए। इस दौरान बबीता बहन, निर्मला बहन, रिचा बहन, ज्योति बहन, सुषमा माता, एनसी माथुर, कमल भाई, मनीष भाई, प्रकाश भाई आदि शामिल हुए। यह जानकारी प्रवक्ता बीके चंचल ने दी।

## दहेज के लालची ससुराल वाले पांच लाख रुपये के लिए विवाहिता को पीटकर निकाला

मसौढ़ी !दहेज में पांच लाख रुपये की नकदी न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।विवाहिता ने पति सास ससुर व नंनद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दिघवा गांव निवासी इंद्रदेव प्रसाद की पुत्री मधु कुमारी की शादी खगौल थाना क्षेत्र के शाहपुर कोठिया गांव निवासी भूषण उर्फ राजेश प्रसाद के पुत्र विशाल उर्फ सन्नी कुमार के साथ 30 नवम्बर 2020को हुई थी, शादी में शादी में पीड़िता के परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार चालीस लाख रुपए समेत अन्य जरूरी सामान दिया था।शादी के कुछ ही महीनों बाद उसके पति विशाल उर्फ सन्नी कुमार के द्वारा स्कॉर्पियो खरीदने के लिए पांच लाख रुपए की मांग करने लगे, महिला ने बताया कि दहेज की रकम पूरी नहीं करने पर ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला के दिए गए आवेदन के आधार पर महिला के पति सास ससुर व नंनद के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराया एफआईआर

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के कररिया गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में मंगलवार को दोनों पक्षों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया है।इस मामले में एक पक्ष के वासगित चौधरी की पत्नी राजकुमारी देवी के आवेदन पर पप्पू चौधरी उसकी पत्नी लालमुनि देवी व दोनों पुत्री को आरोपित की है। जिसमें उन्होंने बताया कि हम घर में खाना खाना बना रहे थे,उसी बीच इन सभी लोगों आया और गाली गलौज करने लगा तो मारपीट कर लोहे के रॉड से सिर फोड़ दिया। जिससे गंभीर रूप जख्मी हो गए।वही दूसरे पक्ष से लालमुनि देवी के आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया है।जिसमें वासगित चौधरी चितरंजन चौधरी व राजकुमारी देवी के खिलाफ मारपीट और गाली गलौज व जान मारने की धमकी देने का आरोपी लगाई है। आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया है।

## पुलिस ने खेत से अज्ञात महिला का अधजला शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

मसौढ़ी !पिपरा थाना क्षेत्र के बिहटा सरमेरा फोर लेन स्थित लोदीपुर गांव के समीप एक अज्ञात महिला का जला हुआ शव बरामद किया गया है।यह शव पिपरा पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,गांव की महिलाएं मवेशी के लिए घास काटने गई हुई थी।जहां देखा कि। लगभग 25 से 30वर्ष की एक महिला का शव जला हुआ है।इसके बाद इसकी सूचना पिपरा पुलिस को दी।पुलिस और एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड टीम भी घटनास्थल पहुंची।पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। खबर लिखे जाने तक मृतिका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

## नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। पाटलीपुत्र स्टेशन व दीघा-रूपसपुर नहर मार्ग पर नगर परिषद दानापुर व नगर निगम के पाटलिपुत्र अंचल के संयुक्त तत्वाधान में अभियान चलाया गया। अंचलाधिकारी चंदन कुमार कार्यपालक पदाधिकारी नगर व्यवस्था के देख रेख में अतिक्रमण हटाओ दस्ता पाटलिपुत्र स्टेशन के आस पास के अभियान चलाया। मंगलवार को नगर निगम व नगर परिषद दानापुर के टीम ने अतिक्रमण पर हथौड़ा चलाया।

## गुरुमुखी अकादमी का गठन करने की बिहार सरकार से मांग

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी। बिहार सिख फेडरेशन पटना साहिब के संस्थापक त्रिलोक सिंह निषाद ने बयान जारी कर कहा कि बिहार में अनेक भाषाओं के विकास, संरक्षण और प्रचार-प्रसार में योगदान देने, विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, भाषा के मानकीकरण करने, भाषा से संबंधित अनुसंधान एवं प्रकाशनों को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार सरकार ने हिन्दी ग्रंथ, उर्दू , बांग्ला, भोजपुरी, संस्कृत, मगही, मैथिली, अंगिका अकादमी का गठन किया है। मगर सिखों की ओर से लगातार सरकार से गुरुमुखी अकादमी के गठन की मांग किया जाता रहा, लेकिन बिहार सरकार ने अब तक गुरुमुखी अकादमी का गठन नहीं किया। इस कारण से सिखों में नाराजगी है। जबकि सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का अवतार बिहार की पावन धरती पटना साहिब में हुआ है। इस कारण से बिहार ही नहीं, देश-विदेश के लाखों सिखों का इस पवित्र स्थान से श्रद्धा भावना जुड़ी हुई है। बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग है कि अन्य भाषाओं के अकादमी की तरह गुरुमुखी भाषा अकादमी का गठन किया ।

# अंतर्राज्यीय अपराधी अजय वर्मा अवैध आर्म्स व तीन सहयोगी अपराधकर्मियों के साथ गिरफ्तार

● **एक जर्मन मेड रिवाल्वर, 1 इंडियन आर्डिनेंस फैक्ट्री मेड रिवाल्वर, 1 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 2 मैगजीन, 98 गोली, 4 मोबाइल, एक डोंगल व 1 कार जब्त**

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी। बिहार एसटीएफ को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दीघा थाना क्षेत्र में कुछ अपराधकर्मी अपने गिरोह के साथ मिलकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने को जुटे हैं। वह किसी की हत्या की घटना को अंजाम देने वाले हैं और रंगदारी की भी बात आ रही थी। उक्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए बिहार एसटीएफ की विशेष टीम एवं पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पटना जिला का कुख्यात अंतर्राज्यीय वांछित अपराधी अजय वर्मा सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वरीय आरक्षी अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उक्त गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे सभी गैंगवार में एक बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर अभियुक्त नंदकिशोर उर्फ पुटन सिंह के आलमगंज थाना क्षेत्र के तुलसी मंडी स्थित लोहा गोदाम के मकान पर तत्काल छापामारी की गई। यहां से एक जर्मन मेड रिवाल्वार, एक इंडियन आर्डिनेंस फैक्ट्री मेड रिवाल्वार, एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो मैगजीन, 98 गोली,





एक डोंगल, चार मोबाइल और एक जायलो कार बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों में सुलतानगंज थाना क्षेत्र के घघा घाट महेंद्रू का रहने वाला अजय वर्मा पिता स्व नागेश्वर प्रसाद वर्मा, घघा घाट चौरसिया भवन के पास का रहने वाला अमित कुमार उर्फ पिल्ली उर्फ पिलिइया, आलमगंज थाना क्षेत्र के रजक कॉलोनी का रहने वाला शब्बीर आलम पिता स्वर्गीय अब्दुल कयूम और गुड़ की मंडी लोहा गोदाम के पास का रहने वाला नंदकिशोर सिंह उर्फ पुटन सिंह शामिल है। उल्लेखनीय है कि कुख्यात अपराधी अजय वर्मा दिल्ली के खजुरी खास में गुड्डू मुनीर नामक व्यक्ति की हत्या में शामिल रहा है। इस संबंध में 13 मार्च, 21 को उत्तर पूर्वी दिल्ली खजूरी खास थाना कांड 113/21 धारा 302 भादवि दर्ज है। अजय वर्मा 17 मई, 25 को खाजेकलां थाना अंतर्गत टिकिया टोली मोहल्ला में मो नन्हें नामक व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी करने में भी शामिल रहा है। इस संबंध में खाजेकलां थाना में 18 मई को कांड संख्या 208/25 धारा 109/61/3(5) बीएनएस दर्ज किया गया है।

उसके विरुद्ध सुल्तानगंज, खाजेकलां, चौक, आलमगंज, पीरबहोर, कदमकुआं, कंकड़बाग, फुलवारीशरीफ एवं जीआरपी पटना थाना में रंगदारी, हत्या, अपहरण, डकैती एवं आर्म्स एक्ट के 28 से अधिक कांड दर्ज है।

उल्लेखनीय है कि अजय वर्मा एवं उसके गिरोह का मुख्य कार्य पटना जिला में खासकर पटना सिटी एवं अन्य क्षेत्रों में जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना, रंगदारी वसूलना एवं इसके लिए हत्या करना था। अन्य गिरफ्तार अपराधकर्मियों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि दरअसल जिस व्यक्ति की हत्या करनी थी उसके दो घुट में मां मोटा था विरोधी अच्छा को ही टारगेट उसने किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का संपत्ति का अधिग्रहण करने के साथ ही इस मामले में स्पीड ट्रायल भी कराया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वरीय आरक्षी अधीक्षक के अलावा सिटी एसपी परिचय कुमार, पटना सिटी के एएसपी अतुलेश आदि मौजूद थे।

## पुलों के संरक्षण एवं रखरखाव के लिए आईआईटी पटना एवं आईआईटी दिल्ली के बीच समझौता

# पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : नितिन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित पुलों के संरक्षण एवं रखरखाव के लिए पुल का संरचनात्मक ऑडिट के सम्बन्ध में आईआईटी पटना एवं आईआईटी दिल्ली के साथ समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। कार्यक्रम में माननीय पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुदकाल्कत्ति, पथ निर्माण विभाग के विशेष सचिव सह बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस संबंध में पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा सहज और सुगम यातायात देने की संकल्प के दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज पुलों के सुरक्षा ऑडिट और ब्रिज इंफॉर्मेशन एंड मैनेजमेंट सिस्टम के विकास के लिए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड और आईआईटी दिल्ली और आईआईटी पटना के बीच आज समझौता पर हस्ताक्षर हुआ है। इस समझौता ज्ञापन के साथ ही, हम संरचनात्मक ऑडिट और पुल इंजीनियरिंग में अत्याधुनिक विशेषज्ञता का लाभ उठा सकेंगे। मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साझेदारी से हम पुलों की स्थिति का आकलन, पुल संरचना में गंभीर कमियों की पहचान, लक्षित रखरखाव और मरम्मत रणनीति विकसित करना समेत अन्य अहम कार्यों पर साथ में काम कर सकेंगे। यह समझौता ज्ञापन पुलों के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारे राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण है। श्री नवीन ने कहा कि निर्मित पुल संरचनाओं के नियमित अवधि के इस्तेमाल के लिए स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराना आवश्यक है। इससे पुल में आ रही गड़बड़ियों की पहचान की जाएगी। फिर उसके अनुसार उसकी मरम्मत करायी जाएगी। समय पर मरम्मत और ऑडिट से भविष्य में पुल हादसों को रोका जा सकेगा, जिससे आमजन को सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार राज्य के पुलों की सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पहले चरण में 85 पुलों का सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा

विदित हो कि बिहार में कुल 3968 पुल हैं, जिनमें 532 को वृहद श्रेणी में रखा गया है। पहले चरण में इनमें से 85 पुलों का सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। यह कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। ऑडिट की प्रक्रिया से राज्य में बने पुलों की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा और उनकी मरम्मत कर उन्हें पूर्ण उपयोग के योग्य बनाया जा सकेगा। आईआईटी पटना और आईआईटी दिल्ली द्वारा सालभर में 85 पुलों का हेल्थ रिपोर्ट दिया जायेगा। पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत स्थित पथों पर अवस्थित 250 मीटर से अधिक लम्बाई वाले 85 महत्वपूर्ण पुलों की स्वतंत्र तृतीय पक्षीय ब्रिज सेफ्टी ऑडिट कराए जाने की स्वीकृति दी गई है। इस हेतु कुल 17 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति पथ निर्माण विभाग द्वारा प्रदान की गई है। आईआईटी पटना को 45 पुलों के ऑडिट का कार्य सौंपा गया है। इसके अंतर्गत 8.72 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं, आईआईटी दिल्ली को 40 पुलों का सेफ्टी ऑडिट सौंपा गया है। इसके लिए 7.88 करोड़ की राशि अनुमोदित की गई है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा यह कदम पुलों की संरचनात्मक सुरक्षा, स्थायित्व एवं उपयोगकर्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर पुलों के अनुरक्षण, मरम्मत एवं पुनःनिर्माण से संबंधित आवश्यक कार्य योजनाएं बनाई जाएंगी, जिससे राज्य में यातायात सुविधा और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी। साथ ही पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि बिहार राज्य पुल प्रबंधन एवं संधारण नीति-2025 के तहत सभी पुलों,पुलियों का नियमित संधारण किया जाएगा।

# कांग्रेस के एकाधिकार समाप्त करने लिए जनसंघ का हुआ निर्माण : खट्टर

## आपातकालः लोकतंत्र का काला अध्याय विषय पर संगोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। बिहार विधानसभा विस्तारित भवन सभागार में मंगलवार को आपातकालः लोकतंत्र का काला अध्याय विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई है। इस संगोष्ठी में सभी वक्ताओं ने आपातकाल को लेकर अपनी बात रखी। इस संगोष्ठी में शामिल केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि आजादी के बाद एकाधिकार तंत्र से सरकार बनी थी। इस एकाधिकार को समाप्त करने के लिए जनसंघ का निर्माण हुआ। जनसंघ का लक्ष्य एक मजबूत विपक्ष का निर्माण था। एकाधिकार को समाप्त करने के लिए संघर्ष शुरू हुआ। 1967 में यह संदेश गया कि लोकतंत्र के जरिए सरकार बदली जा सकती है। कांग्रेस ने 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया और झूठतंत्र हावी हुआ। उन्होंने कहा कि इसके बाद तानाशाही से देश में आपातकाल लगाया गया। इस दौरान न केवल विपक्ष को कुचला गया, प्रेस की आजादी छीन ली गई। लोकतंत्र मजाक बन गया। संगोष्ठी में भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस संगोष्ठी से युवाओं को आपातकाल को लेकर कई जानकारियाँ मिल रही हैं। उन्होंने आपातकाल को कांग्रेस का काला अध्याय बताते हुए कहा कि इस आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि तब के संस्मरणों को सुनने के बाद आज भी लोग सिहर उठते हैं। उस स्थिति को जानकर समझा जा सकता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में कैसे लोकतंत्र को चलाया जाता था। उन्होंने आपातकाल की चर्चा करते हुए कहा कि इसके जरिए हमारे देश पर स्वार्थ का काला साया पड़ा था। कांग्रेस ने आपातकाल के जरिए देश के संविधान को बंधक बनाया था।

**आपातकाल के दौरान सत्ता की तानाशाही ने संविधान पर संहार किया था : दिलीप**

भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आपातकाल की अवधि में विपक्ष की आवाज दबा दी गई थी, अखबारों और प्रेस पर ताले जड़ दिए गए, न्यायपालिका को नजरअंदाज किया गया और जनता के अधिकारों को कुचल दिया गया। उन्होंने कहा कि सही अर्थों में कहें तो आपातकाल के दौरान सत्ता की तानाशाही ने संविधान पर संहार किया था। उन्होंने कहा कि आज इस संगोष्ठी के जरिए गंभीर विषय पर चर्चा हो रही है। इस अवसर पर संगोष्ठी में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, सांसद भीम सिंह, धर्मशीला गुप्ता, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण राठौर, संजय खंडेलिया, प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा, त्रिविक्रम नारायण सिंह, सुधा सिंह, पटना महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, पटना ग्रामीण अध्यक्ष रजनीश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तेलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में सरकार प्रयासरत : विजय

- बिहार के किसानों को शतप्रतिशत अनुदानित दर पर मिल रहा सोयाबीन बीज

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित खाद्य तेल-तेलहन योजना के तहत बिहार में तेलहन फसलों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य न केवल तेलहन फसलों के आच्छादन क्षेत्र में वृद्धि लाना है, बल्कि किसानों की आय में भी स्थायी रूप से सुधार करना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खरीफ 2025 के दौरान सोयाबीन फसल को विशेष रूप से बढ़ावा देने के लिए तीन जिलों बेगूसराय, लखीसराय और खगड़िया को चिन्हित किया गया है। इन जिलों में 5000 एकड़ भूमि पर फसल प्रत्यक्षण कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत किसानों को 4,000 रुपये प्रति एकड़ अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही, 355 क्विंटल प्रमाणित सोयाबीन बीज 100 प्रतिशत अनुदानित दर पर वितरित किए जा रहे हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य में सोयाबीन बीज उत्पादन को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार द्वारा 100 क्विंटल प्रजनक बीज उपलब्ध कराया गया है, जिसका उत्पादन राज्य के बीज गुणन प्रक्षेत्रों में कराया जा रहा है। इससे न केवल बीज की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि भविष्य में किसानों को स्थानीय स्तर पर बीज सुलभ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को नवीनतम तकनीक से जोड़ने और उत्पादन की दक्षता बढ़ाने के लिए फार्मर्स फील्ड स्कूल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही, योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार के निदेशानुसार प्रत्येक जिले में एक क्लस्टर का निर्माण कर वैल्यु चेन पार्टनर्स के माध्यम से योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन से राज्य में तेलहन फसलों की उत्पादकता में वृद्धि, कृषकों की आत्मनिर्भरता, और आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी, जिससे राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# महिलाओं बच्चियों पर बढ़े अत्याचार पर खामोश क्यों हैं सरकार : राजेश

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। गयाजी जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र के बांके बाजार में 9 साल की नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना के बाद बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम दल बल के साथ गयाजी पहुंचकर सिटी एसपी से शिष्टमंडल के साथ मुलाकात कर नाबालिग बच्ची को न्याय दिलाने के लिए कल देर शाम मुलाकात की। साथ ही उन्होंने प्रेस के माध्यम से परिजनों को हर संघर्ष में साथ देने की बात कह कर ढांढ़स बढ़ाया और उनके लिए न्याय की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का समर्थन दिया। गयाजी पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार में अपराध और अपराधी सरकार के नियंत्रण से बाहर जा चुके हैं। रोजाना सूबे में आपराधिक घटनाएं हो रही है। पुलिस और कानून व्यवस्था का कोई खौफ अपराधियों में नहीं रह गया है और यह सरकार के गिरते इकबाल का परिचायक है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने ट्रैवल एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि अमेरिकी नागरिक भारत में अकेले न घूमें और भारत को बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद से ग्रस्त देश बताया जिसमें बिहार को लेकर विशेष तौर पर यात्रा की मनाही की गई है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ कांग्रेस का शिष्टमंडल जिसमें जिलाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, रजनीश कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी, पूर्व उप महापौर, गया नगर निगम मोहन श्रीवास्तव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष कोंच रिया कुमारी शामिल रहीं, ने सिटी एसपी से मिलकर बच्ची को उचित न्याय और दोषियों को स्पीडी ट्रायल चला कर सजा देने के साथ पीड़िता के परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

# पूर्णिया, मोतिहारी और जमुई जिलों में भी बनेगा तारामंडल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार ने खगौलीय विज्ञान से लोगों को अवगत कराने के लिए तीन नए तारामंडल बनाने को अपनी मंजूरी दी है। जहां अभी पटना के अलावा दरभंगा में तारामंडल संचालित है। वहीं इन तीन तारामंडल के शुरू होने के बाद इसकी संख्या पांच हो जाएगी। जिन तीन जिलों में तारा मंडल बनाने को मंजूरी दी गई है। उनमें पूर्णिया, मोतिहारी और जमुई जिला शामिल है। इन तीनों जिलों में केंद्र सरकार की संस्कृति मंत्रालय की योजना स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ कल्चर एंड साइंस के अंतर्गत की जाएगी। तीनों तारामंडल की स्थापना के लिए 39 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी. जिसमें नीतीश कैबिनेट ने 22.20 करोड की राशि स्वीकृत की है। उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए नेशनल एजेंसी ऑफ साइंस म्यूजियम को एजेंसी बनाया गया है।

पटना के दीघा से कोईलवर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण को मंजूरी

पटना के दीघा से कोईलवर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। नीतीश कैबिनेट ने फैसला किया है कि इस सड़क का निर्माण हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल के तहत कराया जाएगा। बिहार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल दीघा-शेरपुर-बिहटा-कोईलवर तक लगभग 36.65 किमी लंबे मार्ग का जेपी गंगा पथ परियोजना का हिस्सा है। जिसको लेकर खुद नीतीश कुमार ने दिलचस्पी दिखाई थी। अपनी तरह की यह बिहार में यह पहली परियोजना है। 5500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस फोरलेन सड़क का निर्माण चार साल में पूरा होगा। 18 किलोमीटर तक इसमे एलिवेटेड सड़क भी शामिल है। शेष 17.65 किलोमीटर एटग्रेड सड़क होगी। दाना और शाहपुर से इसे जोड़ा जाएगा। पश्चिम में यह सड़क जेपी गंगा सेतु के पास दीघा से कनेक्ट होगा। इस सड़क के बन जाने से आरा और पटना के बीच की यात्रा बेहद आसान हो जाएगी ।

## राजद में न लोकतंत्र बचा, न मर्यादा : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनुप्रिया ने संयुक्त तौर पर मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा और कहा कि आरजेडी में ना तो राजनीतिक नैतिकता बची है और ना ही आंतरिक लोकतंत्र। उन्होंने कहा कि सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव को 13वीं बार पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना ये साबित करता है कि राष्ट्रीय जनता दल के लिए न संविधान मायने रखता है, न लोकतांत्रिक मयादाएं और न ही नैतिकता। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के आरजेडी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से ये स्पष्ट हो गया है राष्ट्रीय जनता दल लालू काल के रास्ते पर ही चलेगा जहां कुशासन, भ्रष्टाचार और खराब कानून व्यवस्था की स्थिति थी। लालू प्रसाद यादव के मामले में न्यायपालिका ने अपना काम किया और उन्हें चारा घोटाले में सजा सुनायी जिसके बाद वो पंचायत स्तर तक का चुनाव लड़ने के अयोग्य हो गए।

# जेपी, लोहिया, कर्पूरी के गुनाहगार हैं राजद प्रमुख : मंगल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि आज से 50 साल पहले 1975 में 24 और 25 जून की मध्यरात्रि में ही देश में आपातकाल लगाकर तत्कालीन कांग्रेस की निरंकुश सरकार ने भारतीय लोकतंत्र को लहूलुहान किया था। इसके प्रतिरोध में जेपी के हुंकार पर पूरा देश उबला और तानाशाही के विरोध में तन कर खड़ा हुआ। मगर दुर्भाग्य है कि इसी आंदोलन की कोख से जन्मे लालू जी ने बाद में कुर्सी बचाने के लिए देश के लोकतंत्र और संविधान को कुचलने वाली उस कांग्रेस से समझौता कर लिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि जेपी के कथित क्रान्तिपुत्र लालू जी ने कांग्रेस से सत्तालोलुप्ता में न केवल अपनी जमीर का सौदा किया बल्कि जेपी, लोहिया और कर्पूरी के गैर कांग्रेसवाद के सिद्धांतों की भी तिलांजलि दे दी। लालू जी सही मायने में लोकनायक जय प्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर के असली गुनाहगार है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वंशवाद की बुनियाद पर खड़ा लालू जी का समाजवाद एक ढोंग और दिखावा था। श्री पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की असली हत्यारी कांग्रेस से आज भी गलबहियां कर बिहार की सत्ता हथियाने का सपना देख रहे लालू जी और उनके कुनबे को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेंगी। आपातकाल के उन दहशत भरे काले दिनों की यादें 50 साल बाद आज भी देश के लोगों में सिहरन पैदा करती हैं।

## सूबे में 6485 किमी ग्रामीण सड़कों का होगा निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 6485 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल ने स्वीकृत किया है। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत 38 जिलों में 6485 किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा। कुल 4079 सड़कों का निर्माण होगा। इस योजना पर 5627 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मंत्रिमंडल ने कोसी-मेची लिंक परियोजना के लिए 6283 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

# नीतीश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं : उमेश



- कहा- बिहार की बागडोर पुनः नीतीश कुमार के हाथों में सौंपना है

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना जरूरतमंदों के लिए वरदान

पटना। बिहार सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना को मंजूरी दिए जाने पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने इस निर्णय को ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहूलियत लेकर आएगी, बल्कि समाज में बेटियों की गरिमा, आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी सुनिश्चित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने हमेशा बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। अब हर पंचायत में विवाह भवन का निर्माण इसी सोच का प्रमाण है। यह योजना उन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान की तरह है, जिन परिवारो में बेटियों की शादियों को बोझ माना जाता था। श्री कुशवाहा ने जानकारी देते हुए कहा कि 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से राज्य की 8,053 ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध ढंग से विवाह मंडपों का निर्माण किया जाएगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों का जीवंत उदाहरण है।

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पंचायतवार/वार्डवार बूथ समितियों की प्रथम चरण की बैठक का आयोजन लगातार चौथे दिन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन बैठकों में बूथ जीतो - चुनाव जीतो के संकल्प को केंद्र में रखकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति को जमीनी स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान नीतीश सरकार की 20 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट को घर-घर तक पहुँचाने के अभियान को गति देने का निर्णय लिया गया, ताकि आमजन को सरकार की जनहितकारी और विकासपरक योजनाओं तथा नीतियों की जानकारी सुलभ रूप से मिल सके। इन बैठकों में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के माननीय जनप्रतिनिधियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों, प्रदेश कमिटी सदस्यों, विधानसभा प्रभारियों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी नीतियों, लोककल्याणकारी योजनाओं और जनसेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वे नीतीश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाएं, अपने-अपने बूथों पर नए साथियों को जोड़ें और एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बिहार की बागडोर नीतीश कुमार के हाथों में सौंपकर विकसित बिहार के सपने को साकार किया जा सके। बैठक में विधानपरिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्यसचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, वरीय नेता अनिल कुमार, परमहंस कुमार तथा मीडिया सेल के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मंडल की भी उपस्थिति रही।

# जरूरतमंदों के बीच साइकिल एवं सिलाई मशीन का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। रोटरी चाणक्य प्राइड एवं पटना ऑब्स्ट्रेक्ट्रिक और गाइनेकोलॉजिकल सोसाईटी की शाखा ब्रेस्ट एण्ड प्यूरपिरल कमिटी के संयुक्त तत्वाधान में राजेंद्र नगर स्थित मोदी क्लिनिक में जरूरतमंद बच्चों के बीच साईकिल एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस मौके पर दोनों संस्था की ओर से 10 स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच साइकिल एवं दानापुर की महिला शोभा जी के सिलाई प्रशिक्षण केंद्र को पांच सिलाई मशीन दिया गया। इस मौके पर रोटरी चाणक्य प्राइड के अध्यक्ष श्वेता मोदी ने बताया कि उनकी संस्था का प्रयास है कि हर जरूरतमंद लोगों को उनके उपयोग की सामग्री मिले ताकि वह भी अपना जीवन अन्य लोगों की तरह सही ढंग से जी सकें। इस मौके पटना आब्सट्रेट्रिक एण्ड गाइनेकोलॉजिकल सोसाईटी के ब्रेस्ट एंड प्युरपेरल हेल्थ कमिटी की चेयरपर्सन डॉ चारू मोदी ने कहा कि बच्चे अगर साइकिल से स्कूल जाएंगे तो उनको बिना किसी खर्च का स्कूल जाने में सहूलियत होगी और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पाब्स की पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रमिला मोदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रोटरी चाणक्य प्राइड की सचिव वीनू भरतिया ने किया। इस मौके पर डॉ गौतम मोदी, निधि बजाज, खुशबू अग्रवाल, निखिल भारतीया, उद्धव मोदी, साकेत सुरेका, सहित बड़ी संख्या में रोटरी चाणक्य प्राइड के सदस्य एवं बच्चों के माता-पिता मौजूद थे।

# महान वीरांगना रानी दुर्गावती का अद्भुत शौर्य हम सबों के लिए प्रेरणास्रोत : उपेन्द्र

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आज पटना स्थित पार्टी कैंप कार्यालय में पार्टी के अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के अन्य साथियों के साथ महारानी दुर्गावती के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उपेंद्र कुशवाहा जी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी का अद्भुत शौर्य हम सबों के लिए प्रेरणास्रोत है। आधुनिक समाज में आज भी खासकर महिलाओं के लिए उनका पूरा जीवन एक प्रेरक कथा की तरह है। अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री संतोष गोंड ने कहा कि मुगल शासन के दमनकारी व्यवहार के खिलाफ महारानी दुर्गावती ने अदम्य साहस का परिचय दिखाया, इसलिए उनका नाम इतिहास के पन्नों में हमेशा हमेशा के लिए दर्ज हो गया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस सभा के माध्यम से महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के शौर्य को स्मरण करते हुए मातृभूमि के प्रति उनके अटूट समर्पण और बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन चौधरी , योगेन्द्र चौहान, अनीश मौर्या, शत्रुघ्न गोंड, रामजीत गोंड, मोहन यादव, अख्तर नेहाल, बैजनाथ शर्मा, अमरेंद्र कुशवाहा, माधुरी पटेल, गंगा पाण्डेय, डॉ वीरेन्द्र दांगी, रामशरण कुशवाहा, सौरभ सागर, अशोक कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में पार्टी के सम्मानित साथीगण एवं पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी भी उपस्थित रहे।

# अब बिहार पर्यटन से जुड़ी सभी जानकारी बस एक क्लिक पर मिलेगी

- पर्यटन मंत्री ने नई विशेषताओं से परिपूर्ण विभागीय वेबसाइट का शुभारंभ किया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अब बिहार पर्यटन से जुड़ी सभी जानकारी आपको बस एक क्लिक पर मिलेगी। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने मंगलवार को पर्यटन निदेशालय सभागार में नई विशेषताओं से परिपूर्ण वेबसाइट का शुभारंभ किया। पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा नए सिरे से विकसित की गई विभागीय वेबसाइट पर न केवल पर्यटकों, पर्यटन प्रेमियों बल्कि शोधकताओं और पर्यटन विभाग की योजनाओं को जानने के इच्छुक लोगों को भी सभी आवश्यक और उपयोगी जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। यह जानकारियों से परिपूर्ण वेबसाइट है, जहाँ बिहार राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थलों की जानकारी सर्किट और जिलेवार उपलब्ध कराई गई है। यह वेबसाइट हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जानकारी प्रदान करेगी। जिसका मंत्री द्वारा शुभारंभ किया गया है। मंत्री ने उक्त अवसर पर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वेबसाइट पर प्रमुख पर्यटन सर्किट जैसे- बुद्ध सर्किट, जैन सर्किट, सिख सर्किट, रामायण सर्किट, इको सर्किट, सूफी सर्किट और गांधी सर्किट से संबंधित स्थलों की विस्तृत जानकारी दी गई है। प्रत्येक सर्किट के अंतर्गत आने वाले स्थलों के इतिहास, धार्मिक महत्ता और वहां उपलब्ध पर्यटन सुविधाओं का विवरण भी उपलब्ध है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित सभी वार्षिक कार्यक्रमों की सूची वेबसाइट पर दशार्यी गई है, जिससे पर्यटक इन आयोजनों की पूर्व जानकारी लेकर अपनी यात्रा की योजना बना सकें। जिलेवार स्थलों की जानकारी के अतिरिक्त, वेबसाइट पर मान्यता प्राप्त पर्यटक गाइडों, टूर ऑपरेटरों और होटलों की सूची भी उपलब्ध करायी गयी है, जिससे यात्रियों को पर्यटन विभाग द्वारा प्रमाणित सेवाएं प्राप्त हो सकें। मंत्री ने बताया कि पर्यटक वेबसाइट से बिहार पर्यटन के ब्रोशर और मानचित्र को भी सर्किट नहीं बल्कि जिलेवार डाउनलोड कर सकते हैं, जिससे उन्हें यात्रा में अधिक सुविधा मिले। इसके साथ ही नवीनतम अपडेट्स, कार्यक्रमों और आकर्षक वीडियो देखने के लिए बिहार टूरिज्म के फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पेज को फॉलो किया जा सकता है। इस वेबसाइट पर विभाग द्वारा संचालित नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की भी पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। उदाहरण के लिए बिहार पर्यटन नीति, मुख्यमंत्री होमस्टे बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना, बिहार पर्यटन मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग नीति आदि की पूर्ण विवरणी आप यहां से प्राप्त कर सकते हैं। मंत्री ने बताया कि आनेवाले दिनों में इस वेबसाइट पर बिहार पर्यटन नीति के आवेदन के फॉर्म, मुख्यमंत्री होम स्टे बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना, होटल तथा टूर ऑपरेटर के मान्यता से संबंधित आवेदन भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाने हैं। इसके साथ ही बिहार पर्यटन विभाग का मोबाइल एप भी निमाणाधीन है, जिसपर भी वेबसाइट की पूरी सुविधा उपलब्ध होगी। पर्यटकों को आने वाले समय में समयानुसार विभाग की वेबसाइट एवं मोबाइल एप से टूर पैकेज बुक करने की भी सुविधा प्राप्त हो सकेगी। आमलोगों के सुझावों के अनुरूप इस वेबसाइट में पर्याप्त सुधार भी किए जा सकेंगे। हर पर्यटन स्थल की जानकारी के साथ स्थानीय पुलिस-प्रशासन का नंबर वेबसाइट पर उपलब्ध कराने हेतु उन्होंने निदेश भी दिए, सचिव ने संबंधित पदाधिकारियों को तुरंत इस दिशा में काम पूर्ण करने हेतु निदेश दिए।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना एयरपोर्ट पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया

## संक्षिप्त खबरें

### साहित्यकार संजय पंकज को मिलेगा दीनानाथ शरण स्मृति सम्मान

मुजफ्फरपुर। जाने-माने साहित्यकार एवं कवि डाक्टर संजय पंकज को इस वर्ष दिए जाने वाले डाक्टर दीनानाथ शरण स्मृति सम्मान के लिए चयनित किया गया है।यह जानकारी बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डाक्टर अनिल सुलभ ने संजय पंकज को एक पत्र के माध्यम से दी है। पत्र में कहा गया है कि सुविख्यात हिन्दी-सेवी और पत्रकार डा दीनानाथ शरण की स्मृति में प्रतिवर्ष दिए जाने वाले स्मृति-सम्मान के लिए, इस वर्ष आपके नाम का चयन किया गया है।यह सम्मान डा शरण की जयंती पर, आगामी 26 जून को सम्मेलन-सभागार में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। संजय पंकज को सम्मान स्वरूप 11 हजार रुपए सहित वन्दन-वस्त्र और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### उत्तर बिहार में अगले चार-पांच दिनों में अच्छी बारिश की सम्भावना

मुजफ्फरपुर। मानसूनी बारिश का इंतजार अब खत्म हुआ। अगले 4--5 दिनों में उत्तर बिहार के जिलों में हल्की से मध्यम बिरिश की सम्भावना है। यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 25 से 29 जन तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान में दी गई है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 33.6 एवं 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इस अवधि में 30 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई। दिनांक 25-29 जून तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तर बिहार के अनेक स्थानो पर हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। समस्तीपुर, बेगुसराय, वैशाली, सारन, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, तथा पूर्वी चम्पारण जिलों में अगले 3-4 दिनों में अनेक स्थानों पर हलकी वर्षा होने की सम्भावना है। उसके बाद 28-29 जून को उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर मध्यम वर्षा हो सकती है। पूर्वी तथा पश्चिम चम्पारण जिलों में कुछ स्थानों पर पूर्वानुमानित अवधी में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है।

### चकहबीब से 360 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

विभूतिपुर : मद्य निषेध इकाई पटना से प्राप्त सूचना के आलोक में थाना पुलिस ने चकहबीब में छापेमारी कर 360 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में पूर्व के शराब धंधेबाज राजा कुमार समेत अन्य को आरोपित किया गया है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि आरोपित के पुराने आटा चक्की वाली जमीन के बगल से अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। पीटीसी मुकेश कुशवाहा के बयान पर थाने में कांड अंकित की गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सघन छापेमारी कर रही है।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थियों का उत्साहपूर्ण सहभागिता

मधुबनी वज्ञापन संख्या 01/25 के अंतर्गत मधुबनी जिले में गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु आज दिनांक 24 जून 2025 को शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए कुल 1400 पुरुष अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था, जिसमें से 842 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। शारीरिक दक्षता के पहले चरण – दौड़ परीक्षा – में सम्मिलित 842 अभ्यर्थियों में से कुल 240 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। इसके पश्चात ऊंचाई मापदंड की जांच की गई, जिसमें 22 अभ्यर्थी मानक पर खरे नहीं उतर सके और असफल घोषित कर दिए गए।अंततः योग्य अभ्यर्थियों के लिए ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 218 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय : उपराष्ट्रपति

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक, बौद्धिक और संवैधानिक विरासत को स्मरण करते हुए कहा कि, ह्वयह केवल एक राज्य नहीं, यह भारत की आत्मा है, जहाँ बुद्ध और महावीर का बोध, चंपारण का प्रतिरोध और डॉ. राजेंद्र प्रसाद का संविधान निर्माण, सब एक ही धरातल पर मिलते हैं।ह्वराज्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बोलते हुए श्री धनखड़ ने कहा, ह्वहम अक्सर दिमाग की सुनते हैं, दिल की सुनते हैं, पर हमें आत्मा की भी सुननी चाहिए। और बिहार की भूमि इसके लिए प्रेरणा का स्रोत है, यह वही भूमि है जहां बुद्ध को ज्ञान मिला, यही भूमि है जहां महावीर को आत्मिक जागरण हुआ – यही भूमि भारत की दार्शनिक नींव का जन्मस्थल है।ह्व उन्होंने कहा, ह्वबिहार वह भूमि है जहाँ प्राचीन ज्ञान, सामाजिक न्याय और आधुनिक आकांक्षाएं साथ-साथ चलती हैं। बिहार की कथा, भारत की कथा है – और यही वह यात्रा है, जो भारत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाएगी। जब आजादी की बात होती है, तो चंपारण सत्याग्रह का उल्लेख अनिवार्य है, जो बिहार की पवित्र भूमि पर हुआ था। 1917 में महात्मा गांधी जी ने अपना पहला सत्याग्रह आंदोलन चंपारण में शुरू किया। उन्होंने किसान की समस्या को राष्ट्रहित का आंदोलन बना दिया। चंपारण ने केवल औपनिवेशिक अन्याय को चुनौती नहीं दी, बल्कि शासन की एक नई व्याकरण की शुरूआत की – जो सत्य, गरिमा और निडर सेवा पर आधारित थी।ह्व वे आज यहां ललित नारायण मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के 24 वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री धनखड़ ने कहा कि, बिहार प्राचीन समय में वैश्विक शिक्षा का केंद्र था – नालंदा, विक्रमशिला और ओदांतपुरी – ये केवल विश्वविद्यालय नहीं थे, ये सभ्यता थे। पाँचवीं शताब्दी में नालंदा एक रेजिडेंशियल यूनिवर्सिटी थी, जहाँ चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत और मध्य एशिया से लोग ज्ञान अर्जित करने आते थे। वहाँ 10,000 विद्यार्थी और 2,000 आचार्य रहते थे। यह तीनों संस्थान हमारे लिए हमेशा प्रेरणा रहेंगे कि हम कहाँ थे और हमें कहाँ पहुँचना है। आज भी ऑक्सफोर्ड, हार्वर्ड और कैम्ब्रिज को मिला लें, तो नालंदा की बराबरी नहीं हो सकती। नालंदा विश्वविद्यालय पर विदेशी आक्रांताओं के बर्बर आक्रमण को ज्ञान की परंपरा पर प्रहार बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, 1192 के आसपास बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी को जला दिया, और वो महीनों तक जलती रही। पर ज्ञान की ज्योति बुझी नहीं – भारत आज भी विश्व का सबसे बड़ा ज्ञान भंडार है। विज्ञान में जो कुछ भी आज हो रहा है, उसकी जड़ें हमारी प्राचीन परंपरा में मौजूद हैं।ह्वडॉ. ललित नारायण मिश्रा और डॉ. जगन्नाथ मिश्र की दूरदृष्टि की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ह्वइस कॉलेज को यूजीसी द्वारा विशिष्ट पहचान दी गई है – एक ऑटोनॉमस कॉलेज होते हुए, यह मान्यता एक बड़ी उपलब्धि है। मैं इस संस्था से जुड़े सभी लोगों को बधाई देता हूँ – यह संकाय और छात्रों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, वैदिक सिद्धांतों में कहा गया है – ह्वसा विद्या या विमुक्तये; अर्थात ज्ञान वही है जो मुक्ति की ओर ले जाए। हमारे देश में शिक्षा हमेशा मूल्य-आधारित रही है। किसी भी कालखंड में शिक्षा का न तो व्यवसायीकरण हुआ है और न ही इसे एक वस्तु के रूप में देखा गया है। हमारी जो शिक्षा प्रणाली है, वह चरित्र निर्माण करती है, हमें जीवन मूल्यों से जोड़ती है। मैं आज की थीम – ह्वभारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का दृष्टिकोणह्व – की प्रशंसा करता हूँ। यह विषय गंभीर महत्त्व का है, निर्णायक प्रभाव डालने वाला है और यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं विकास की दिशा को परिभाषित करेगा। बिहार के सपूत डॉ राजेंद्र प्रसाद की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, ह्वजब सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन हुआ, तो भारत के पहले राष्ट्रपति और इस भूमि के सपूत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने विरोधों के बावजूद डटकर उसे संपन्न किया। जैसे वे संविधान सभा में डटे रहे, वैसे ही यहां भी – बिना विचलित हुए। संविधान सभा में बहस, संवाद, विमर्श और मनन हुआ – कभी व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। यही लोकतंत्र है।

# पश्चिमी कोसी नहर का जल खेतों तक पहुचाने हेतु समिति गठित

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला कृषि कार्यबल की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं, उर्वरक की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, नलकूप की मरम्मति एवं कृषि योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने पश्चिमी कोसी नहर का जल खेतों तक पहुँचाने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुपस्थित सुखेत, झंझारपुर और बेनीपट्टी के कृषि वैज्ञानिकों से जवाब-तलब किया गया। साथ ही बिस्फी के कृषि समन्वयक जुबेर अहमद से कार्य में लापरवाही को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अस्वीकृत आवेदनों की जांच हेतु जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों में पाँच प्रतिशत आवेदन की जाँच कर प्रतिवेदन देने को कहा। उर्वरक वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और खुदरा विक्रेताओं की नियमित निगरानी करने का निर्देश भी दिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बंद पड़े नलकूपों की मरम्मति शीघ्र कराई जाएगी और जिन किसानों के खेतों में खंभे लगे हैं, उन्हें शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। कृत्रिम गभार्धान एवं प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया।इस अवसर पर पशुपालन, गव्य विकास, उद्यान, विद्युत एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी तथा प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

# बेनीपुर विधायक ने एच्छिक कोष से नवनिर्मित कमला छठ घाट का किया लोकार्पण

प्रात: किरण संवाददाता

बिरौल(दरभंगा)।विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल निर्देशन में दो दशक पूर्व जो न्याय के साथ विकास की यात्रा प्रारंभ हुई वह अनवरत जारी हैऔर आप लोगों का सहयोग इसी तरह बना रहा तो आने वाले समय में यह गति और तेज होगी और बिहार एक विकसित राज्य की श्रेणी में गिना जाएगा।वे मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिरौल प्रखंड के अरगा उसरी पंचायत में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत विधायक एच्छिक कोष से कमला नदी में नवनिर्मित कमला छठ घाट का लोकार्पण कर रहे थे।इस दौरान उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास की यात्रा में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं बरती जा रही है सभी जाति वर्ग धर्म एवं समुदाय को विकास के मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।विधायक श्री चौधरी ने दो दशक पूर्व के बिहार की याद दिलाते हुए कहा कि बिहार के नाम पर राज्य से बाहर लोगों को गाली सुनना पड़ता था लेकिन आज वह भयावह और काली अंधियारी समय बीत चुकी है।लोग आज बिहारी होने पर गर्व महसूस कर रहे हैं।हर क्षेत्र में विकास की डंका बज रही है।सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य,पेयजल,बिजली,सहित सभी मलभूत समस्याओं का निदान कर दिया गया है।हर क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुआ हैऔर आप लोगों का सहयोग यदि कायम रहा तो यह गति और तेज होगी और आने वाले 5 सालों में बिहारअग्रणी राज्यों में गिना जाएगा।सभी आधारभूत संरचना सुद्दढ़ होने के बाद हर हाथ को कामऔर हर खेत को पानी पर काम द्रुत गति से किया जा रहा है।सिंचाई की व्यवस्था सुदृढ़ होने के पश्चात अब रोजगार की व्यवस्था की जा रही है जिसमें सरकारी नौकरी के साथ-साथ रोजगार के नए-नए अवसर पैदा किया जा रहे हैं।जिससे आम लोग लाभान्वित हो रहे हैं।मौके पर युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह, पूर्व मुखिया राधेश्याम मंडल, जदयू नेता बीरबल राय,शैलेन्द्र चौधरी, रामशंकर मंडर,राज नारायण मंडल,प्रेम लाल मंडल,कैलाश कुमार,लालो पासवान,विष्णु मांझी, महेंद्र राम,भोला मंडल,सुधीर कुमार, श्याम मुखिया,नरेश मंडल, भीलों राम,सत्यनारायण सिंह, राम नारायण दास,नरेश दास,भोला दास,राजेंद्र मंडल,चंद्रदीप यादव,हरेराम दास,रामविलास राम, सीताराम दास सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# बिहार में बदलाव की चौतरफा लहर है : दीपांकर भट्टाचार्य




प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भाकपा-माले के राज्य व्यापी बदलो सरकार-बदरो बिहार अभियान के तहत आज जिले के कटरा प्रखंड के कटाई पंचायत अंतर्गत उफरौली बाजार मैदान में औराई विधानसभा स्तरीय बदलो बिहार जनसंवाद सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन भाकपा-माले औराई-कटरा प्रखंड के सचिव मनोज कुमार यादव ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार बिहार को बर्बाद करके रखे हुई है, पूरे बिहार को बेरोजगारी में धकेल दिया गया है बिहार में अपराध का राज है इसलिए अब बिहार को बदलना है। बिहार के होने वाले चुनाव पर पुरे देश की नजर है कि बीस सालों से रोजगार छीन रही सरकार को अब बदलना है।उन्होने कहा कि महिलाओं की सभी तरह की कर्ज माफी करनी होगी और 4प्रतिशत की दर पर लोन देना होगा।

आरएसएस का कोटा राज्य में चल रहा है!क्या इस कोटा से विश्वविद्यालयों में नियुक्ति हो रही है? सुना है कि थाने और पुलिस में भी आरएसएस के लोगों को वरीयता दी जा रही है।आंबेडकर का नाम लेकर संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है और संविधान के भेद भाव रहित समाज के सपने को तहस नहस कर रहे हैं। जमीन छीनने के लिए वक्फ कानून संशोधन लाया गया है।बिहार की बात करते हैं लेकिन बिहारियों को दिल्ली में खदेड़ने में लगे हैं।गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।झूठ बहुत हो गया,नफरत की राजनीति बहुत हुई,अब इसे बदला जाना चाहिए। देश की आजादी खतरे में है।अंग्रेजों की दलाली करने वाले लोग आजकल ट्रंप की दलाली कर रहे हैं।बिहार को इसकी अगुवाई करनी होगी।भाकपा माले समाज में दलित वंचितों को जोड़कर बड़ी एकता बना रही है,महागठबंधन दलों की एकता से भाजपा की यह नीतीश सरकार जाएगी। पिछले चुनाव में हमारी पार्टी औराई विधान सभा से चुनाव लड़ी थी लेकिन कुछ वोटों से हम पीछे रह गये थे। इस बार पूरे बिहार में बदलाव की चौतरफा लहर है।जंसवाद सभा को भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो सदस्य व खेग्रामस के राष्ट्रीय महासचिव धीरेन्द्र झा, ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव व माले पोलित ब्यूरो सदस्य मीना तिवारी, विधानपरिषद सदस्य शशि यादव, पुर्व विधायक मनोज मंजिल, राज्य महिला आयोग की पुर्व राज्य अध्यक्ष मंजू प्रकाश, आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाकपा-माले राज्य कमिटी सदस्य आफताब आलम, खेग्रामस के राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी,भाकपा-माले दरभंगा के जिला सचिव बैधनाथ यादव, इंसाफ मंच बिहार के उपाध्यक्ष नेयाज अहमद, भाकपा-माले मुजफ्फरपुर के जिला सचिव कृष्णमोहन ,माले राज्य कमिटी सदस्य संतोष सहर,व औराई-कटरा प्रखंड कमिटी के सदस्य मोहम्मद जावेद ने भी सभा को संबोधित किया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रथम प्रशासिका की पुण्यतिथि मनाई गई



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दरभंगा के मुख्य सेवाकेंद्र लेहरियासराय में ब्रह्माकुमारीज के मुख्य प्रशासिका जगदंबा सरस्वती जी के 60वां पुण्यतिथि बहुत ही श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संस्था की दरभंगा जिला की प्रमुख राजयोगिनी आरती बहन जी ने कहा कि जगदंबा मां का जीवन हम सबके लिए श्रेष्ठ एवं अनुकरणीय है।उन्होंने हम लोगों को बताया कि वर्तमान की विपरीत परिस्थिति व नकारात्मक माहौल में भी स्वयं को कैसे सकारात्मक एवं शांत रख सकें। उनका जीवन देखकर के दूसरे भी प्रेरणा लेते थे कि हमें भी अपने जीवन को पवित्र व स्वच्छ बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि मम्मा कभी किसी को अपने बातों से नहीं समझाती लेकिन अपने व्यवहार एवं उनके आचरण ही दूसरों के लिए शिक्षा था।उन्होंने परमात्मा से अपनी ऊंची स्थिति को जोड़कर दूसरों को भी ऐसा महान बनने की प्रेरणा दी । इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ राजयोगी शिक्षक सुधाकर भाई ने कहा कि मम्मा ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थापना 1936 में ही जुड़ी और अपने छोटी उम्र यानी 21 साल की उम्र में उन्हें जगदंबा यानी मां का टाइटल मिला यह उनके ऊंचे चरित्र उनके श्रेष्ठ चलने के तरीका को दिखाता है।उन्होंने आगे कहा कि आज समाज के आगे विशेष कर हम सब जो ब्रह्माकुमारी से जुड़े हैं उन सबके लिए वे अनुकरणीय, उदाहरण मूर्त एवं श्रेष्ठता की मूर्ति हैं। इस दिवस को हम सब स्नेह दिवस के रूप में भी मनाते हैं सभी ने विशेष मेडिटेशन के द्वारा समाज में शांति के लिए अपना अपना योगदान दिए। इस कार्यक्रम में डॉ मीना महासेठ ,रमेश चावला, हरदेव भाई ,जास्मीन बहन , माला बहन, चांदनी बहन आदि उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से माध्यम से की बड़ी बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय ! समाहरणालय लखीसराय स्थित ठक्ख के सभा कक्ष में मुख्य सचिव, बिहार, अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक सभी जिलों के जिला पदाधिकारी एवं प्रमंडलीय आयुक्त के साथ आयोजित की गई। मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा की जाती है। इस बार चतुर्थ मंगलवार को राजस्व एवं भूमि सुधार, सामान्य प्रशासन विभाग, खेल विभाग, खनन विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, परिवहन विभाग, गृह विभाग, निर्वाचन विभाग इत्यादि की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव,अमृतलाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के क्रम में निदेश दिया कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना का लाभ हर हाल में आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। यह भी निदेश दिया गया कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्य में गति लाएं। राजस्व एवं भूमि सुधार की समीक्षा के अंतर्गत अभियान बसेरा 2 में लाभुकों को जांचोपरांत शीघ्र ही भूमि के पर्चे से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में डीएम मिथिलेश मिश्र के साथ अपर समाहर्ता सुधांशु शेखर, जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा शशि कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद,विशेष कार्य पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय राष्ट्रीय संगीत कार्यशाला संपन्न




प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। विश्व संगीत दिवस 2025 के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय संगीत कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह पंडित समीर भालेराव के शिक्षण के साथ संपन्न हुआ। ध्यातव्य हो कि सात दिनों तक ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंतिम दिवस के सत्र का मुख्य विषय संगीत शास्त्र और राग परम्परा था। उप विषय के अंतर्गतह्वबिहार के विश्वविद्यालयों में संगीत शिक्षा और शिक्षकों का योगदानह्व भी समाहित किया गया था। फलतः बिहार के विश्वविद्यालयों के विद्वान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस कार्यशाला में महत्वपूर्ण भागीदारी दी।

कार्यशाला में आकर्षण का केंद्र रहे ग्वालियर घराना के प्रसिद्ध गायक एवं गुरु पंडित समीर भालेराव जिनकी कार्यशाला 21 और 22 जून को आयोजित की गई, जो अत्यंत मनोरम और महत्वपूर्ण रहा।

अनेक सम्मानों से सम्मानित पंडित भालेराव ने देश के विभिन्न प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त सम्मेलनों में अपने गायन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया है।संपूर्ण कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए स्मरणीय रहा। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह ह्वकाव्याह्व ने कार्यशाला के सभी विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी का हृदय से अभिवादन किया।

# छात्र-छात्राओं को समय की मांग के हिसाब से रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराना है : कुलपति

## विद्यापति सेवा संस्थान ने कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी का किया भव्य अभिनंदन

प्रात: किरण संवाददाता




दरभंगा।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक विकास की असीमित संभावनाएं मौजूद हैं। आने वाला समय मिथिला विश्वविद्यालय का होगा और इसके सर्वांगीण विकास के दरवाजे चारों दिशाओं में खुलेंगे। यह बात ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को विद्यापति सेवा संस्थान के तत्वावधान में उनके तीन वर्षीय कार्यकाल का पहला सफल डेढ़ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कार्य संस्कृति में अपेक्षित सुधार होने के बाद उनकी प्राथमिकता पारंपरिक शिक्षा की गुणवत्ता को दुरूस्त करने के साथ ही छात्र-छात्राओं को समय की मांग के हिसाब से रोजगारोन्मुखी गैर पारंपरिक पाठ्यक्रम के विकल्प उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय निकट भविष्य में ही गुजरात के एआरसी लैब के साथ एमओयू साइन कर फोरेंसिक साइंस पर आधारित छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के शुरू हो जाने से समय के माकूल जहाँ छात्रों को कैरियर का बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा वहीं यह विश्वविद्यालय पूर्वी जोन का ऐसा पहला विश्वविद्यालय होगा जहां इसकी पढाई होगी।

इसके शुरू होने से पुलिस प्रशासन को भी फोरेंसिक प्रशिक्षण में काफी सुविधा मिलेगी। अपने संबोधन में उन्होंने इस साल के अंत तक दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के भी प्रारंभ हो जाने की प्रबल उम्मीद जाहिर की। उन्होंने डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू की प्रशंसा करते कहा कि इनके जैसे निःस्वार्थी लोग विश्वविद्यालय की मूल पूंजी हैं। स्थानीय एमएलएसएम कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा शंभु कुमार यादव ने की। अनुपमा मिश्र गोसाउनि गीत कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी, रूसा के उपाध्यक्ष डा कामेश्वर झा, उच्च शिक्षा निदेशक प्रो नवीन कुमार अग्रवाल, मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा घनश्याम राय, विद्यापति सेवा संस्थान के अध्यक्ष सह कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो शशिनाथ झा, पं कमलाकांत झा, विद्यापति सेवा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डा बुचरू पासवान, महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू आदि ने सम्बोधित किया। अभिनंदन समारोह में संस्थान के मीडिया संयोजक प्रवीण कुमार झा,प्रो रमेश झा, अरुण सिंह, गोपाल चौधरी, डा रामसुभग चौधरी, विनोद कुमार झा, रंगनाथ ठाकुर, उत्सव पराशर, डा सुधीर कुमार मिश्र, डा चंद्रनाथ मिश्र, डा गणेश कांत झा, दुगानंद झा आदि समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# ईरान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा सैन्य हमले का एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने किया विरोध

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने जुलूस निकाल कर ईरान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा किये गए बर्बर सैन्य हमले का कड़ा विरोध किया। जुलूस मोतीझील स्थित जिला कार्यालय परिसर से निकला जो तिलक मैदान रोड, जवाहरलाल रोड होते हुए कल्याणी पहुंचा।कल्याणी चौक पर लोगों को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि सभी अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की चेतावनियों को भी नजरअंदाज कर जंगखोर अमेरिका ने ईरान पर सैन्य हमला किया है। ऐसा कर उसने शांतिप्रिय विश्व जनमत का भी तिरस्कार किया गया है। अर्जुन कुमार ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवादी दरिंदों ने पहले मध्य पूर्व में अपने फ्रंट ऑफिस जायोनी इजरायल को गाजा में नरसंहार करने के लिए उकसाया और लाखों निर्दोष व असहाय फिलिस्तीनियों को मार डाला और अब ईरान पर अकारण घातक सैन्य हमला किया है ताकि ईरान उनके हुक्म के आगे झुक जाए, जिससे क्षेत्र पर उनके वर्चस्व का विस्तार हो सके और यह सुनिश्चित हो सके कि उनके आधिपत्य की साजिश को चुनौती नहीं दी जा सके। लेकिन ईरान के लोगों द्वारा किये गए बहादुराना प्रतिरोध से इस घिनौनी साजिश को नाकाम किया जा रहा है। इजरायल द्वारा किये गए सैन्य हमले से ईरान को काबू में करने में विफल होने के बाद, अमेरिका ने अब सीधे ईरान पर हमला कर दिया है। उन्होंने अमेरिकी साम्राज्यवादियों से ईरान पर इस क्रूर सैन्य हमले को तुरंत रोकने को कहा। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल ईरान पर नहीं, बल्कि पूरी मानवजाति पर हमला है और यह विश्व शांति के खिलाफ है। हम दुनिया के सभी शांतिप्रिय लोगों से अपील करते हैं कि वे एकजुट हों और अमेरिकी साम्राज्यवादी दरिंदों के इस जघन्य आक्रमण के खिलाफ विरोध की आवाज बुलंद करें। जुलूस में शामिल लोग जंगखोर अमेरिका ईरान से दूर हटो, युद्ध पिपासु अमेरिका-इजराइल ईरान पर हमले बंद करो, रक्त पिपासु अमेरिका- इजरायली गठजोर मुदार्बाद, ईरान फिलिस्तीन पर अमेरिकी हमले का विरोध करें, साम्राज्यवादी युद्ध के खिलाफ दुनिया की जनता एक हो आदि नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में कालिकांत झा, संजीत मांझी, अरविंद कुमार, आशुतोष कुमार, वैद्यनाथ पंडित, मोहम्मद कलाम,रुपा कुमारी, विजय राम,उदय झा,उत्पल कुमार , विजय कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# भारत-नेपाल सीमा पर तैनात जवानों की सतर्कता से बड़ी खेप बरामद

- अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध एसएसबी की दोहरी सफलता

प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी भारत-नेपाल सीमा पर अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध अभियान में 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जयनगर की एफ कंपनी, मधवापुर के जवानों को आज दो बड़ी सफलताए मिली। नियमित गश्ती के दौरान दो अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाइयों में जवानों ने नेपाल से लाई जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।पहली कार्रवाई सुबह लगभग 7:40 बजे सीमा स्तंभ संख्या 295/5 से लगभग 2.5 किलोमीटर भारत की ओर की गई। इस दौरान जवानों ने 119 बोतल नेपाली सोफी शराब (300 मि.ली.) और एक हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की। इस मामले में दो युवको को गिरफ्तार किया गया श्याम कुमार उम्र लगभग 22 वर्ष पिता सुरेश राम निवासी कुशैल थाना पुपरी, जिला सीतामढ़ी तथा कुणाल कुमार (उम्र लगभग 18 वर्ष), पिता संजीत पासवान, निवासी वही।दूसरी कार्रवाई उसी दिन सुबह करीब 8:15 बजे बीपी संख्या 295/5 से लगभग 1.5 किलोमीटर भारत की ओर की गई। इस दौरान 31 बोतल मैक डॉवेल नंबर 1 (375 मि.ली.) और 10 बोतल मैक डॉवेल नंबर 1 (180 मि.ली.) के साथ एक होंडा रढ125 मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस कार्रवाई में राम बाबू राम (उम्र लगभग 35 वर्ष) पिता खेड़न राम निवासी गौरी थाना नानपुर जिला सीतामढ़ी को गिरफ्तार किया गया।जब्त की गई समस्त सामग्री और गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु मधवापुर थाना को सौंप दिया गया है।इस उल्लेखनीय सफलता पर 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कमांडेंट गोविन्द सिंह भण्डारी ने जवानों को बधाई देते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए एसएसबी पूरी तरह से सतर्क है और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# संदेहास्पद स्थिति में अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु जमीनी विवाद में उलझे मामले की पुलिस कर रही है जांच



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में मंगलवार को एक अधेड़ व्यक्ति की संदेहास्पद परिस्थिति में मृत्यु हो गई। मृतक को अचेत अवस्था में देख वहां मौजूद लोगों द्वारा तुरंत सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मामले की सूचना मिलते ही नगर थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए। उन्होंने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है। घटना से संबंधित पूछताछ के लिए दो व्यक्तियों को थाना बुलाया गया है। नगर थाना अध्यक्ष ने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस हर पहलू पर गहराई से जांच कर रही है और शीघ्र ही घटना की सच्चाई सामने लाई जाएगी। इस रहस्यमय मृत्यु से न्यायालय परिसर में एक समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया था, लेकिन स्थिति को शीघ्र ही सामान्य कर लिया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में ऑनलाइन दाखिल खारिज की अद्यतन प्रगति समीक्षात्मक बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही आधार सीडिंग की वर्तमान प्रगति की अंचलवार समीक्षा के क्रम में सभी अंचलों को आगामी कुछ दिनों के भीतर शत प्रतिशत आधार सीडिंग को पूर्ण करने हेतु ठोस कारवाई का निर्देश दिया गया है। ऑनलाइन दाखिल खारिज की अद्यतन प्रगति समीक्षा क्रम में बनमां ईटहरी, कहरा, महिषी, नवहट्टा, पतरघट, सलखुआ, सतर कटैया, सौर बाजार, सिमरी बख्तियारपुर एवं सोनवर्षा में अनेकों आवेदन निर्धारित समय सीमा पश्चात लंबित पाया गया है। उन्होंने आवेदन को एक सप्ताह के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। अंचलवार ई मापी संबंधित मामलो के अद्यतन स्थिति समीक्षा के क्रम में लंबित मामले पाए गए है। जिसको अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया की परिमार्जन प्लस के संदर्भ में अंचल अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी स्तर पर अनेकों आवेदन लंबित है, तदनुसार लंबित आवेदनों को अविलंब निष्पादित करने का निर्देश सभी अंचलों को दिया गया दिया गया है। अभियान बसेरा की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति समीक्षा के क्रम में सभी अंचलाधिकारियों को आगामी 15 दिनों में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कम से कम 50% उपलब्धि हेतु ठोस कारवाई का निर्देश दिया गया है। सभी अंचलाधिकारियों को भू समाधान पोर्टल पर शत प्रतिशत आवेदन अपलोडिंग हेतु निर्देशित किया गया है एवं पूर्व से निर्देशित सरकारी भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने से संबंधित कार्य अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। आतंरिक संसाधन अंतर्गत विभागवार यथा:वाणिज्य कर विभाग, निबंधन विभाग, परिवहन विभाग, माप एवं तौल कार्यालय, कृषि कार्यालय, वन प्रमंडल कार्यालय, जिला खनन कार्यालय आदि द्वारा लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण समीक्षा के क्रम में कुछ कार्यालयों यथा: माप तौल, जिला खनन आदि का प्रदर्शन राजस्व संग्रहण के संदर्भ में अपेक्षाकृत निर्धारित लक्ष्य के तुलना में कम पाया गया है, तदनुसार उक्त वर्णित कार्यालयों को राजस्व संग्रहण में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार को आयोजित होने वाले बैठक से पूर्व खनन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, जनसंपर्क विभाग, खेल विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, सामान्य शाखा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग परिवहन विभाग आदि द्वारा किए जा रहे लंबित कार्यों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा की गई एवं अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के शत प्रतिशत निष्पादन हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त संजय कुमार निराला, अपर समाहर्ता निशांत, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन संजीव कुमार चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे।

# डीएम की अध्यक्षता में कार्यालय वेश्म में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात प्रबंधन को ले हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के कार्यालय वेश्म में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में आयोजित किए गए बैठक की कार्यवाही के अनुपालन से संबंधित समीक्षा करते हुए प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में छोटी तथा बड़ी वाहनों के परिचालन को रेगुलेट करने पर परिचर्चा किया गया। ओवर लोडिंग करने वाले वाहनों एवं अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों पर सख्ती बरतते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। हिट एंड रन मामले में मुआवजा संबंधित कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति के मूल उद्देश्य जनता की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु स्पीडिंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित आदि सड़क सुरक्षा के मानक नियमों के संबंध में पदाधिकारी द्वारा सघन चेकिंग हेतु पुलिस उपाधीक्षक यातायात तथा लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी का प्रचार प्रसार कराने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी एवं मोटरयान निरीक्षक को निर्देश दिया गया। एंबुलेंस की सुविधा दुरुस्त रखने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, गोल्डन आवर में ससमय उपचार करने हेतु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में हुई जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक**

मधेपुरा जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कार्यालय वेश्म में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर समीक्षा की गई। बताया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित अवधि तक खनन स्वामिस्व का भुगतान नहीं होने की स्थिति में बकायेदारों से खनन स्वामिस्व की वसूली हेतु प्राथमिकी सहित अन्य कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। समाहर्ता द्वारा सहायक निदेशक एवं खान निरीक्षक को निदेशित किया गया कि जिले में संचालित सभी ईंट-भट्ठों का जाँच एपिकोलेक्ट ऐप के माध्यम से करा लिया जाए। साथ ही अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 95 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी का निधन

तारापुर (मुंगेर) । तारापुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले कुशवाहा बाहुल्य गांव निवासी 95 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी शशि प्रसाद सिंह का निधन सोमवार की देर रात्रि में हो गई । गौरतलव है कि उनके निधन की खबर सुनते ही बिहमा सहित क्षेत्र के आसपास के गांवों में सामाजिक कार्यकर्ता , विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों एवं स्थानीय प्रशासन के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी । स्वतंत्रता सेनानी रहे श्री सिंह का पार्थिव शरीर बिहमा उनके पैतृक आवास पर मंगलवार के दोपहर तक रखा गया ।जहां क्षेत्र के लोगों ने घटना की सूचना पाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार , लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह , राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा , पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा , जनसुराज के वरिष्ठ नेता समीर मधुकर मुखिया प्रतिनिधि दारा सिंह , जय कृष्ण सिंह, इत्यादि लोगों ने इनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है ।

# यूजीसी नेट जून-2025 सत्र के लिए 25 व 26 जून को होगी परीक्षा, प्रवेश पत्र हुआ जारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा यूजीसी नेट जून-2025 सत्र के लिए 25 व 26 जून को होने वाली परीक्षा के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। अभ्यर्थी यूजीसी नेट के आफिशियल वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थी को अपने एप्लिकेशन नंबर, डेट आफ बर्थ और कैप्चा कोड दर्ज कर वेबसाइट पर लागिन करना होगा। लागिन पेज पर एनटीए ने निर्देश दिया है कि उम्मीदवार प्रवेश पत्र पर अपनी फोटो, साइन और बारकोड चेक कर लें। अगर प्रवेश पत्र में कोई गड़बड़ी हो तो प्रवेश पत्र दोबारा डाउनलोड करें। बताया जाता है कि यूजीसी नेट की परीक्षा दो पाली में ली जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। अभ्यर्थी को प्रिंट किया हुआ प्रवेश पत्र और एक मान्य फोटो आइडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, आदि एग्जाम सेंटर पर लाना अनिवार्य है। इनके बिना परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। परीक्षा कंप्यूटर आधारित मोड (सीबीटी) में 85 विषयों के लिए आयोजित की जा रही है। अगर किसी उम्मीदवार को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में परेशानी हो, तो वे 011-40759000 पर काल कर सकते हैं या यूजीसी को इस पते पर (ॅूल्ली३@ल्ल३ं.ल्ल) ई-मेल कर सकते हैं। यूजीसी नेट परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा साल में दो बार आयोजित की जाती है। इसे पास करने वाले कैंडिडेट्स जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरफ), असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर भर्ती और पीएचडी एडमिशन के लिए पात्र हो जाते हैं। जून 2025 सेशन के लिए डिटेल्ड एग्जाम शेड्यूल छह जून 2025 को जारी किया गया था।

# मोहर्रम को लेकर पदाधिकारी ने शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। अनुमंडल सभागार तारापुर में मंगलवार को मोहर्रम का त्यौहार मनाए जाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया । गौरतलव है कि इस बैठक में एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह असरगंज तारापुर संग्रामपुर के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सहित सभी थाना अध्यक्ष मुख्य रूप से मौजूद थे । बैठक के दौरान क्षेत्र के लखनपुर गाजीपुर खानपुर कोराजी पुरानी बाजार रामपुर बिशनपुर मदारपुर गोरहो चमड़ा गोदाम पतघाघर इत्यादि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में मोहर्रम का त्यौहार सह ताजिया का पहलाम विधि व्यवस्था के साथ निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने एवं पहलाम करने को लेकर कई विषयों पर अलग-अलग क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया । आने वाले तिथि में चांद के अनुसार सर्वप्रथम आगामी 6 जुलाई को दसवीं एवं 7 जुलाई को एगारवीं सह मोहर्रम का पहलाम के पहले सभी थाना अध्यक्षों को उपरोक्त गांवों में जाकर सभी अखाड़ा कमिटि से अलग-अलग मिलकर त्योहार के पहले बेहतर सामंजस स्थापित करने से लेकर प्रत्येक अखाड़ा कमेटी से 10-10 वॉलिंटियर का आधार कार्ड के साथ मोबाइल नंबर जो समाज के प्रभावशाली लोग हो लेने का विशेष निर्देश दिया गया । जिससे मोहर्रम का त्यौहार एवं पहलगाम के दिन सीधी बातचीत हो सके । मोहर्रम का त्यौहार आपसी भाईचारा के बीच बिना किसी हो हंगामा का संपन्न कराए जाने पर विशेष बल दिया गया । बता दें कि तारापुर एवं असरगंज बिजली विभाग के कनीय अभियंता को विशेष निर्देश दिया गया कि पहलाम के दिन मुख्य समारोह स्थल गाजीपुर मैदान से रात्रि में निकलने वाली बड़े-बड़े निशान के साथ ताजिया का जुलूस जो बिहमा कर्बला तक पहुंचता है ,इस बीच सड़क के दोनों ओर बिजली तार से सट रहे पेड़ की टहनी को काटने से लेकर पहलाम के दिन मुख्य सड़क पर ताजिया जुलूस आने से पहले उस क्षेत्र की बिजली पूरी तरह से कटे रहने का विशेष हिदायत किया गया । स्वास्थ्य विभाग तारापुर को पहलाम के दिन किसी भी तरह की कैजुअल्टी अगर होती है उसका ध्यान रखते हुए जुलूस के दिन सिलेक्टेड डॉक्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विशेष निर्देश दिया गया । मुख्य रूप से नगर पंचायत तारापुर के कार्यपालक पदाधिकारी को एसडीओ द्वारा विशेष हिदायत किया गया कि आज से ही लगातार श्रावणी मेला प्रारंभ होने तक प्रतिदिन शहर में अतिक्रमण अभियान को चलाने एवं थाना मोड़ मुख्य चौराहा ,शहीद स्मारक, कॉलेज रोड, जिला परिषद बस पड़ाव के बाहरी हिस्सों में पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त रखने विशेष निर्देश दिया । मुख्य रूप से सभी राजनीतिक दल , सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार ,लोगों से विशेष अपील की गई की पहलाम के दिन अनुमंडल प्रशासन आपसे सहयोग की उम्मीद करता है ,जिस पर लोगों ने हर तरह से आपसी भाईचारा के बीच सहयोग देने की बातें कहीं । खासकर अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने आगे बताया कि त्योहार के पहले तारापुर थाना में एक विशेष बैठक आयोजित होगी जिसमें अखाड़ा कमिटि के सभी लोग मौजूद रहेंगे और जब ताजिया जुलूस का लाइसेंस उन्हें निर्गत होगा और जो उसमें पहलाम का समयजो निश्चित होगा उसका शत प्रतिशत पालन करना होगा अन्यथा वैसे अखाड़ा कमिटि के लोगों पर आवश्यक करवाई की जाएगी । बैठक में लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह , जय कृष्ण सिंह , अधिवक्ता हरे कृष्ण वर्मा , मंटू यादव,मोहम्मद कल्लू , मोहम्मद भोलू मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# प्रखंड के सभी 10+2 विद्यालयों में शुरू हुई 12वीं कक्षा की त्रैमासिक परीक्षा



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेर्शानुसार 12वीं कक्षा की त्रैमासिक परीक्षा सोमवार को स्कूल खुलने के साथ ही पुरैनी प्रखंड के सभी 10+2 विद्यालयों में शुरू हो गई है। बता दें कि त्रैमासिक परीक्षा 23 जून से शुरू होकर 30 जून तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में ली जा रही है जहां प्रथम पाली में विज्ञान संकाय एवं द्वितीय पाली में कला संकाय एवं कॉमर्स की परीक्षा जारी है। साथ ही परीक्षा की शुरूआत के 15 मिनट परीक्षार्थियों को कूल ऑफ टाइम के तौर पर दिये गए हैं जिसके दौरान विद्यार्थियों को केवल प्रश्नों को पढ़ने की अनुमति होगी। त्रैमासिक परीक्षा में नकल की गुंजाइस नहीं है नकल पर नकेल कसने के लिए शिक्षक को वीक्षक के रूप में लगाया गया है। इस बाबत श्री वासुदेव प्लस टू उच्च विद्यालय नयाटोला के प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक शंकर मंडल ने बताया कि परीक्षा से पूर्व ही परीक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उमस भरी गर्मी को देखते हुए परीक्षा भवन में बिजली पंखे के साथ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गयी है। परीक्षा पूर्णरूपेण कदाचारमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण संपन्न करायी जानी है इसकी जिम्मेदारी बोर्ड ने संस्था प्रधान को सौपीं है। बच्चों को मोबाइल फोन या चिट पूर्जी लेकर परीक्षा कक्ष में अंदर जाने पर रोक है बीएसइबी ने परीक्षा के माध्यम से शैक्षणिक माहौल को चुस्त-दुरुस्त करने का अनवरत प्रयास जारी रखा है। दौरान प्रश्न पत्र के कुल पूर्णांक का 50 प्रतिशत ऑब्जेक्टिव और 50 प्रतिशत सब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जायेंगे। ऑब्जेक्टिव प्रश्नों का उत्तर चार विकल्पों में से सही एक का चयन कर ओएमआर सीट पर बने गोला का कलर करना देना होगा। वहीं सब्जेक्टिव प्रश्नो को उत्तर आंसर सीट पर लिखित रूप में देने का प्रावधान है।

# राकेश कुमार को ईट, पत्थर, लोहे की सरिया से पीट-पीटकर कर दी हत्या, राकेश की मां भी हुई घायल



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला के सलखुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत सलखुआ डीह में सोमवार शाम करीब 7 बजे एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसमें अरुण यादव के 22 वर्षीय पुत्र राकेश को ईट पत्थर लोहे की सरिया से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि राकेश सलखुआ बाजार से घर के लिए दैनिक सामान खरीदकर लौट रहा था। जैसे ही वह अपने घर के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे कई अपराधियों ने उस पर लोहे की रॉड और डंडों से अचानक हमला कर दिया। हमलावर तब तक उसे मारते रहे जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। हंगामे की आवाज सुनकर जब राकेश की मां रंभा देवी अपने बेटे को बचाने पहुंचीं तो अपराधियों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित पिता अरुण यादव ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उन्होंने पहले ही केस दर्ज कराया था, जिसे वापस लेने का दबाव उन पर लगातार बनाया जा रहा था। जब उन्होंने केस वापस लेने से इनकार किया, तो विरोधियों ने उनके घर की निगरानी कर उनके बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। अरुण यादव ने हमलावरों में किशोर यादव, कपूर चंद यादव, मुकेश यादव, निरंजन यादव और अमित कुमार (पिता कपूर चंद यादव), सभी सलखुआ डीह निवासी, समेत अन्य अज्ञात लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर सहरसा एसडीपीओ आलोक कुमार अस्पताल पहुंचे और घायल महिला का बयान दर्ज किया। उन्होंने बताया कि दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और शेष की तलाश जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक का शव पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया। एवं सलखुवा गांव मृतक का शव पहुंचने ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में मातम छा गया। सलखुआ गांव में पुलिस फोर्स ने चारों तरफ से छावनी में तब्दील कर, पहरा लगा रखा है।

# 26 जून गुरुवार से मनाई जाएगी आषाढ मास की गुप्त नवरात्रि : पंडित तरुण झा

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा ब्रज किशोर ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा ने बताया की आषाढ़ मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आषाढ गुप्त नवरात्रि का आरंभ होता है, इस साल आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 26 जून यानि गुरुवार से शुरू हो रही है एवं 5 जुलाई शनिवार को विजयादशमी होगा। धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का बड़ा ही महत्व है, ज्ञात हो कि वर्ष में आदि शक्ति मां भगवती की उपासना के लिए चार नवरात्रि आती है, इसमें दो गुप्त एवं दो उदय नवरात्रि होती हैं, चैत्र और अश्विन मास की नवरात्रि उदय नवरात्रि के नाम से जानी जाती है, आषाढ़ और माघ की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि के नाम से जानी जाती है, मान्यता के अनुसार गुप्त नवरात्रि के दौरान अन्य नवरात्रि की तरह ही पूजन करने का विधान है, इन दिनों भी 9 दिन के उपवास का संकल्प लेते हुए प्रतिपदा से नवमीं तक प्रतिदिन सुबह-शाम मां दुर्गा की आराधना करनी चाहिए, इन नवरात्रि में 10 महाविद्याओं का पूजन होता है, ये नवरात्रि तंत्र साधना के लिए बहुत अधिक महत्व रखती है। वहीं गुप्त नवरात्रि किसी खास मनोकामना के लिए तंत्र साधना हेतु विशिष्ट पर्व है, किंतु अन्य नवरात्रि की तरह ही इसमें भी व्रत-पूजा, पाठ, किया जाता है।

# विश्व युद्ध एवं विश्व पर परमाणु बम का मंडराता खतरा, जल्द हो युद्ध विराम, शांति हो कायम, युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए

**यूपी, एमपी सहित देश में 89441 स्कूल की गई बंद, देशवासी को पहले बनाये अंधभक्त, अब बनाई जा रही है अनपढ**

प्रात : किरण संवाददाता




खगड़िया। विश्व बचाओ, देश बचाओ, मानवता बचाओ इंसानियत बचाओ, वसुधैव कुटुंबकम, विश्व शांति कायम हो, नारों के साथ देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि इजरायल ईरान के बीच हो रहे युद्ध जल्द विराम हो। आज मानवाधिकार, मानवता, इंसानियत, नैतिकता को बचाने की जरूरत है, अन्यथा विश्व बर्बाद हो जाएगा। परमाणु बम का खतरा विश्व पर तथा विश्व युद्ध का मंडरा रहा है। इसका जिम्मेवार अमेरिका है। अमेरिका जैसे सुपरमैन देश इजरायल ईरान इराक अफगानिस्तान रूस यूक्रेन पाकिस्तान भारत को लड़ाकर फिलिस्तीन गाजा सहित अन्य देश को बर्बाद कर खुद फायदा उठा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की चुप्पी सामर्थ्य का ना कोई दोष गोसाई साबित हो रही है। आज विश्व में युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए, नारों को बुलंद करने की जरूरत है। श्री यादव ने कहा कि आज देश में उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में 2014 से अब तक 89441 सरकारी स्कूल को बंद कर दिया गया है जो कुल 61% स्कूल बंद की गई है सिर्फ उत्तर प्रदेश में 27 हजार प्राथमिक विद्यालय बंद कर दी गई है, दलित महादलित शोषित पीड़ित उपेक्षित गरीब शिक्षा से वंचित हो गई है एवं अंग्रेजी को समाप्त करने की प्रयास कर भारतीय नागरिक को मूर्ख बनाने की साजिश की जा रही है । 5 किलो अनाज पर जीने एवं निर्भर रहने को मजबूर किया जा रहा है। मोदी सरकार पहले देशवासियों को अंधभक्त बनाया अब अनपढ़ बनाया जा रहा है, ताकि मनमाने तरीके से शासन की जा सके, मोदी सरकार हिटलर के नक्शे कदम पर चल रहा है, जिसका पुरजोर विरोध करने की जरूरत है। अंततः हिटलर का भी बुरी तरह से अंत पतन हुआ था, मोदी सरकार यह मत भूले। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन एनडीए - नेशनल दामाद आयोग, पार्टी बनकर रह गया है। रामविलास पासवान, जीतन राम मांझी, अशोक चौधरी के दामाद एवं परिवार के सदस्य को एमएलए, एमपी, मंत्री, एमएलसी, आयोग अध्यक्ष, सदस्य बनाया जा रहा है। आज राजनीति में परिवारवाद जातिवाद धर्मवाद चरम पर है। जनता कार्यकर्ता का कोई मतलब नहीं रह गया है। जनता कार्यकर्ता सिर्फ नेताओं का जिंदाबाद करने के लिए है। समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि मोदी सरकार गुजरात मॉडल का देशभर में प्रचार कर रही है जबकि गुजरात मॉडल बेरोजगारों का मॉडल बन कर रह गया है उन्होंने कहा कि गुजरात में 14 हजार पद पर बहाली हेतु आठ लाख बेरोजगारों ने फॉर्म भरा है। जो गुजरात मॉडल का पोल खोलती है। गुजरात मॉडल का खुल गई पोल, बोल रे साथी हल्ला बोल, नारों को बुलंद करने की जरूरत है। श्री यादव ने कहा कि देश बचाओ अभियान उपरोक्त सवालों को लेकर जन जागरण अभियान चलाएगी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री की 15 वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्री ने समाधि स्थल पर की पुष्पांजलि अर्पित

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत नयागांव निवासी सह दिवंगत केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह उर्फ ह्ल दादा जी ह्व की 15 वीं पुण्य तिथि उनके गांव के समीप बहने वाली कटहरा नदी के तट पर अवस्थित समाधि स्थल पर समारोहपूर्वक मनाई गई।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार , उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी , डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा , बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल , कैबिनेट मंत्री विजय कुमार चौधरी , लेसी सिंह , सुमित कुमार सिंह , हरि साहनी , जयंतराज , सांसद गिरधारी यादव , विधायक दामोदर रावत , राजीव कुमार सिंह , श्रेयसी सिंह , विधान पार्षद अजय कुमार सिंह , प्रमंडल आयुक्त अवनीश कुमार सिंह , डीआईजी राकेश कुमार , डीएम श्री नवीन , एसपी विश्वजीत दयाल , पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह , पुतुल देवी जदयू जिलाध्यक्ष शैलेंद्र महतों , बीजेपी जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद केशरी , जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ई. शंभू शरण , जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कन्हैया कुमार सिंह समेत दर्जनों पदाधिकारियों , जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने स्मृतिशेष दिग्विजय सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उन्हें असंख्य , अशेष , अनंत , अनगिनत और आत्मिक भावांजलि अर्पित की। पुण्य तिथि समारोह में जन समुद्र नजर आया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिवंगत दिग्विजय सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी भावांजलि देते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। भारत माता के महान सपूत होने के नाते लाखों भारतीयों में आशा की नई किरण जगाई। उनकी कर्मठता और दूरदर्शिता ने चुनौती को अवसर में बदलने में कारगर भूमिका निभाई। उनका केंद्रीय वित्त उप मंत्री , रेल राज्य मंत्री और विदेश राज्य मंत्री के रूप में कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा। अपने कुशल नेतृत्व और आधुनिक सोच से देश को नई दिशा दी। उनका योगदान हमारे लिए प्रेरणास्रोत है और उनकी स्मृति हमारे दिलों में सदैव जीवित रहेगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि दिवंगत दिग्विजय सिंह का जीवन , विचार और देश हित में किया गया कार्य आज भी प्रेरक है। उन्होंने उनके आदर्श पर चलने और उसे जीवन में उतारने का आह्वान किया। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिंहा ने कहा कि दिग्विजय सिंह केवल व्यक्ति नहीं अपितु एक विचार भी थे। एक ऐसा विचार जिसने जमुई के साथ बिहार और देश को तरक्की की राह पर दौड़ाने का काम किया। वे वैचारिक दृढ़ता , साहस और राष्ट्र निष्ठा के पर्याय थे। उन्होंने अपने आदर्श और विचार से कभी भी समझौता नहीं किया। उनका ह्लराष्ट्र सर्वोपरिह्व का मंत्र जग जाहिर है। हर इंसान को इसे आत्मसात करना चाहिए। दिवंगत दिग्विजय सिंह के अधूरे सपनों को साकार करके ही हम उन्हें सच्ची भावांजलि दे सकते हैं। दिवंगत दिग्विजय सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद कई ओहदेदारों ने उनके व्यक्तिव और कृतित्व को परिभाषित किया और उन्हें महान राजनेता की संज्ञा दी। अंकित करने वाली बात है कि स्व. दिग्विजय सिंह की धर्मपत्न ी पुतुल देवी भी पूर्व सांसद हैं और उनकी सुता श्रेयसी सिंह वर्तमान में विधायक के पद को सुशोभित कर रही हैं। उधर मुख्यमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन चौकस नजर आया। नयागांव में हेलीपैड से लेकर समाधि स्थल तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात दिखे। जिलाधिकारी श्री नवीन और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल बारीकी से हर बिंदु पर नजर रख रहे थे।

## अधिवक्ता अंबर इमाम हासमी को एक माह के लिए अंतरिम जमानत स्वीकृत

दरभंगा। सिविल कोर्ट दरभंगा के जिला एवं तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने गत 20 जून से काराधीन अधिवक्ता अंबर इमाम हासमी को मंगलवार को एक माह के लिए अंतरिम जमानत स्वीकृत किया है ।यह जमानत आदेश सत्रवाद सं. 326/99 में दी गई है ।अदालत ने इसी सत्रवाद में गत 20 जून को श्री हासमी की ओर दप्रसं की धारा 317 के तहत प्रस्तुत समयावेदन पत्र को अस्वीकृत करते हुए बंधपत्र खंडित कर न्यायिक अभिरक्षा में मंडलकारा भेज दिया था ।अधिवक्ता श्री हासमी को न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने पर वकीलों में खुशी छा गई ।वहीं एडीजे श्री दिवाकर की अदालत ने अधिवक्ता कौशर इमाम हासमी के गिरफ्तारी आदेश पर 27 जून तक के लिए रोक लगा दी है ।ताकि वे वाद में निर्धारित तिथि 27 जून को अदालत में उपस्थित हो सकें ।अधिवक्ता कौशर इमाम हासमी के बिरुद्ध चल रहे सत्रवाद सं. 320/10 में न्यायालय से गिरफ्तारी आदेश जारी था ।दोनों सत्रवाद में दोनो अधिवक्ता बन्धुओं को न्यायालय से मिली राहत की खबर से दरभंगा बार एसोसिएशन के सदस्यों में खुशी छा गई।

# 16 सूत्री मांगों को ले ग्रामीण आवास सहायक संघर्ष समन्वय समिति का हड़ताल व धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी रहा जारी

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा ग्रामीण आवास सहायक कर्मियों ने सगासा संघर्ष समन्वय समिति के जिला इकाई द्वारा 16 सूत्री मांगों के समर्थन में अंशकालिक व सांकेतिक हड़ताल के तहत स्टेडियम के समीप धरना प्रदर्शन तीसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। संघर्ष समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष हिमांशु कुमार, पर्यवेक्षक गोपाल, खुशबू कुमारी, दिवाकर कुमार, लेखा सहायक देवेश कुमार, भोगेंद्र भंडारी ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कर्मियों हेतु स्वीकृति अनुमोदन प्राप्त है। उक्त संकल्प के आलोक में ग्रामीण विकास विभाग बिहार, पटना द्वारा विभागीय पत्र निर्गत नही किया गया है। जिसके कारण उसका लाभ ग्रामीण आवास कर्मियों को नहीं मिल पा रहा है। इससे हममें भविष्य को लेकर चिंताजनक स्थिति बढ़ती जा रही है। बिहार सरकार एवं विभाग को ज्ञात है कि विगत वर्षों में विभाग द्वारा निर्गत पत्र की आड़ में कार्य में प्रगति को बहाने या किसी के झूठे शिकायत मात्र के आधार पर ग्रामीण आवास कर्मियों सेवा चयन मुक्ति एवं एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई बहुत तेजी से की जा रही है। स्पष्ट हो कि बिना किसी निष्पक्ष जाँच के सेवा/चयन मुक्त करने की कारवाई की जा रही है। जिनकी विभागीय नियमानुकुल अपीलिय सुनवाई की गति बहुत मंद है।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, बुधवार, 25 जून, 2025

सम्पादकीय

## कमतर न आंकिए भारत की विकास यात्रा को

वर्ष 2014 में भारत 2.07 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। 2025 में, हम मात्र 11 वर्षों में 4.18 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की जीडीपी के साथ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवी सुब्रमण्यम ने कुछ समय पहले इस संबंध में एक बयान दिया है। अंतरराष्ट्रीय तुलना के लिए, एक और आंकड़ा जो सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया जाता है, वह है क्रय शक्ति समता के संदर्भ में जीडीपी। क्रय शक्ति समता के पैमाने पर, भारत बहुत पहले ही (वर्ष 2011 में) दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत में भारतीय रुपए की क्रय शक्ति डॉलर के बाजार मूल्य से लगभग चार गुना अधिक है। विश्व बैंक के अनुसार 2014 में भारत की जीडीपी (पीपीपी) लगभग 7.4 डॉलर थी, जो 2025 में बढकर 17.4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। आज जब यह साबित हो गया है कि डॉलर के बाजार मूल्य के लिहाज से भी भारत की जीडीपी दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गई है, तो इसका जश्न मनाने के साथ-साथ यह समझना भी जरूरी है कि यह कैसे संभव हुआ और कैसे हम समकालीन दुनिया और इतिहास से सीख लेकर अपनी अर्थव्यवस्था को और मजबूत बना सकते हैं। जबकि, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, कुछ हलकों में, यह बात उठती है कि चाहे, हमने जीडीपी में जापान को पीछे छोड़ दिया है, जापान की प्रति व्यक्ति आय अभी भी भारत की प्रति व्यक्ति आय से 11.6 गुना अधिक है, लेकिन अगर हम पीपीपी के आधार पर इन दोनों देशों की प्रति व्यक्ति आय की तुलना करते हैं, तो हम पाते हैं कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का मुश्किल से 4.16 गुना है। एक और दृष्टिकोण यह है कि हमें उपलब्धि का जश्न मनाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि भारत अभी भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में 136वें स्थान पर है, और यहां तक कि क्रय शक्ति समता में हम दुनिया के 190 देशों की सूची में 119वें स्थान पर हैं। लेकिन ये संख्याएं जितना छुपाती हैं, उससे कम बताती हैं। जैसे कि हम भारत की प्रति व्यक्ति आय से अधिक प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद वाले देशों में रहने वाली वैश्विक जनसंख्या पर एक नजर डालें, जो 3.54 बिलियन है, जो विश्व की जनसंख्या का मुश्किल से 43 प्रतिशत है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से हमसे ऊपर के ह्यदेशों की संख्याह्ल गिनना उचित नहीं होगा, क्योंकि हमसे ऊपर के देश अधिकतर उच्च आय और मध्यम आय वाले देश हैं, और उनकी संख्या बड़ी है, यद्यपि उन देशों में रहने वाली जनसंख्या काफी कम है। जनसंख्या की दृष्टि से 18 बड़े देश हैं, जिनका प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद भारत से अधिक है, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 3.4 अरब है, और शेष 100 देशों की कुल जनसंख्या लगभग 14 करोड़ (0.14 अरब) है। डॉलर के बाजार मूल्य के साथ-साथ पीपीपी के संदर्भ दोनों में प्रति व्यक्ति आय की उच्च वृद्धि दर की बदौलत भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इसकी रैंकिंग में बेहतरी हो रही है। 2014 में, डॉलर के बाजार मूल्य में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में भारत 190 देशों में से 147वें स्थान पर था, लेकिन 2025 में इसकी स्थिति में सुधार होकर भारत का स्थान 136वां हो गया है। तथा पीपीपी के संदर्भ में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, जो 2014 में 126वें स्थान पर था, अब 190 देशों में 119वें स्थान पर पहुंच गया है। एक और बात, हमें निरपेक्ष रूप से अपनी आबादी के कल्याण के बारे में विस्तार से बताने की जरूरत है, और उन देशों के भी कल्याण के बारे में जो प्रति व्यक्ति जीडीपी में काफी ऊपर हैं कि निरपेक्ष गरीबी को कम करने और अत्यधिक गरीबी को लगभग समाप्त करने में भारत की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। यूएनडीपी की परिभाषा के अनुसार, सबसे उल्लेखनीय सुधार हम बहुआयामी गरीबी में भारी कमी के रूप में देखते हैं। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2015 (2005-06 और 2011-12 के आंकड़ों पर आधारित) के अनुसार,. भारत की लगभग 41.3 प्रतिशत आबादी बहुआयामी रूप से गरीब थी। पोषण, बाल मृत्यु दर, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन में प्रमुख अभाव रहे। ग्रामीण गरीबी, शहरी गरीबी से काफी अधिक होने के साथ, भारत में दुनिया के बहुआयामी गरीबों का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा था।

## कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी

भारतीय लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ह्यतानाशाहीह्ल के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी। 25 जून 2025 को कांग्रेस की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, ह्यह्लकांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए। 20 नवंबर, 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, ह्यह्लआपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफी नहीं मांगी। खासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफसोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। गैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर खामोश ही रही। माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। ह्यह्ल पूर्व प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दशार्ता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है।ह्लह्ल पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस के मूल चरित्र को दशार्ता है। आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया। एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में डाल दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। इंदिरा गांधी ने खुद को ही कानून बना लिया था। इंदिरा गांधी में प्रतिशोध की भावना की सारी सीमाएं टूट गई थीं। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने देश के संवैधानिक संस्थाओं और मयार्दाओं के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका खामियाजा आज तक देश भुगत रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने जुलाई 2015 में कहा, हमें क्यों माफी मांगनी चाहिए? हम क्यों आपातकाल पर चर्चा करें? मार्च 2021 को राहुल गांधी ने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आपातकाल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, मुझे लगता है कि वह एक गलती थी बिलकुल, वह एक गलती थी। और मेरी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी ऐसा कहा था। मई 2004 में इंडियन एक्सप्रेस के तत्कालीन प्रधान संपादक शेखर गुप्ता के साथ बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा था कि उनकी सास ने बाद में महसूस किया था कि यह एक गलती थी। सोनिया गांधी ने तब कहा था, ठीक है, मेरी सास ने खुद चुनाव हारने के बाद (1977 में) कहा था कि उन्होंने उस (आपातकाल) पर पुनर्विचार किया था। और यह तथ्य कि उन्होंने चुनाव की घोषणा की, इसका मतलब है कि उन्होंने आपातकाल पर पुनर्विचार किया था।

## भारत आध्यात्म एवं युवाओं के बल पर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में अतुलनीय वृद्धि कर सकता है

**जो विश्व के कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से बहुत अधिक है। अतः अमेरिका के नागरिकों ने बहुत तेजी से धन सम्पदा का संग्रहण किया है इसी के चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अमेरिका में बहुत अधिक है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वर्ष 1944 में अमेरिका के ब्रेटन वुड्ज नामक स्थान पर हुई एतिहासिक बैठक में विश्व के 44 देशों ने वैश्विक वित्तीय व्यवस्था के नए ढांचे पर सहमति जताते हुए अपने देश की मुद्रा को अमेरिकी डॉलर से जोड़ दिया था। इसके बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिकी डॉलर का दबदबा बना हुआ है। आज विश्व का लगभग 80 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग लेन देन अमेरिकी डॉलर में होता है।**





**प्रहलाद सबनानी**
**लेखिका**

जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और संभवत आगामी लगभग दो वर्षों के अंदर जर्मनी की अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है। अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 30.51 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति ब्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 89,110 अमेरिकी डॉलर हैं। इसी प्रकार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 19.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 13,690 अमेरिकी डॉलर है और जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.74 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 55,910 अमेरिकी डॉलर है। यह तीनों देश सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में आज भारत से आगे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है। भारत के पीछे आने वाले देशों में हालांकि सकल घरेलू उत्पाद का आकार कम जरूर है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में यह देश भारत से बहुत आगे हैं। जैसे जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.18 लाख करोड़ है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 33,960 अमेरिकी डॉलर है। ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.84 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 54,950 अमेरिकी डॉलर है। फ्रान्स के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 46,390 अमेरिकी डॉलर है। इटली के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 41,090 अमेरिकी डॉलर है। कनाडा के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 53,560 अमेरिकी डॉलर है। ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.13 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 9,960 अमेरिकी डॉलर है।


सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है। इस सबके पीछे सबसे बड़े कारणों में शामिल है भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात, आर्थिक विकास की दौड़ में बहुत अधिक देर के बाद शामिल होना। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों की शुरूआत वर्ष 1991 में प्रारम्भ जरूर हुई परंतु इसमें इस क्षेत्र में तेजी से कार्य वर्ष 2014 के बाद ही प्रारम्भ हो सका है। इसके बाद, पिछले 11 वर्षों में परिणाम हमारे सामने हैं और भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगते हुए आज 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दूसरे, इन देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या का बहुत अधिक होना, जिसके चलते सकल घरेलू उत्पाद का आकार तो लगातार बढ़ रहा है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अभी भी अत्यधिक दबाव में है। अमेरिका में तो आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम 1940 में ही प्रारम्भ हो गए थे एवं चीन में वर्ष 1960 से प्रारम्भ हुए। अतः भारत इस मामले में विश्व के विकसित देशों से बहुत अधिक पिछड़ गया है। परंतु, अब भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है तथा साथ ही अतिधनाडय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिससे अब उम्मीद की जानी चाहिए कि आगे आने वाली समय में भारत में भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि होगी।

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अमेरिका में सेवा क्षेत्र इसकी सबसे बढ़ी ताकत है। अमेरिका में केवल 2 प्रतिशत आबादी ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर है और अमेरिका की अधिकतम आबादी उच्च तकनीकी का उपयोग करती है जिसके कारण अमेरिका में उत्पादकता अपने उच्चत्तम स्तर पर है। पेट्रोलीयम पदार्थों एवं रक्षा उत्पादों के निर्यात के मामले में अमेरिका आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2024 में अमेरिका ने 2.08 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बराबर का सामान अन्य देशों को निर्यात किया है, जो चीन के बाद विश्व के दूसरे स्थान पर है। तकनीकी वर्चस्व, बौद्धिक सम्पदा एवं प्रौद्योगिकी नवाचार ने अमेरिका को विकास के मामले में बहुत आगे पहुंचा दिया है। टेक्निकल नवाचार से जुड़ी विश्व की पांच शीर्ष कम्पनियों में से चार, यथा एप्पल, एनवीडिया, माक्रोसोफ्ट एवं अल्फाबेट, अमेरिका की कम्पनियां हैं। इन कम्पनियों का संयुक्त बाजार मूल्य 12 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक है,

## युद्ध नहीं शांति की ओर जाएं

**जिसमें आइसोटोप पृथक्करण नामक प्रक्रिया के माध्यम से आइसोटोप यूरेनियम-235 का प्रतिशत बढ़ाया गया है। प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले यूरेनियम में थोड़ी मात्रा में यू-235 (लगभग 0.72%) होता है, लेकिन परमाणु रिएक्टरों और हथियारों में उपयोग के लिए इस प्रतिशत को बढ़ाने की आवश्यकता होती है ताकी फिशन रिएक्शन हो सके और जिसे कण्ट्रोल करने पर परमाणु रीक्टर बनता है लेकिन अधिकतर देश इसे परमाणु अस्त्र बनाने का काम करते है यह यूरेनियम का ही आसोटोप है नुक्लियर सेंटर में कार्य करने वाले लोग अपने देश के टॉप स्टूडेंट होते हैं क्योंकि उसमें तकनिकी के साथ साथ रेडीएशन को कण्ट्रोल करना भी एक चुनौती होती है परमाणु सयंत्र का डिजाइन बहुत ही जटिल प्रक्रिया है और उसमें गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण है**





**संजय गोस्वामी**
**लेखक**

ईरान और इजराइल की टकराव की आग में अब अमेरिका भी खुलकर कूद चुका है. अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों- फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर इतिहास का सबसे सफल सैन्य हमला किया नॉर्थ्रॉप बी-2 स्पिरिट, जिसे स्टील्थ बॉम्बर के नाम से भी जाना जाता है,[3] एक अमेरिकी भारी रणनीतिक बमवर्षक है, जिसमें कम-अवलोकनीय स्टील्थ तकनीक है जिसे घने विमान-रोधी सुरक्षा को भेदने के लिए डिजाइन किया गया है। दो लोगों के चालक दल के साथ एक सबसोनिक फ़्लाइंग विंग, विमान को नॉर्थ्रॉप (बाद में नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन) ने प्रमुख ठेकेदार के रूप में डिजाइन किया था, जिसमें बोइंग, ह्यूजेस और वॉट प्रमुख उपठेकेदार थे, और इसका उत्पादन 1988 से 2000 तक किया गया था।[4][1][5] बमवर्षक पारंपरिक और थर्मोन्यूक्लियर हथियार गिरा सकता है,[6] जैसे कि अस्सी 500-पाउंड वर्ग (230 किग्रा) एमके 82 जेडीएएम जीपीएस-निर्देशित बम, या सोलह 2,400-पाउंड (1,100 किग्रा) बी-2 स्पिरिट2016 में प्रशांत महासागर के ऊपर उड़ान भरता हुआ पाया गया यह बहुत ही खतरनाक बम हैं जो कंक्रीट को चिरता हुआ 200 फिट निचे जाता है और सब तबाह कर देता है और 6 बम बर्षक बम से तो प्लांट के अंदर में कुछ भी नहीं बजेगा उसमें उस परमाणु प्लांट के अंदर काम करने वाले लोग भी मारे गए होंगे क्योंकि यह दुनिया का ऐसा बम है धरती के अंदर बहुग तेजी से जाता है औ जीपीएस व लेजेस से लैस है अतः ऐ लक्ष्य को जीपीएस सिस्टम पता लगाताँ और जोरदार धमाका करता है अतः बेपन ग्रेड को वहाँ से उससे पहले निकाललेनाइतना आसान नहीं है यदि शिफ्ट ही कर दिया तो फिर कौन से प्लांट में ले जाया गया होगा वो भी तो कहीं गया ले गया होगा यह बिल्कुल वही सामग्री है और कितने समय में वेपन बनेगा यह सब खबर ठीक नहीं लग रहा है जहाँ तक खबरों ऐ दिखया जा रहा जो जानकारी के अभाव मे हैं रेडिशन लीक होने का कारण यह है की यह जमीन के बहुत अंदर था और बमसर्षक इ-2 बम एक नहीं 6 नम गिते अतः एक के एक मिट्टी के अंदर ही दब गए होंगे खैर अमेरिका को इसमें कूदना नहीं चाहिए कोई कुछ भी बना रहा है तो उसमें उसकी टेक्नोलॉजी लगी है इससे उस देश ी अमेरिका के प्रति नफरत होगा ऐ ईरान व इजराइल की लड़ाई थी लेकिन जब इजराइल मे ईरान के तरफ दागी गई मिशायल से इजराइल को जो झटका लगा है वो भी ईरान की ताकत है जो मिशायाल टेक्नोलॉजी में काफी प्रगति की भारत को दोनों देश को शांति बनाये रखने का प्रयास करना चाहिए युद्ध हमेशा नुकसान ही होता है इजराइल में ईरान की मिसायल इस कदर कोहराम मचा है टेलीवीजन प्रर मीडिया ी इजराइल की छवि खराब हो रही है लोगों मे डर का माहोल पैदा हो गए हैं आखिर कब तक बामशेल्टर मे रहेंगे कार्टर प्रशासन के दौरान उन्नत प्रौद्योगिकी बॉम्बर (अळइ) परियोजना के तहत विकास शुरू हुआ, जिसने मैक 2-सक्षम इ-1अ बॉम्बर को आंशिक रूप से रद्द कर दिया क्योंकि अळइ ने ऐसा वादा दिखाया था, लेकिन विकास संबंधी कठिनाइयों ने प्रगति में देरी की और लागत बढ़ा दी।

अंततः, कार्यक्रम ने विकास, इंजीनियरिंग, परीक्षण, उत्पादन और खरीद सहित प्रत्येक $2.13 बिलियन (2024 में $4.17 बिलियन) की औसत लागत पर 21 बी-2 का उत्पादन किया।प्रत्येक विमान के निर्माण में औसतन वर$737 मिलियन की लागत आई,जबकि कुल खरीद लागत (उत्पादन, स्पेयर पार्ट्स, उपकरण, रेट्रोफिटिंग और सॉफ्टवेयर समर्थन सहित) औसतन प्रति विमान $929 मिलियन (2023 में $1.11 बिलियन) थी।परियोजना की काफी पूंजी और परिचालन लागतों ने इसे अमेरिकी कांग्रेस में विवादास्पद बना दिया, यहां तक कि शीत युद्ध के समापन से पहले भी सोवियत क्षेत्र में गहरी हमला करने के लिए डिजाइन किए गए एक स्टील्थ विमान की इच्छा नाटकीय रूप से कम हो गई थी। नतीजतन, 1980 और 1990 के दशक के अंत में सांसदों ने 132 बमवर्षकों की योजनाबद्ध खरीद को घटाकर 21 कर दिया बिना ईंधन भरे इसकी रेंज 6,000 नॉटिकल मील (11,000 किमी; 6,900 मील) से ज्यादा है और एक बार हवा में ईंधन भरने पर यह 10,000 नॉटिकल मील (19,000 किमी; 12,000 मील) से ज्यादा की उड़ान भर सकता है। यह 1997 में लॉकहीड ऋ117 नाइटहॉक अटैक एयरक्राफ्ट के बाद एडवांस्ड स्टील्थ तकनीक से डिजाइन किए गए दूसरे एयरक्राफ्ट के रूप में सेवा में आया था। मुख्य रूप से परमाणु बमवर्षक के रूप में डिजाइन किए गए इ-2 का पहली बार 1999 में कोसोवो युद्ध में पारंपरिक, गैर-परमाणु आयुध गिराने के लिए इस्तेमाल किया गया था। बाद में इसका इस्तेमाल इराक, अफगानिस्तान, लीबिया, यमन और ईरान में किया गया।संयुक्त राज्य वायु सेना के पास 2024 तक सेवा में उन्नीस बी-2 हैं; एक 2008 की दुर्घटना में नष्ट हो गया था और 2022 में दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए दूसरे को संभावित मरम्मत की लागत और अवधि के कारण सेवा से सेवानिवृत्त कर दिया गया था। वायु सेना ने 2032 तक बी-2 को संचालित करने की योजना बनाई थी लेकिन ईरान के परमाणु सयन्त्र पर हमले में उसके तीनो परमाणु सयंत्र नस्ट हो गए लेकिन परमाणु सयन्त्र को इस तरह बनाया जाता है कि भूकंप आने पर भी उसे कुछ नहीं होता है अगर हमसे पूछेंगे तो मेरे अनुसार परमाणु सयन्त्र साल दो साल में नहीं बल्कि उसे बनने में 10-15 साल तक लग जाता है और संवर्धित यूरेनियम वह यूरेनियम है

## उपचुनावों के नतीजों से नहीं बदलेंगे राजनीतिक समीकरण

**कृष्णमोहन झा**

गुजरात की दो, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक एक विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव के परिणाम घोषित हो चुके हैं जिनमें से दो सीटें आम आदमी पार्टी, एक सीट भाजपा , एक सीट तृणमूल कांग्रेस और एक सीट कांग्रेस ने जीती है। जिन चार राज्यों की पांच रिक्त विधानसभा सीटों के लिए ये उपचुनाव कराए गए उनमें केरल को छोड़कर बाकी तीन राज्यों में सत्तारूढ़ दल और उनकी सरकारों का इन नतीजों से खुश होना स्वाभाविक है। केरल में नीलांबुर विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ लोकतांत्रिक वाम मोर्चा के उम्मीदवार को कांग्रेस उम्मीदवार के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। गौरतलब है कि गत विधानसभा में यहां सत्तारूढ वाम मोर्चा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी लेकिन बाद में वे मुख्यमंत्री पी विजयन से मतभेदों के कारण तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। नीलांबुर सीट के उपचुनाव में कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार आर्य दान शौकत की जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था क्योंकि यह सीट कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव क्षेत्र वायनाड के अंतर्गत आती है इसलिए कांग्रेस ने इस उपचुनाव को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था। इन उपचुनावों में गुजरात , पंजाब और पश्चिम बंगाल में जो नतीजे आए वे किसी बड़े उलटफेर का संकेत नहीं देते। इन राज्यों में इसी तरह के नतीजों का अनुमान लगाया जा रहा था। भाजपा को जरूर यह उम्मीद थी कि वह गुजरात की दोनों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कराने में सफल हो जाएगी लेकिन उसे केवल कडी विधानसभा सीट से ही संतोष करना पड़ा यद्यपि वहां भाजपा उम्मीदवार ने बड़े अंतर से जीत हासिल की है।जहां कि पिछले विधानसभा चुनावों में भी उसने जीत हासिल की थी। गुजरात की विसावदर विधानसभा सीट जीतने में आम आदमी पार्टी सफल रही जहां उसके उम्मीदवार गोपाल इटालिया ने अपने भाजपा प्रतिद्वंद्वी को 17 हजार से अधिक मतों से हराया।आम आदमी पार्टी को दूसरी सफलता पंजाब की लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट के उप चुनाव में मिली जहां संजीव अरोड़ा उम्मीदवार थे। गौरतलब है कि संजीव अरोड़ा राज्य सभा सदस्य भी हैं। अब उनके विधायक चुन लिए जाने से राज्य सभा की जो सीट रिक्त हुई है उसके लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम की अटकलें चल रही हैं यद्यपि केजरीवाल ने इन अटकलों पर यह कहते हुए विराम लगा दिया है कि वे राज्य सभा नहीं जा रहे हैं। साथ ही केजरीवाल यह भी कहते हैं कि आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति यह तय करेगी कि संजीव अरोड़ा के विधायक चुन लिए जाने से रिक्त हुई राज्य सभा सीट के लिए किसे नामांकित करना है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने कालीगंज की जिस विधानसभा सीट के उपचुनाव में जीत हासिल की है वह सीट पहले से ही उसके पास थी। यहां से गत विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की टिकट पर नसीरुद्दीन अहमद निर्वाचित हुए थे जिनका बाद में हार्ट अटैक से निधन हो जाने के कारण यह सीट रिक्त हो गई थी यहां हुए उपचुनाव में पार्टी ने उनकी बेटी अलिफा अहमद को उम्मीदवार बनाया था जो भाजपा उम्मीदवार आशीष घोष को 50000 मतों के बड़े अंतर से हराने में सफल रहीं। गौरतलब है कि हाल ही में जिन चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव संपन्न हुए हैं उनमें से केरल और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल समाप्त हो रहा है जबकि पंजाब और गुजरात विधानसभाओं के चुनाव 2027 में संपन्न होना है। इन उपचुनावों में पंजाब और गुजरात में आम आदमी पार्टी की जीत उसे दिल्ली विधानसभा के पिछले चुनावों में मिली करारी हार से उपजी निराशा से उबरने में मदद कर सकती है। केजरीवाल ने इन उपचुनावों को दोनों राज्यों में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल बताया था। केरल में नीलांबुर सीट के लिए हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन से एक सीट छीनकर कांग्रेस को जो खुशी मिली उसे गुजरात की दो सीटों के उपचुनाव में मिली हार ने थोड़ा फीका कर दिया। गौरतलब है कि इस हार की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए गुजरात के प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्ति सिंह गोहिल ने इस्तीफा दे दिया है। इन उपचुनावों के नतीजों से किसी बड़े उलटफेर की संभावना नजर नहीं आती क्योंकि केरल को छोड़कर बाकी तीन राज्यों में मतदाताओं ने यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में फैसला किया है। केरल में जरूर कांग्रेस उम्मीदवार की जीत सत्तारूढ़ वाम गठबंधन की चिन्ताओं में इजाफा कर सकती है।इन उपचुनावों के नतीजों से यह अनुमान लगाना भी उचित नहीं होगा कि इसी साल के उत्तरार्ध में बिहार विधानसभा के चुनावों पर इन नतीजों का कोई असर होगा। बिहार के राजनीतिक समीकरण इन चार राज्यों के उपचुनाव परिणामों से प्रभावित नहीं होंगे।

# चाकूबाज पत्नी गिरफ्तार, घायल पति गोरखपुर रेफर

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। बगहा पुलिस जिला के धनहा थाना क्षेत्र की घटना ने लोगो को अचंभित कर दिया है। जहां पति पत्नी के विवाद में पत्नी ने पति को लगातार 7 बार पेट में चाकू मारकर जख्मी कर दिया है। मामला धनहा थाना क्षेत्र के बड़की दौनहा गांव की बताई जा रही है। परिजनों द्वारा घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबनी पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर रेफर कर दिया। फिलहाल घायल का गोरखपुर में ईलाज चल रहा हैं। स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। वही परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना रविवार की देर रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। ईलाज के दौरान ही घायल मनोज राम द्वारा थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन के अनुसार उक्त गांव निवासी मनोज राम की 7 वर्ष पूर्व झारखंड में नेहा उर्फ नूरजहां से प्रेम प्रसंग में शादी किया था। उसके दो बच्चे भी हैं। वह अधिकतर मायका में ही रहा करती थी। एक माह पूर्व मनोज राम नूरजहां को बुलाकर घर लाया था। रविवार को दोनों में कुछ कहा सुनी हुई। फिर दोनों एक साथ सो गए। रात करीब दो बजे नूरजहां ने मनोज राम को चाकू से हमला कर दिया। करीब 7 बार चाकू से हमला किया गया है। थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती ने बताया कि, सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्नी नूरजहां को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है।

## बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट विजन को धरातल पर उतारने हेतु की गई व्यापक चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला महासचिव अमन सिंह के आवास पर जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष सह माझी विधानसभा प्रभारी दिग्विजय सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराने और ह्यबिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्टह्व विजन को धरातल पर उतारने हेतु व्यापक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा तथा जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष को तेज किया जाएगा। साथ ही, सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर सारण जिले की तीन विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने एवं इन सीटों पर संगठन से जुड़े सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाने



की मांग शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व से की गई। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने बूथ कमेटी गठन की समीक्षा करते हुए बताया कि बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ होते हैं, जिनका चुनाव में बहुत अहम रोल होता है जिन प्रखंड अध्यक्षों ने बूथ कमेटियों की सूची जमा कर दी है, उन्हें जिला संगठन मंत्री रितेश सिंह सिग्रीवाल के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिनकी सूची अधूरी है या अब तक जमा नहीं की गई है, उन्हें 30 जून तक का समय दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने यह जानकारी भी दी कि बहुत जल्द पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की एक विशाल जनसभा छपरा में आयोजित की जाएगी, जिसकी तैयारियाँ जोरों पर हैं। बैठक में मुख्य रूप से संसदीय बोर्ड के प्रदेश महासचिव सरोज माझी, जिला संगठन मंत्री रितेश सिंह सिग्रीवाल, जिला उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, प्रदीप कुमार, राजेश सिंह, , जिला महासचिव अमन सिंह, गुड्डु पासवान, प्रमोद शर्मा, अनिमेष सिंह गोलू, मुकेश गुप्ता, सुनील कुमार मंटू, तेज नारायण सिंह तेजा, जिला प्रवक्ता जगनंदन सिंह, मीडिया प्रभारी सुबोध कुमार, कार्यालय प्रभारी ई. कौशल किशोर सिंह, छपरा महानगर अध्यक्ष आलोक कुमार पांडे, प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सोनू सागर, शशि भूषण जोशी, कन्हैया राम, प्रमोद सिंह, गोलू कुमार सिंह, त्रिलोक मिश्रा, अभिमन्यु सिंह रघुवंशी, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष कुमकुम सिंह, संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष मुकेश सिंह, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष माया शंकर सिंह, सुनील माझी, कुंज बिहारी उपाध्याय, संतोष गुप्ता, देव सिंह, निर्मल सिंह इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लाइसेंसी बन्दूकों के सत्यापन के लिए नोटिस जारी

बगहा। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी थानों के थानाध्यक्षों के माध्यम से अनुज्ञप्तिधारियों को भौतिक सत्यापन के लिए 21 से 28 जून के बीच स्थानीय थाना परिसर में अपने अपने शस्त्रों और कारतूसों का सत्यापन केलिए पत्र जारी किया गया है। जिला कार्यालय द्वारा जारी ज्ञापक 432 में स्पष्ट किया गया है की शस्त्रों के भौतिक सत्यापन जरूरी है और अनुज्ञप्तिधारी इसे सुनिश्चित करें साथ ही इसे आवश्यक भी समझे।

### दहेज प्रताड़ना के दो मामलों में दो पतियों को सजा एवं अर्थदंड

छपरा कोर्ट। दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने के दो मामलों में दोनों पतियों के लिए महंगा साबित हुआ। व्यवहार न्यायालय के एस डी जे एम सुमित कुमार सिंह विचारण बाद संख्या 708/ 25 में मांझी थाना के ओठा भूआलपुर निवासी पति सुपन माझी को भादवि की धारा 498 ए के अंतर्गत दोषी पाते हुए। तीन वर्ष की करावास एवं दस हजार रुपए अर्थदन अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त 3 माह की सजा सुनाई है। पत्नी सोना देवी ने 8 जुलाई 2013 को अपने पति समेत अन्य पर सोने की सीकडी और पचास हजार रूपए नगद की मांग करने नहीं देने पर प्रताड़ना देने का आरोप लगाते हुए। मुख्य न्यायिक पदाधिकारी के न्यायालय में परिवाद पत्र दायर की थी। एक और दहेज प्रताड़ना के अमनौर थाना कांड स 122/ 2014 के विचारण वाद संख्या 1064/25 अमनौर थाना के अपहर निवासी अवधेश राम को भी दहेज प्रताड़ना के आरोप में तीन साल सजा की सजा और दस हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त तीन माह की सजा सुनाई है।

### बाइक से गिरने के बाद इलाज के क्रम मे शिक्षिका की हुई मौत

बनियापुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूमिहारा मे कार्यरत एक शिक्षिका की बाईक दुर्घटना मे मौत हों गयी है। घटना के संबंध मे बताया गया है कि वर्ष 2003 की नियोजित अब विशिष्ट शिक्षिका स्थानीय निवासी स्व गंगोत्री सिंह पत्नी दुर्गावती देवी बाईक से जा रही थी बाईक से गिर गयी,जहाँ आनन फानन मे उन्हे छपरा इलाज के लिए लाया गया,बेहतर इलाज के लिए चिकित्स्कों ने उन्हे पीएमसीएच रेफर कर दिया,इसी क्रम मे उनकी मृत्यु हों गयी जिस घटना से परिजनों सहित शिक्षकों छात्रों मे शोक की लहर दौड़ पड़ी है।बता दें कि पति ले मृत्यु के बाद घर का सारा बोझा मृतिका पर था, एक बेटा और एक बेटी के शादी व्याह के बाद बेटा बहु के साथ थी जहा उक्त घटना से घर का हॉल बुरा हों गया है,बेटा निरंजन कुमार और सभी का रो रो कर बुरा हॉल है।जहा बी ई ओ रामनाथ बैठा ,डी डी ओ मो जलालुद्दीन एच एम भृगुनाथ जी लक्ष्मण कुमार अविनाश कुमार प्रमोद कुमार रामलाल राम आदि सभी शिक्षकों ने शिक्षिका कि मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### शहर के जनता की समस्याओं का होगा त्वरित निष्पादन, इसको ले कंट्रोल रूम की गई स्थापना : नगर आयुक्त

छपरा। शहर में आम जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, इसके लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए नगर आयुक्त ने बताया कि मानसून सीजन को लेकर आम जनता की शिकायत त्वरित निष्पादन हो, इसके लिए नगर निगम ने कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इस आशय संबंधी पत्र जारी करते हुए उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्ति कर्मी तीन शिफ्ट में शिकायतों का निष्पादन करेंगे। प्रथम शिफ्ट सुबह 6 बजे से 2 बजे तक, द्वितीय शिफ्ट 2 बजे से 10 बजे रात्रि तक तथा तृतीय शिफ्ट 10 बजे रात्रि से सुबह 6 बजे सुबह तक शहर के आम जनता अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकते हैं।

## उर्वरक निगरानी समिति की हुई बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

लहलादपुर: प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के सभागार में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख मनोज साह की अध्यक्षता में हुई. जिसमें सरकार के चलाये जा रहे जीरो टैलरेंस नीति के तहत उर्वरक बिक्री करने के लिये उर्वरक बिक्रेताओं को दिशा निर्देश दिया गया. साथ ही उर्वरक के उपलब्धता, गुणवता तथा उसके उचित कीमतों पर चर्चा चलाया गया. उर्वरक को प्रोधोगिकी का एक अनिवार्य पहलु बताया गया तथा उसके उपयोग के लिये मात्रा पर विस्तार पूर्वक जानाकारियां दी गयी. इस बैठक को बीडीओ नीलेश कुमार, सीओ शम्मी कुमार, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष जीतेन्द्र सोनी, बीएओ, कृषि तकनिकी विष्णुपाल शर्मा, कृषि समन्यवक चंद्रशेखर सिंह, कृषि सलाहकार तारकेश्वर भारती, राजु गिरि, अजय कुमार राय आदि ने सम्बोधन किया.

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर, जागरूकता रैली निकाली गई

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। बगहा में 2025 बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मॉड में है। लिहाजा नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। एनएच 727 बेतिया गोरखपुर मुख्य सड़क होते शहर के तमाम हिस्सों में निकली रैली के जरिये लोगों से मताधिकार की अपील की गई। आईएएस गौरव कुमार के साथ नगर पालिका परिषद की चेयरमैन पुष्पा गुप्ता और डिप्टी चेयरमैन रश्मि रंजन की मौजूदगी में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ पुलिस प्रशासन की टीम ने गली मोहल्ले में वोटरों को वोट कास्ट करने का संदेश दिया। दरअसल मतादिकार के प्रयोग को लेकर वोटरों से अपील करने खुद उप जिलाधिकारी सड़कों पर उतरे हैं वहीं 18 वर्ष से ऊपर आयु के वंचित युवाओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की भी सलाह दी जा रही है जबकि पहले मतदान और कोई काम के स्लोगन के साथ जन जन को जागरूक किया जा रहा है। बतादें की 04 बगहा विधानसभा क्षेत्र स्थित रत्नमाला पुस्तकालय बूथ पर पिछली बार महज 38% कम मतदान पड़े थे लिहाजा बगहा एसडीएम नें इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव पूर्व जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने जिले के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान की कवायद में जुटे हैं इसी कड़ी में जिला मुख्यालय बेतिया से हुई शुरूआत के बाद आज बगहा में वोटरों को मतदान की महता का संदेश दिया जा रहा है।

## बकाया मांगने पर चाकूबाजी की घटना में जख्मी की हुई मौत, आरोपित गिरफ्तार



बनियापुर। थाना क्षेत्र के भूमिहारा गांव में बकाया राशि के विवाद के लेकर आपस में बकझक हो गई। तथा विवाद बढ़ने के बाद एक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। जिसे गंभीर हालत में जख्मी को पटना रेफर कर दिया गया। जहां बीती रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जिस घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी माधो सिंह का 30 वर्षीय पुत्र नेउर कुमार अपना बकाया रुपया मांगने वीरेंद्र सिंह के पुत्र रमेश कुमार के पास गए थे। इसी को लेकर दोनों में विवाद हो गई। विवाद बढ़ते देख कर्जदार रमेश ने हांथ में लिए चाकु से पीड़ित पर हमला कर दिया। जिस घटना के बाद बनियापुर रेफरल अस्पताल में युवक के प्राथमिक इलाज के बाद पटना रेफर कर दिया गया। जहां बीती रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इधर घटना के बाद प्राथमिकी के आरोपी रमेश को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रथम बिहार राज्य स्तरीय व18 कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## पटना बना विजेता, लखीसराय बना उपविजेता

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। बिहार राज्य कबड्डी संघ एवं सारण जिला कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम बिहार राज्य स्तरीय व 18 कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संत जोसेफ अकादमी, गरखा के किया गया. प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला पटना एवं लखीसराय के बीच खेला गया, मैच के दौरान काफी संख्या मे खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही. पुरस्कार वितरण समारोह में बिहार राज्य कबड्डी संघ के सभापति कुमार विजय सिंह, सारण जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष रमाकांत सोलंकी, उपाध्यक्ष विकास सिंह, अभिषेक सिंह, सचिव पंकज कश्यप, चाँदनी प्रकाश उपस्थित रहें. सभी अतिथियों को आयोजन अध्यक्ष डॉ देव कुमार सिंह, विद्यालय के निदेशक राम कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ कल्पना क्षेत्री द्वारा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया. खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुमार विजय ने राज्य सरकार से प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस खेल मैदान बनाने की अपील की . उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेडल लाओ नौकरी पाओ स्कीम के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों को नौकरी दे रही है जो स्वागतयोग्य है. उन्होंने कबड्डी खेल एवं खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शानदार आवासन, संतुलित भोजन एवं एक शानदार आयोजन कराने के लिए आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया. प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु निर्णायक की निर्णायक की भूमिका में जयशंकर चौधरी, सभापति बैठा, कौशलेंद्र, राकेश सिंह, सुशील सिंह, सूरज कुमार, राजेश सिंह, प्रमोद कुमार, मृत्युंजय कुमार, रोहित, ऋषिकेश, शिवशंकर, अंजलि, नेहा, मुकुलेश, दीपक कुमार, ऋषभ कुमार, ज्योति कुमार, राहुल कुमार ने कार्य किया. सचिव पंकज कश्यप ने बताया कि सारण टीम रोमांचक मुकाबले में जहानाबाद से 02 अंकों से हारकर सेमीफाइनल के दौर से बाहर हुई, उन्होंने भविष्य में सारण कबड्डी के स्वर्णिम युग को वापस लाने का भरोसा दिलाया. अध्यक्ष रमाकांत सोलंकी ने कहा कि कबड्डी गाँव का खेल है यही कारण है कि इस प्रतियोगिता को ग्रामीण क्षेत्र में कराया गया है. आयोजन को सफल बनाने में सीनियर खिलाड़ी राजवीर सिंह,शिक्षक ऋषिकेश, अमन, सौरभ सिंह, दीपक, वीरेंद्र, धीरज, सुमित, आयुष, नितिन में अहम भूमिका रही. मंच संचालन भँवर किशोर ने किया. एवं धन्यवाद ज्ञापन सारण जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष रमाकांत सोलंकी ने किया.

# जेपीवि में कार्यरत नवनियुक्त शिक्षकों को एक वर्ष से नही मिला वेतन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के विभिन्न पीजी विभाग एवं महाविद्यालयों में कार्यरत विभिन्न विषयों के नवनियुक्त शिक्षकों को एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वेतन नही मिल पाया है। बिहार लोकसेवा आयोग तथा बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग से बहाल होकर विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यभार ग्रहण किये हुए नव नियुक्त शिक्षको को 6 से 12 माह तक हो गए हैं। वे अपनी सेवा लगातार दे रहें हैं, परंतु विश्वविद्यालय की लापरवाही कहें या और एक वर्ष बीतने के बाद भी वेतन नही मिलने से शिक्षकों के आर्थिक स्थिति को समझा जा सकता है। वहीं राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में मई माह तक सभी शिक्षकों को वेतन प्राप्त हो चुका है, लेकिन जेपीविवि के शिक्षकों को अब तक वेतन नही मिलना विश्वविद्यालय के कार्यशैली को दशार्ता है। हालांकि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रमेन्द्र वाजयेपी ने सभी कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र लिखकर यह निर्देश जारी किया था कि अनुभव प्रमाण-पत्र एवं दिव्यांग का जिनको लाभ नही मिला है उन सभी शिक्षकों को पदभार ग्रहण करने से पचास प्रतिशत राशि या पचास हजार प्रति माह की दर से महाविद्यालय अपने आंतरिक स्रोत से शिक्षकों को वेतन भुगतान करें। लेकिन कई कॉलेजों द्वारा फंड नही होने या इकच्छाशक्ति के अभाव में शिक्षकों को वेतन जारी नही किया गया। राजेन्द्र महाविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकों को केवल एक माह का पचास हजार रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं कुछ महाविद्यालय विश्वविद्यालय के पत्र के आदेश का पालन करते हुए शिक्षकों को पचास प्रतिशत राशि आंतरिक स्रोत से भुगतान किए हैं। राजेन्द्र महाविद्यालय जंतु विज्ञान विभाग में कार्यरत डॉ रंकेश कुमार जायसवाल को योगदान किये हुए एक वर्ष हो गए लेकिन उन्हें अब तक वेतन नही मिला है। उनका कहना है कि एक वर्ष बीतने के बाद भी विश्वविद्यालय स्तर से उनका डिटेल एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड नही किया गया है। इसी तरह ससमय पे आईडी, प्राण नंबर आदि आवश्यक दस्तावेज विश्वविद्यालय स्तर से नही बनने की वजह से शिक्षकों को वेतन भुगतान में देरी होने का प्रमुख कारण बताया जा रहा है। शिक्षकों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी आर्थिक समस्या को देखने हेतु शीघ्र वेतन भुगतान करने की दिशा में कार्यवाही करें।

# 20 साल पहले फोकजलवा के बिछड़े कलाकार जमा रहे वेब महफिल

प्रात: किरण संवाददाता



रसूलपुर।आज से दो दशक पहले 2005 में तत्कालीन ईटीवी बिहार व ईटीवी उतरप्रदेश का चर्चित रीयलिटी शो था फोकजलवा। इसके एंकर हुआ करते थे सिने अभिनेता गायक ,व बीजेपी सांसद मनोज तिवारी मृदुल।तब सोशल मीडिया का इतना बोलबाला नहीं था।पर पिछले हफ्ते आरा बिहियां के संतोष गुप्ता के प्रयास से फोकजलवा 2005 नाम से एक ह्वासप ग्रुप बना।जिसमें बलिया जिला निवासी और प्रयागराज(इलाहाबाद) का कर्म क्षेत्र बनाने वाले धर्मेश दीक्षित, बक्सर से मुन्ना उपाध्याय ,असम से वीणा मिश्रा सारण के चर्चित कलाकार अजित आनंद ,रामेश्वर गोप ,झारखंड के मिथिलेश पांडेय ,अलका झा ,ब्रजेश शांडिल्य , गोपालगंज से अमर केसरी आदि कलाकार जुड़ कर अपने स्वर्णिम दिनों की याद कर वेब महफिल जमा रहे हैं।इनमें कई कलाकार अपनी कला विधा से जुड़ते हुए नौकरी पेशा में लग चुके हैं।इसमें कई शिक्षक खास कर संगीत शिक्षक भी बन चुके हैं।तत्कालीन फोकजलवा में देश के बिहार, उत्तर प्रदेश,मध्यप्रेश छतीसगढ़ झारखंड आदि राज्यों के गांव गांव से कलाकार चुने गये थे।फोकजलवा को सफल बनाने में तब के तत्कालीन ईटीवी के बिहार से प्रोड्यूसर गायक अभिनेता राजीव मिश्रा ,राकेश तिवारी आदि की टीम के साथ यूपी ईटीवी के प्रोड्यूसर अभय आदित्य सिंह ,अमित श्रीवास्तव ,सत्यव्रत मिश्रा जैसे मंजे छोटे पर्दे के जानकार कला प्रेमी लगे थे।तब यह रियलिटी शो काफी प्रसिद्धि हासिल कर बहुत से कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायी।इसमें बिहार के सारण जिले के कलाकारों अपनी खास पहचान बनाई थी।प्रथम विजेता बने थे बक्सर के मुन्ना उपाध्याय।इन्हें अभय आदित्य सिंह निर्देशित छोटकी दुल्हन में गायन करने का भी मौका मिला।उस समय के फोकजलवा के और आज के प्रसिद्ध कलाकार अजित आनंद भी शामिल है।फाइनल तक पहुंच दूसरे व तीसरे विजेता छपरा शहर की अंशु श्रीवास्तव व एकमा माधोपुर गांव के कलाकार रामेश्वर गोप थे।फोकजलवा में सफलता के जरिये लोकगायक रामेश्वर गोप को मनोज तिवारी के साथ फिल्म में अभिनय करने का भी मौका मिला।वहीं छपरा शहर की हर्षिता राज को महुआ जैसे चर्चित चैनल से जुड़कर काम करने का मौका मिला।

# भाकपा (माले) की बदलो बिहार यात्रा पहुंची छपरा

## भाकपा माले ने सरकार की घोषणाओं को बताया चुनावी धोखा

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा सदर। भाकपा (माले) द्वारा बिहार के विभिन्न जोन में चल रही बदलो बिहार यात्राह्व के तहत सारण जोन की यात्रा 24 जून को पानापुर से प्रारंभ होकर इसुआपुर, तरैया होते हुए अमनौर होते हुए रात्रि विश्राम के लिए मंगलवार को छपरा पहुंची । यात्रा का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद कायम करना, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली को उजागर करना तथा वैकल्पिक राजनीति के लिए लोगों को प्रेरित करना है। यात्रा में भाकपा (माले) सारण के जिला सचिव सभा राय, वरिष्ठ नेता नागेंद्र शर्मा, जग्गू राय, अनुज दास, कौशिक और राजेश्वर महतो प्रमुख रूप से शामिल रहे। यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभाओं में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखी गई। माले नेताओ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश सरकार की हालिया घोषणाएं महज चुनावी छल हैं और बिहार की जनता अब इन जुमलों में नहीं फंसने वाली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जीविका कार्यकताओं के मानदेय में वृद्धि, महिला समूहों के कर्ज और 2 लाख रुपये की सहायता जैसी घोषणाएं केवल जनता को भ्रमित करने का प्रयास हैं। सभा राय ने कहा कि जब खुद सरकार 6000 रु. की मासिक आय तक को ह्यअतिनिर्धनह्व मानती है, तब जीविका कार्यकताओं के लिए 3000 रु. का मानदेय मजाक नहीं तो और क्या है? यह संघर्षशील महिलाओं के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार स्पष्ट करे कि बढ़ा हुआ मानदेय राज्य देगी या इसकी जिम्मेदारी जीविका समूहों पर ही थोप दी जाएगी। आशा, आंगनबाड़ी और रसोइया कार्यकताओं के लिए कोई घोषणा न होना भी दशार्ता है कि यह सरकार केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। महिला समूहों के कर्ज पर ब्याज दर में मामूली कटौती को भी उन्होंने एक छलावा करार दिया।

# पुरुष नसबंदी महिला बंध्याकरण की तुलना में अधिक सरल, सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया: सिविल सर्जन

छपरा। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जिले भर में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और योग्य दंपतियों को स्थायी व अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों के बारे में परामर्श व सेवा प्रदान करना है। जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु जिला अस्पताल एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी, गर्भनिरोधक गोलियां, कापर-टी और गर्भनिरोधक इंजेक्शन जैसी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। पुरुष नसबंदी महिलाओं की तुलना में अधिक सरल, सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया: सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि परिवार नियोजन को लेकर समाज में अब भी कई मिथक और भ्रांतियां व्याप्त हैं। विशेष रूप से पुरुष नसबंदी को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह गलतफहमी है कि इससे पौरुष शक्ति में कमी आ जाती है। वहीं कुछ लोग ठंड के मौसम में ही ऑपरेशन करवाने की बात कहते हैं, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गलत है। सीएस ने कहा, पुरुष नसबंदी महिलाओं की तुलना में अधिक सरल, सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है। इसमें न तो कोई कमजोरी आती है, न ही कार्यक्षमता पर प्रभाव पड़ता है। जरूरत है केवल मिथकों को तोड़कर जिम्मेदार पिता और पति बनने की सोच को अपनाने की।माइक्रोप्लान के तहत होगी सेवा विस्तार की रणनीति स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पखवाड़ा के लिए एक माइक्रोप्लान तैयार किया जा रहा है,

# 10 जुलाई को धूम-धाम से मनाई जाएगी भोजपुरी के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर की पुण्यतिथि



छपरा कार्यालय। सारण की ऐतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक भूमि पर पैदा हुए प्रसिद्ध भोजपुरी कवि, नाटककार, गीतकार, और लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की 54 पुण्यतिथि आगामी 10 जुलाई को समारोहपूर्वक मनाई जाएगी। शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में शनिवार को तैयारी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसने निर्णय लिया गया कि आगामी जुलाई माह में श्री ठाकुर की पुण्यतिथि भभ्य रूप से मनाई जाएगी जिसमें सर्व समाज के भोजपुरी भाषा प्रेमी शिरकत करेंगे। इस समारोह में प्रदेश स्तर के राजनेता भी शरीक होंगे। राजद नेता व नाई समाज के प्रदेश प्रतिनिधि राजकिशोर प्रसाद ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस तैयारी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि भिखारी ठाकुर को मरणोपरांत राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने हेतु संघर्ष का आगाज किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर भोजपुरी साहित्य और संस्कृति में जो अमिट छाप छोड़ गए हैं वह अमर है। वे भोजपुरी जनचेतना के महानायक कहे जाते हैं। जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन एक कला साधक के रूप में सामाजिक कुरीतियों को नष्ट करने में लगा दिया। वे अपने नाटक व गीतों के माध्यम से तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था ,उंच-नीच का भेद, स्त्री उत्पीड़न, आदि तत्कालीन रूढ़िवादिता के खिलाफ लोगों को आवाज दिया। आगे चल कर समाज से यह रूढ़िवादिता खत्म हुआ। 10 जुलाई 1971 को छपरा के कुतुबपुर गाँव मे एक साधारण नाई परिवार में जन्म लेने वाले भिखारी ठाकुर धरती से अलविदा हुए थे। उनके प्रसिद्ध कार्यों में ह्वबिदेसियाह्व, ह्वगबरघिचोरह्व, ह्वबेटी बेचवाह्व और ह्वभाई बिरोधह्व शामिल हैं। वह अपने नाटकों में सामाजिक मुद्दों को उजागर करने और भोजपुरी भाषा को लोकप्रिय बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी रचनाएं आज भी समाज का दर्पण है। खुद किताबों से दूर रहे, बमुश्किल अक्षर ज्ञान प्राप्त कर पाने वाले भिखारी ठाकुर पर अब तक सैकड़ों किताबें लिखी जा चुकी हैं। कई विश्वविद्यालयों में उन पर शोध कार्य हो रहे हैं।उनकी रचनाएं इतनी विस्तृत हैं कि तत्कालीन बिहार का पूरा सामाजिक विवरण उनके कुछ नाटकों के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है।उनके नाटकों में समाज की जिन समस्याओं पर प्रहार किया गया वे तमाम समस्याएं आज भी मौजूद हैं। , पलायन, विस्थापन , स्त्री चेतना, वृद्धों, विधवाओं आदि पर लिखे गए बिहारी साहित्य की आवश्यकता आज के समाज को भी उतनी ही है जितनी पहले थी। बिहार सरकार के कला संस्कृति विभाग द्वारा उनके नाम पर भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी का निर्माण किया गया है। जहाँ जिला प्रशासन एवं अन्य निजी संस्थानों के कार्यक्रम आयोजित होते हैं।आगामी 10 जुलाई को भिखारी ठाकुर की 54 वीं स्मृति दिवस चुनावी वर्ष में इस लिए भी खास होगी कि अब तक भोजपुरी भाषा को संवैधानिक दर्जा देने का विभिन्न दलों के दावे का हवा ही निकला है! तैयारी समिति की आयोजित बैठक में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजकिशोर प्रसाद ठाकुर, डॉ सुभाष ठाकुर, सुरेश ठाकुर,धर्मेंद्र ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# रक्सौल रेलवे पार्क जो कल तक था गुलजार, आज हो गया है बदहाल

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। गेटवे ऑफ नेपाल के नाम से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शहर रक्सौल रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन एवं ए ग्रेड का दर्जा प्राप्त है, लेकिन दुर्भाग्यवश वह व्यवस्था कम से कम रेलवे पार्क में दूर-दूर तक नजर नहीं आती है। गौरतलब है जब इस पार्क का निर्माण हुआ था तो स्थानीय लोगों एवं यात्रियों को काफी हर्ष हुआ था, परन्तु कालांतर में यह पार्क आवारा मवेशियों एवं असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया था, लेकिन वर्ष 2019 में स्वयंसेवी समाज सेवी संगठन भारत विकास परिषद शाखा -रक्सौल जब अस्तित्व में आया तो परिषद ने भारत-नेपाल के इस प्रमुख रेलवे पार्क को विकसित करने तथा इसे हरा-भरा रखने का जिम्मा लिया। परिषद द्वारा पार्क को हरा भरा रखने का जिम्मा लेकर रंग बिरंगे फूल, औषधीय एवं फलदार पौधे समय-समय पर जाली सहित लगाकर एक नया क्लेवर प्रदान किया गया था। साथ ही परिषद द्वारा पार्क के रख रखाव के लिए एक माली की नियुक्ति की गयी थी, जिसका मेहताना परिषद द्वारा अदा किया जाता रहा था। माली पार्क एवं पौधों की रखवाली के साथ-साथ साफ - सफाई पर भी बखूबी अंजाम देता रहा।

साथ ही परिषद के पहल पर पार्क में रेलवे द्वारा फव्वारा लगाया। परिषद द्वारा अपने निजी कोष से सेल्फी प्वाइंट निर्माण कराया गया, जिसका लोकार्पण दो अक्टूबर 2021 को हुआ। रेलवे पार्क में रंगीन फव्वारा शुरू होने के बाद शहरवासी एवं यात्रीगण अपने मोबाइल से सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेने भी आनंद उठा रहे थे।

गौरतलब है कि भा.वि.प. के अस्तित्व में आने के पश्चात रेलवे पार्क को सजाने एवं हरा-भरा रखने का जिम्मा परिषद ने लिया तब से लेकर अब तक विभिन्न मौकों पर परिषद द्वारा पार्क में विभिन्न किस्म के पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की प्रतिबद्धता के साथ जागरूकता को बढ़ावा दिया। परिषद ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने सेल्फी प्वाइंट के थ्री डी बोर्ड पर केर कर सभी शहरवासियों विशेषकर युवाओं को संदेश देने का प्रयास किया गया।

वे शहर के प्रति एक लगाव महसूस करें तथा शहर को स्वच्छ एवं हरा -भरा रखने के लिए प्रतिबद्ध रहें। लोकार्पण के बाद सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेने वाले की भारी भीड़ उमड़ती रही थी। बता दें विगत तीन वर्षों से भा.वि.प. को पार्क के रखरखाव के जिम्मा को रेलवे द्वारा अनापत्ति पत्र विस्तारित नहीं किया गया। फलस्वरूप परिषद को रेलवे पार्क को हरा भरा रखने कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा, लेकिन अब स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद आज इस पार्क की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। परिषद द्वारा बनवाये गये सेल्फी प्वाइंट पूरी तरह से डैमेज हो चुका है। इसकी सुरक्षा के लिए बने स्टील बैरिकेडिंग के पाइप एवं इसमें लगे लेटर सब गायब हैं। यह पार्क जो यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों के लिए सुखद स्थान था ,अब उपेक्षा का शिकार है। पार्क में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। कचरा, प्लास्टिक थैलियां, जूठन , प्लास्टिक की बोतलें कहीं तो कहीं मल मूत्र भी बिखरा हुआ है। पार्क स्थित फूड कैफे भी बन्द हो गया है। फलस्वरूप पार्क में गंदगी का अम्बार देखकर अब गाड़ियों की प्रतीक्षा में पार्क में अपना समय व्यतीत करने वाले यात्री भी यहां आने से परहेज कर रहे हैं। स्थानीय लोग तो शहर के इस एकलौते पार्क में आना लगभग छोड़ ही दिया है।

# गया जी के मोहड़ा प्रखंड के अनुमंडलीय अस्पताल का किया गया औचक निरीक्षण

## दो डॉक्टर सहित एक कर्मी मिले गायब




प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल, रक्सौल का निरीक्षण किया। साथ ही 11:00 बजे से रोगी कल्याण समिति के संशोधित दिशा निर्देश 2024 के आलोक में बैठक की अध्यक्षता की गई। जिसमें अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अस्पताल के सभी वार्डो का निरीक्षण किए, जिसमें ओपीडी वार्ड के दो डॉ. प्रिया साह एवं डॉ. रिजवाना हुसैन अनुपस्थित पाए गए।

साथ ही एक फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अनिशा सहनी भी अनुपस्थित पाई गई, जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा खेद व्यक्त करते हुए उपाधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कोई भी डॉक्टर अगर अपने निर्धारित समय से नहीं आते है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अस्पताल में जीविका के द्वारा संचालित दीदी की रसोई का भी निरीक्षण कर उसमें पाई गई कमियों के लिए बैठक में उपस्थित जीविका के कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अनुमंडलीय अस्पताल रक्सौल के साफ-सफाई को ध्यान रखने हेतु उपाधीक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही कुछ दावा को उसके निर्धारित टेंपरेचर में रखने का निर्देश दिया गया। कुछ वार्डो में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे पंखा एवं एसी कार्य नहीं कर रहा था।

उसकी जानकारी लेते हुए कहा कि इसकी मरम्मती का कार्य अविलंब कराएं। वही मरम्मती कार्य में हो रहे दिक्कतें से संबंधित पत्र अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का निर्देश उपाधीक्षक, रक्सौल डॉ. राजीव रंजन को दिया गया।

## अपराध नियंत्रण को ले डीएसपी के नेतृत्व में बिक्रम पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

प्रात: किरण संवाददाता


बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी अपराध नियंत्रण को ले स्थानीय पुलिस चौकस है, स्थानीय प्रशासन लगातार अलर्ट मोड में दिख रहीं हैं, थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है` इसी कड़ी में मंगलवार के शाम पालीगंज डीएसपी 2 उमेश्वर चौधरी के नेतृत्व में असपुरा में वाहन सर्च अभियान चलाया गया । इस दौरान दर्जन भर वाहनों को कागजात के अभाव और ट्रिपल लोडिंग के कारण जब्त किया गया। डीएसपी उमेश्वर चौधरी ने बताया कि पुलिस द्वारा यह सर्च अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा। वैसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, और ट्रिपल लोडिंग में पकड़े जाएंगे उन वाहन मालिकों से न केवल जुमार्ना वसूला जाएगा बल्कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। सर्च अभियान में वाहन मालिकों से वसूल किया गया व उन्हें चेतावनी भी दी गयी है कि बिना कागजात और नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों को बख्शा नही जाएगा।

थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि जांच के दौरान आर्म्स पर भी ध्यान रखा जा रहा हैं। हर पहलू से जांच किया जा रहा हैं। बढ़ते अपराध को रोकने के लिए वाहन जांच अति आवश्यक है। जांच अभियान के दौरान बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार, एसआई वरुण कुमार, विष्णु कुमार, धनंजय कुमार, राहुल कुमार, राजकिशोर , एएसआई मुन्ना कुमार, मिथिलेश कुमार व संजय पाल समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे`

# चालकों की सुविधा के लिए नगर में चार स्थानों पर बनेगा ई.रिक्शा चार्जिंग स्टेशन:गरिमा

- महापौर की अध्यक्षता में संपन्न नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की सम्पन्न बैठक में हुआ निर्णय
- संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में मुख्य नालों पर से अभियान चला, अतिक्रमण हटाने का बैठक में लिया गया निर्णय
- संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा के साथ विकास योजनाओं को गति देने का प्रस्ताव पारित

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम के सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाबत महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में चलने वाले सैकड़ों ई रिक्शा चालकों की सुविधा के लिए सघन शहरी क्षेत्र में कुल चार स्थानों पर ई.रिक्शा चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इसके लिए हरिवाटिका बस स्टैंड, हजारी, छावनी ओवर ब्रिज के नीचे और रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ यानि कुल मिलाकर चार स्थानों का चयन फर्स्ट फेज में किया गया है। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में मुख्य नालों पर से अभियान चला कार्यक्रमण हटाने का भी निर्णय का प्रस्ताव सशक्त स्थायी समिति की बैठक में पारित किया गया है। इसके साथ ही महापौर ने बताया कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के जारी साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा के साथ उसमें सुधार के लिए सघन जांच का निर्णय किया गया है।

वही संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में जारी करोड़ों के विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में योजनाओं को गति देने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का संचालन नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने किया। वही बैठक की चर्चा में सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य शामिल रहे।

## भाजपा नेता अति पिछड़ा सामुदाय के गांव में बैठकर समस्याओं से अवगत हुए



प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी दीपक शर्मा , पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी, भाजपा नेता वेंकटेश शर्मा , मणिकान्त शर्मा, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरजमल यादव ने करपी प्रखंड के केयाल पंचायत अंतर्गत बहेलिया बिगहा अति पिछड़ा सामुदाय के गांव में जाकर आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य जन उपयोगी समस्याओं का जानकारी प्राप्त किया गया। मौके पर उपस्थित निजी कंप्यूटर ऑपरेटर अभिनाष कुमार पटेल के सहयोग से समस्या निंदान करने का प्रयास किया गया। प्रत्याशी दीपक शर्मा ने कहा कि गांव में गरीब गुरबा के यहां आज भी अनेकों समस्या खड़ी रहती है हम सब भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य बनता है कि गांव के गरीब गुरबा के साथ बैठकर उसके मूलभूत समस्याओं का जानकारी प्राप्त करें, एवं उसके निदान के लिए हर संभव प्रयास करें। हम लगातार गरीब गुरबा के गांव में बैठकर इसी तरह के समस्या और समाधान निकलने का प्रयास कर रहे हैं।

आगे उन्होने कहा की देश के प्रधान मंत्री नरेंद्रभाई मोदी और बिहार के मुख्य मंत्री नितीश कुमार का प्रथम निती मे गरीब परिवार के जीवन शैली मे सुधार लाना है। आज बिहार सरकार ने वृद्धा पेंशन चार सौ रुपए से बढ़ाकर ग्यारह सौ रुपए कर दिया है अब जुलाई माह से सभी को ग्यारह सौ रुपए पेंशन मिलेगा।

## पुलिस ने लोडेड कट्टा तथा कारतूस किया बरामद,प्राथमिकी दर्ज

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के यादवपुर में एक व्यक्ति द्वारा दुकान के छज्जे पर लोडेड कट्टा व गोली रख दुकानदार को फंसाने की साजिश रची गई ।हालांकि पुलिस ने फंसाने की कोशिश करने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है ।बताया जा रहा है कि यादवपुर के कुणाल कुमार का गांव के कुछ लोगों के साथ जमीन विवाद चल रहा है ।कुणाल को फंसाने की नीयत से उसी के गांव के एक व्यक्ति ने उसकी दुकान के करकट के छज्जे पर लोडेड कट्टा व एक जिंदा गोली रख दिया ।फिर पुलिस को मोबाइल से सूचना दे दी ।पुलिस कुणाल की दुकान पर पहुंची और छज्जे के ऊपर काले पॉलीथिन में छुपा कर रखा गया लोडेड कट्टा व एक जिंदा गोली बरामद की ।लेकिन तब तक काफी दुकानदार वहां पहुंच गए ।सभी दुकानदार कुणाल को निर्दोष बताने लगे ।इस पर पुलिस को सूचना देने वाले पर शक हो गया ।इसके बाद पुलिस ने सूचक के मोबाइल नंबर के आधारपार प्राथमिकी दर्ज की है ।साथ ही उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

## सुरेंद्र सिंह भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बने

कुर्था ( अरवल ) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के राणा नगर गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मनोनीत किया गया। हालांकि सुरेंद्र सिंह को प्रदेश कार्य समिति के सदस्य चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने हार्दिक बधाई दी है। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि सुरेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी के पुराने सिपाही रहे हैं और पार्टी के सिद्धांतों को प्रारंभ काल से ही जन-जन तक पहुंचने में इन्होंने अपनी आम भूमिका निभाई है। वहीं भाजपा नेताओं ने कहा कि सुरेंद्र सिंह को प्रदेश कमेटी मैं शामिल करने से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। आने वाले दिनों में कुर्था विधानसभा क्षेत्र में पार्टी बेहतर तरीके से कार्य करेगी। बधाई देने वालों में भाजपा नेता रामाशीष दास, लाला शर्मा, उमेश यादव, सुधीर शर्मा, राकेश रंजन साहू, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता मिराज आलम, समेत कई भाजपा नेता शामिल थे।

## बहुजन भीम संकल्प समागम में आने के लिए खिजरसराय प्रखंड के लोगों को दिया निमंत्रण : अरविंद सिंह

गया जी ।लोक जनशक्ति पार्टी( रामविलास ) के अतरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय सचिव सह झारखण्ड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह अतरी विधानसभा के क्षेत्र मे 29/06/2025को राजगीर मे बहुजन भीम संकल्प समागम के तैयारी के लिए आज खिजरसराय प्रखंड के ग्राम करपी,नवडीहा, पचमहला, पथरा, तेतारपुर, चिरैली बाजार में आमंत्रण देते हुऐ एवं चिरैली बाजार के बिगन गुप्ता को व्यवसाय प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है ।उसके बाद अतरी विधानसभा के अतरी प्रखंड के विभिन्न गाँव में आमंत्रण देते हुऐ ग्राम पियार, डिहुरी, मिसिर बिगहा, साथ में राजू सिंह, निर्भय कुमार,पूर्व मुखिया अरविन्द सिंह, प्रखंड अध्यक्ष उत्तरी -दक्षिणी योगी पासवान, राजू पासवान,अतरी प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ चौधरी मंटु सिंह, सोहन यादव, कुन्दन कुमार, संतन कुमार, आदि।

## चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद, तीन को किया गिरफ्तार

पटना सिटी। चौक थाना की पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उन सबों के पास से पांच चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि पिछले 20 जून को मोटरसाइकिल चोरी की घटना हुई थी। इसके बाद प्राथमिककी दर्ज कर ली गई। चौक थानाध्यक्ष दुष्यंत कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इस टीम ने मंगल तालाब के रहने वाले किशोर को लंगूर गली से गिरफ्तार किया। उससे हुई पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर किला घाट के रहने वाले मंजीत कुमार और नंदगोला श्रीघाट के रहने वाले अरुण कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों के पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल को बरामद किया है। डीएसपी डॉ गौरव ने बताया कि गिरफ्तार किशोर के खिलाफ पहले से भी मामला दर्ज है। छापेमारी दल में दारोगा मनोज कुमार, सुनील कुमार, रोहित कुमार, गौरव कुमार, बबलू कुमार आदि थे।

# वर्तमान सरकार में सबसे अधिक वैश्य समाज पर जुल्म : समीर महासेठ

- मारूफगंज के दलहट्टा में 29 को बापू सभागार पहुंचने का आह्वान

प्रातः किरण संवाददाता




पटना सिटी। राष्ट्रीय वैश्य महासभा, बिहार के द्वारा पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के मारूफगंज दलहट्टा के सरवानी धर्मशाला में बैठक की गई। इसमें बापू सभागार में होने वाली वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पह्लाद प्रसाद स्वर्णकार तथा संचालन पूर्व वार्ड पार्षद बलराम चौधरी ने की।इसमें राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री समीर महासेठ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी एकजुट होकर 29 जून रविवार को बापू सभागार को एक भी सीट पर खाली नहीं रखें और अपनी ताकत का अहसास कराएं, ताकि जितनी हिस्सेदारी उतनी भागीदारी मिल सके। वर्तमान सरकार में सबसे ज्यादा वैश्य समाज पर जुल्म एवं अत्याचार हुआ है। विधान पार्षद विनोद जायसवाल ने कहा कि हम सभी सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत होने के बावजूद भी हम अंतिम पायदान पर हैं। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में बड़ी आबादी होने के बाद भी वैश्य समाज का जनप्रतिनिधि नहीं है। यह दुर्भाग्य है। राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ पीके चौधरी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने 17 माह में निवेशकों के लिए योजना बनाई थी, ताकि वैश्य समाज को रोजगार मिल सके।

पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने कहा कि 29 जून को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से वैश्य समाज अधिक से अधिक बापू सभागार को भरने का काम करे, ताकि वैश्य आयोग के गठन की मांग पूरा हो सके।

बैठक को संबोधित करने वालों में महिला प्रदेश अध्यक्ष सीमा गुप्ता, मुन्ना जायसवाल, अभय जायसवाल, मनजीत आनंद साहू, श्रीमती उमा दफ्तुआर, स्मिता पूर्वे, रमाकांत गुप्ता, चुन्नू गुप्ता, दिवाकर गुप्ता आदि ने राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के लोगो ने मारूफगंज, मंसूरगंज, नंदगोला, चौक, महाराजगंज आदि में जनसंपर्क चलाया।

## शराब के नशे में युवक ने की पिता पुत्र के साथ मारपीट

मशरक। मशरक में नशे में धुत युवक ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जिन्हें घायलावस्था में मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है। घायल पिता-पुत्र मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पकड़ी गांव के हरेश्वर पाण्डेय 55 एवं उनका पुत्र आशुतोष कुमार पाण्डेय 18 वर्ष है। घायल हरेश्वर पाण्डेय ने बताया कि पड़ोस का युवक शराब के नशे में आकर गाली-गलौज करते हुए बेटा आशुतोष कुमार पाण्डेय को मारने लगा। पुत्र आशुतोष चिल्लाया तो हम दौड़ कर बचाने के लिए गये तो हमे भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## छत से गिर छात्रा घायल, छपरा सदर रेफर

मशरक । छत पर खेल रही छात्रा का पैर फिसल जाने से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर एसके विद्यार्थी ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल छात्रा की स्थिति नाजुक देख बेहतर इलाज हेतु छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल छात्रा मशरक थाना क्षेत्र के मशरक दक्षिण टोला गांव निवासी सुनिल नट के 11वर्षीय पुत्री नंदन कुमारी के रूप में हुई है। घायल छात्रा नंदनी गांव में सरकारी स्कूल में 7वीं क्लास में पढाई करती है। स्कूल से पढने के बाद घर आइ थी। खाना खाकर छत पर खेल रही थी। इसी बीच पैर फिसल गया और नीचे गिर घायल हो गई।

# 29 जून को राजगीर में आयोजित बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी:सत्येन्द्र रंजन

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। 29 जून को राजगीर में आयोजित लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पटना पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत खुसरूपुर प्रखंड के ग्राम - हेमजापुर में पर्यवेक्षक सह लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) अरवल जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के उपस्थिति में प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान के अध्यक्षता में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई । बैठक के पर्यवेक्षक सह जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने संबोधित करते हुए कहा कि राजगीर में आयोजित बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी । उन्होंने कहा कि बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे । बहुजनों के सामाजिक , आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान 24 घण्टे तत्पर रहते हैं ।

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास देश में बहुजनों के ऊपर शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ हमेशा संघर्ष करती रहती है । केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान बहुजनों के सर्वमान्य नेता है । बैठक में पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव , बख्तियारपुर विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र यादव , महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष निभा पासवान , प्रियंका पासवान , सभी पंचायत अध्यक्ष सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए ।

## इसुआपुर में स्कॉर्पियो से 624 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

इसुआपुर । सक्रिय पुलिसिंग के तहत मध्य निषेध इकाई पटना की टीम द्वारा सूचित किए जाने पर इसुआपुर पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग कर एक स्कॉर्पियो से 723.86 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वहीं धंधे में प्रयुक्त एक उजले रंग की स्कॉर्पियो, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल तथा चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चालक इसुआपुर थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा गांव के स्वर्गीय ध्रुव प्रसाद का पुत्र अर्जुन कुमार ने पुलिस को बताया कि यह शराब की खेप सोनू सिंह का है। जिसे मुझे अन्य जगहों पर पहुंचाने के लिए कहा गया है । इस मामले में अर्जुन कुमार एवं अन्य 12 अभियुक्तों के विरुद्ध इसुआपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 की तैयारी को ले जिला निर्वाचन अधिकारी सह डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुइ समीक्षा बैठक

प्रातः किरण संवाददाता




गया जी ।समाहरणालय सभागार में बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 की तैयारी के लिए में जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे, जबकि टेकारी, नीमचक बथानी, और शेरघाटी के अनुमंडल अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हैं ।प्रमुख बिंदु और निर्देश:मतदान केंद्रों का निरीक्षण:सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण पूरा हो चुका है ।जहां मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, शौचालय आदि की कमी पाई गई, उसे तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया गया है ।मतदाता सूची का अद्यतनःमतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्राप्त फॉर्म 6, 7, और 8 का समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है ।आवेदन रद्द होने के कारणों का रजिस्टर संचिका संधारित करने का आदेश ।मृत व्यक्तियों के नाम सत्यापन के बाद मतदाता सूची से हटाने का निर्देश दिया गया है। ।मतदाता जागरूकता अभियान:स्वीप गतिविधियों को तेज करने का आदेश ।स्वीप प्लान कैलेंडर तैयार करने और उसका पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

।राजनीतिक दलों की भागीदारी:राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट बी एल ए की नियुक्ति करने और उनके नाम देनेका निर्देश दिया गया है। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव के लिए सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## नव्या प्रोजेक्ट का हुआ शुभारंभ ,छात्राओं को फैशन डिजाइन का दिया जाएगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

शेरघाटी। प्रखंड क्षेत्र के कामत गांव में मंगलवार को नव्या प्रोजेक्ट का हुआ शुभारंभ उक्त कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के द्वारा किया गया वही बातचीत के दौरान संचालक ने बताया कि नव्या प्रोजेक्ट के माध्यम से छात्राओ को फैशन डिजाइनिंग सिलाई कटाई के अलावे अन्य चीजों का प्रक्षिण कराया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार के द्वारा संचालित किया जा रहा है इसमें छात्राओ को निशुल्क तौर पर कोर्स कंप्लीट कराई जाएगी ताकि उन्हें कहीं भी बेहतर तरीके से काम करने में आसान हो इसकी जानकारी दी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 25 जून 2025



# गया जी में चल रहे श्री विद्या त्रिकुटी कुमकुमार्चन महायज्ञ के समापन समारोह में जुटे पर्यटन मंत्री एवं विधायक

## 6.50 करोड़ सहस्त्रनाम के पाठ डोल बाजे के साथ हुई मां की विदाई

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।श्री विद्या त्रिकुटी कुमकुमार्चन महायज्ञ का समापन हुआ है।सिंदूर महायज्ञ 6.50 करोड़ माता ललिता सहस्त्रनाम का पाठ तिन दिन में सम्पन्न हुआ है इस पाठ के समापित के बाद भव्य रुप से पूणाहुति हुई है।फिर भगवती माता ललिता की विदाई समारोह शुरू हुआ है ।गया जी के पावन भूमि पर तीन दिवसीय भगवती माता ललिता देवी महायज्ञ का समापन बड़ी धूमधाम से धर्म सभा भवन से निकलते हुए चंद चौराहा होते हुए गया जी के दक्षिण में स्थित रुक्मणी तालाब में माता का विसर्जन हुआ है।इस समापन समारोह के दिन माता ललिता के दर्शन एवं सिंदूर अर्चना को लेकर महिलाओं में



काफी उत्साह देखा गया है ।सुबह से ही महायज्ञ स्थल धर्म सभा भवन पहुंचने लगी, महिला फिर देवी ललिता की प्रतिमा के सामने बैठकर सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर की अर्चना की,जो दो पाली में संपूर्ण हुई है सिंदूर अर्चना में सिंदूर एवं खीर से पूणाहुति हुई, इसके बाद ढोल बाजे के साथ मां भगवती मां ललिता की विदाई की गई है ।उनकी प्रतिमा को रुक्मणी सरोवर में विश्वजीत किया गया है ।इसके पहले माता को रुक्मणी सरोवर के किनारे मां की आरती हुई जिसमें हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पू , अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन,मधु शर्मा और बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री ने आरती किया है ।

इधर महायज्ञ के समापन समारोह में बिहार सरकार के लघु सिंचाई विभाग के कैबिनेट मंत्री संतोष कुमार सुमन भी इस महायज्ञ में शामिल हुए हैं।इस बीच उन्होंने कहा कि संतान धर्म हमारा मूल्य है सिंदूर महायज्ञ से प्रत्येक देशवासियों को आशीर्वाद मिलेगा , आगे उन्होंने कहा कि राज के प्रत्येक गांव में भगवती ललिता का महायक्ष होना चाहिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जो न्याय हुआ है और बिहार में सिंदूर से जो यज्ञ हो रहा है इस गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऊर्जा का संचार होगा ,इन अतिथियों के स्वागत में अनिल स्वामी एवं हरि प्रपन्ना और पप्पू जी ने किया है ।

**महायज्ञ में समापन में उमड़ी हजारों महिलाओं और भक्तों भारी भीड़**

इस समापन समारोह में बिहार सरकार के लघु सिंचाई के कैबिनेट मंत्री संतोष कुमार सुमन ,संत वेंकटेश प्रपन्नाचार्य ,राष्ट्रीय सेवा संघ के वरिष्ठ प्रचारक उपेंद्र त्यागी, बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष प्रोफेसर अप्सरा मिश्रा, पूर्व सांसद धीरेन्द्र अग्रवाल, पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू प्रसाद, हम के प्रधान महासचिव राजेश पांडे ,पुष्पा मांझी, राज महिला आयोग की सदस्य पिंकी कुशवाहा ,श्याम सिंह , अर्चना भट्ट,अनिल स्वामी, शांति निकेतन एकाडमी के डायरेक्टर सह समाज सेवी हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पू , मणी लाल बारिक,मनिष कश्यप,कमल बारिक,लव कुमार सिंह, अनंत धीश अमन, मधु शर्मा, अर्चना भट्ट ,मधु शर्मा,विणा गिरी,आदि मौजूद थे

# मगध दुग्ध संघ ने की बैठक का आयोजन


## विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को कराया अवगत

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था, स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर के प्रांगण में मगध दुग्ध केंद्र में मगध दुग्ध संघ गया के तरफ से बीएमसी कुर्था के अंतर्गत सभी पर्थो के सचिव अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मगध दुग्ध संघ गया के प्रमाण प्रभारी मोहम्मद सरफराज अहमद जिला प्रभारी अरवल राजीव कुमार बीएमसी प्रभारी मजहबी परवीन रागिनी कुमारी नवीन कुमार समेत कई लोग उपस्थित हुए जहां दुग्ध समिति की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुना और उसका निराकरण करने को लेकर हामी भरी इस मौके पर मगध दुग्ध संघ गया के प्राप्रण प्रभारी मोहम्मद सरफराज अहमद ने कहा कि गाय के दूध उत्पादन की समस्याओं को रोकना उच्च उपज देने वाली गाय की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करना सुनिश्चित करने से इष्टतम उत्पादन सुनिश्चित होगा और दूध उत्पादन और गुणवत्ता संबंधी समस्याओं को रोका जा सकेगा। पर्याप्त पोषण वाली गाय स्वस्थ होगी और उच्च दूध उत्पादन से जुड़े तनावों का प्रबंधन करने में सक्षम होगी।दूध देने वाली गाय के आहार में अपर्याप्त ऊर्जा के कारण दूध में प्रोटीन की कमी, दूध की कम पैदावार, प्रजनन क्षमता में कमी और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी हो सकती है। इससे गाय को कीटोसिस, मास्टिटिस, लंगड़ापन और शारीरिक स्थिति में गिरावट सहित बीमारियों और चयापचय संबंधी विकारों का खतरा हो सकता है। अपने चरने वाले घास की खनिज स्थिति का नियमित रूप से आकलन करें ताकि आपको पता चले कि आपके झुंड की जरूरतों को पूरा करने के लिए कौन से खनिज पूरक करने हैं और पूरक के लिए सही स्तर क्या है। वसा की खुराक कम करना, फाइबर की मात्रा बढ़ाना और उनके आहार में प्रोटीन को अनुकूलित करना भी उत्पादन में सहायता करेगा। प्रजनन चक्र और मौसम के विभिन्न चरणों के लिए अपने पोषण कार्यक्रम को समायोजित करना भी इष्टतम उत्पादन सुनिश्चित करेगा। टेरा न्यूट्रीटेक सिस्टम हर दिन झुंड की जरूरतों को ठीक से पूरा करने में मदद करता है। मुख्य खनिजों को अलग-अलग खुराक दी जा सकती है, और सभी सिस्टम पानी की खपत के पैटर्न की निगरानी करते हुए सटीक खुराक देते हैं। यह सटीकता पशुओं के स्वास्थ्य को बढ़ाती है और खेतों को अधिक लाभदायक बनाने, अपशिष्ट को कम करने, उत्सर्जन को कम करने और श्रम को कम करने में मदद करती है।

# यदि चाहते हैं जीवन में उत्थान, आद्रा में जरूर जाए सत्यचंडी धाम

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की प्रसिद्ध तीर्थ स्थल एवं शक्तिपीठ सत्यचंडी धाम में आद्रा मेला के अवसर पर पूजा पाठ करने का विशेष फल मिलता है ।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने सत्यचंडी धाम का अवलोकन करते हुए बताया कि आद्रा नक्षत्र में जब भगवान सूर्य आद्रा नक्षत्र में प्रवेश करते हैं तो जहां-जहां शक्ति उपासना स्थल होते हैं वहां-वहां की शक्तियां आद्रा नक्षत्र तक जागृत हो जाती हैं ।ऐसी स्थिति में सत्यचंडी धाम में भी आद्रा नक्षत्र के पूरे दिनों में माता जागृत अवस्था में आ जाती हैं इस कालावधि में उनके निमित किए गए पूजा पाठ कभी निष्फल नहीं जाते। सत्यचंडी धाम में सती माता का रक्तिम हस्त गिरने का प्रमाण है ।यह धाम शक्ति उपासना के लिए सदियों से प्रचलित रहा है। प्राकृतिक सुषमा से आच्छादित सुरम्य पर्वत के तराई में माता का स्थान अत्यंत ही मनोरम एवं मनोहारी छवि को प्रस्तुत करती है ।जब कोई श्रद्धालू भक्त सच्चे मन से माता का दर्शन करने जाता है तो दर्शन मात्र से ही उसके मन में हृदय में भक्ति की अविरल धारा उमड़ पड़ती है। यदि कोई धनहीन व्यक्ति सच्चे मन से माता के दरबार में माता के दरबार में हाजिरी लगाता है तो उसे अवश्य धन की प्राप्ति होती है ऐसा यहां के बुजुर्ग लोग प्रमाण देते हैं। पवित्र बटाने के पावन तट पर अवस्थित माता का दरबार वर्ष भर नवरात्रि के महीने में विशेष कर एवं प्रत्येक रविवार को काफी भीड़ लगती है।

# भाजपा ने लालू यादव द्वारा डॉ.भीम राव अम्बेडकर के अपमान के खिलाफ दिया धरना

## माफी नहीं मांगी गई तो भाजपा इस आंदोलन को गांव-गांव तक ले जाएगी

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र को पैर के नीचे रख कर किए गए अपमान और लालू परिवार के अहंकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से आक्रामक हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को अरवल प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने भाजपा द्वारा एक दिवसीय विशाल धरना का आयोजन किया गया। धरना की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने की, जबकि संचालन जिला कार्यालय मंत्री धनंजय रविदास ने किया। धरना को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि अहंकार में चूर लालू परिवार पर बाबा साहब का अपमान के खिलाफ जनता के आक्रोश की अनदेखी भारी पड़ने वाली है। बिहार के दलित-वंचित व पिछड़ा समाज के लोग ही इस अहंकार को तोड़ेंगे। डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया। भाजपा बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनके आदर्शों को पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश परिषद सदस्य ई. संजय कुमार ने कहा कि लालू यादव को बाबा साहब के अपमान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर माफी नहीं मांगी गई, तो भाजपा इस आंदोलन को गांव-गांव तक ले जाएगी। उन्होंने राजद को दलित और पिछड़ा विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि पार्टी केवल वोट बैंक की राजनीति करती है। जिला महामंत्री संजीव कुमार ने कहा कि बाबा साहब का अपमान किसी एक जाति का नहीं, बल्कि पूरे देश का अपमान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने न सिर्फ अंग्रेजी हुकूमत से लड़ा, बल्कि समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ भी संघर्ष किया। करोड़ों युवा आज उनके विचारों से प्रेरणा लेते हैं । वहीं जिला मंत्री अमृत राज उपाध्याय ने कहा कि राजद कभी भी दलित हितैषी पार्टी नहीं रही है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं उनके परिवार के द्वारा बाबा साहब का अपमान किया गया है, जो अत्यंत निंदनीय है। यह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की नींव पर हमला है। धरना को पूर्व जिला उपाध्यक्ष भास्कर कुमार, जिला मंत्री अमृत राज उपाध्याय, जय साहू, मंडल अध्यक्ष भरत यादव, चंदन खत्री, सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। इस प्रदर्शन से यह साफ संकेत मिला है कि भाजपा, बाबा साहेब के सम्मान के मुद्दे पर किसी भी तरह का समझौता करने के मूड में नहीं है। पार्टी आने वाले दिनों में इस विषय को लेकर राजद के खिलाफ अपना जन आंदोलन और तेज कर सकती है। इस धरना में जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र विश्वकर्मा, गिरेन्द्र कुमार, जिला मंत्री नीतीश पासवान, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र कुशवाहा, कलेर पूर्वी मण्डल अध्यक्ष मनोज कुमार, संजय गुप्ता, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष सोनू कुमार, अनिल गुप्ता आदि थे।

# सत्यचंडी धाम रायपुरा एवं दोमुहान सूर्य मंदिर को कला संस्कृति के कैलेंडर में शामिल किया गया



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद से 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम महोत्सव एवं औरंगाबाद अंबा रोड में सडसा ग्राम के समीप दोमुहान सूर्य मंदिर महोत्सव को बिहार सरकार के कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल कर ली गई है ।इस आशय की जानकारी देते हुए सत्यचंडी धाम महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं दोमुहान सूर्य मंदिर के अध्यक्ष सिंहेश सिंह ने बताया कि सूर्य राघव मंदिर बडेम के अध्यक्ष, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह जी के भागीरथी प्रयास से दोनों ही महोत्सव को कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल किया गया है ।इस मौके पर सत्यचंडी धाम के प्रांगण में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया। जिसमें महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह,स्थानीय विधायक आनंद शंकर सिंह, वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी को पुष्पहार अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित जिला परिवहन संघ के अध्यक्ष राम सकल सिंह,महोत्सव के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह,सदस्य सुरेंद्र सिंह,शैलेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। महोत्सव के मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सत्यचंडी धाम जिला मुख्यालय से बहुत नजदीक है इसके कैलेंडर में शामिल होने से पर्यटन के क्षेत्र में विशेष बढ़ावा मिलेगा ।वहीं दोमुहान सूर्य मंदिर देव सूर्य मंदिर देव के बाद सर्वाधिक भीड़ वाला छठ का पवित्र सूर्य मंदिर है। जहां बटाने नदी के संगम पर लाखों छठ वर्ती छठ करते हैं इससे भी पर्यटन को विशेष बढ़ावा मिलने की संभावना है।

## न्यायधीश का हुआ तबादला

औरंगाबाद। पटना हाईकोर्ट ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य का तबादला बांका व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला जज के पद पर किया है आपको मालूम कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में न्यायिक सेवा दे चुके न्यायधीश निखिलेश कुमार त्रिपाठी बांका जिले में व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला जज पद से 30/06/25 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पटना हाईकोर्ट ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज प्रथम न्यायधीश इसरार अहमद की पदोन्नति करते हुए मोतिहारी व्यवहार न्यायालय के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बनाने कि अनुशंसा बिहार सरकार से किया है साथ ही बेतिया व्यवहार न्यायालय के जिला जज न्यायधीश अरूण कुमार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बनाने का अनुशंसा राज्य सरकार से किया है।

## 37.99 लाख मुआवजा देने का आदेश

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज चतुर्थ न्यायधीश आंनद भुषण ने मोटर दुर्घटना वाद -13/16 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए बोलेरो गाड़ी संख्या -बी आर 2एफ /4213 के गाड़ी मालिक को आदेश दिया है कि मृतक के परिजनों को 3799600 रूपए मुआवजा और वाद प्रस्तुत तिथि से 6% ब्याज दें, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मोटर दुर्घटना वाद के आवेदिका नितु कुंवर सरेया गोह ने 17/03/16 को बोलोरो गाड़ी मालिक और डाईवर पर मोटर दुर्घटना वाद दायर किया था जिसमें कहा था कि मेरे पति जयराम सिंह उम्र 32 वर्ष, जो चंडी इंटरप्राइजेज न्युज एरिया औरंगाबाद में 18500 रूप्रति माह में काम करते थे वे 14/12/15 को बाईक से देवहरा से सरेया गोह आ रहे थे तब तेजी और लापरवाही से आ रही बोलोरो ने जबरदस्त धक्का मार दिया जिससे मेरे पति बुरी तरह से जख्मी हो गए और घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी, आवेदिका के अधिवक्ता ने कहा कि मृतक एकमात्र कमाऊ सदस्य थे, आवेदिका के अलावा तीन पुत्री और दो पुत्र उनपर आश्रित थे, उनके बिना 15 बिघा खेत पर खेती बाधित है, विपक्षी के अधिवक्ता ने भी अपनी दलील रखी, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने कहा कि बीमावधि भी नवंबर 15 तक का था, घटना दिसंबर 15 में थी,न्यायधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात गाड़ी मालिक को मुआवजा तीन माह में देने का आदेश दिया है।

# ओम जय जगदीश हरे के रचयिता श्रद्धा राम शर्मा की 144 वीं पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद हुआ

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में आधुनिक हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार,वैष्णव परंपरा की प्रसिद्ध आरती ओम जय जगदीश हरे के रचयिता पंडित श्रद्धा राम शर्मा की 144 वीं पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर सामयिक संवाद के क्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि पंडित श्रद्धा राम शर्मा जी सनातन धर्म के प्रचारक,ज्योतिषी, महान स्वतंत्रता सेनानी संगीतज्ञ,हिंदी साहित्य के साथ-साथ पंजाबी साहित्य के भी प्रसिद्ध साहित्यकार थे। अपनी विलक्षण प्रतिभा और ओजस्वी वकृता के बल पर उन्होंने पंजाब राज्य में नवीन सामाजिक चेतना एवं



धार्मिक उत्साह को जगाया जिससे आगे चलकर साहित्यिक पृष्ठभूमि में भारतीय साहित्य को वैश्विक साहित्य के दौर में उत्कृष्टता प्रदान हुआ ।हिंदी साहित्य में उन्होंने तत्वदीपक,सत्य धर्म मुक्तावली,भाग्यवती, कौतुक संग्रह सहित दर्जनों पुस्तकें लिखी ।उनकी लिखी पुस्तकें प्रेरणाप्रद एवं हृदय में भाव झंकृत करने वाली होती हैं जो व्यक्ति सांसारिक बंधनों से पीड़ित है वह यदि श्रद्धा राम शर्मा जी की पुस्तकें पढ़ ले तो उसे आत्मिक शांति मिलती है ।ओम जय जगदीश हरे की रचना उन्होंने 1870 ईस्वी में की थी ।यह आरती इतनी प्रचलित हुई कि भारत के वैष्णव परंपरा के जितने भी मठ मंदिर हैं वहां गाई जाती है।

# शिक्षा ही समाज में समानता, सशक्तिकरण एवं प्रगति का आधार है, ऐसे प्रयासों से निश्चित ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा:डॉ. मनीष पंकज

➤ **महादलित बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास :डॉ. मनीष पंकज मिश्रा**

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने आज गया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भैरव स्थान के पास अनुसूचित जाति (महादलित) टोला का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा से जोड़ोह्व अभियान के तहत बस्ती के बच्चों के बीच कॉपी, किताबें, कलम बाटा गया इस पहल का उद्देश्य था कि समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए और उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाए ।डॉ.मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के उस सपने को साकार करने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास है, जिसमें उन्होंने अंत्योदय के सिद्धांत के तहत समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की बात कही थी। उनका मानना था कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो किसी भी समाज को सशक्त, स्वावलंबी और सम्मानजनक जीवन जीने की राह दिखा सकता है। डॉ. मिश्रा ने बच्चों से संवाद भी किया और उन्हें स्कूल जाकर नियमित पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं, और यदि वे शिक्षित होंगे तो समाज और देश दोनों का विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करें और उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें ।इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा डॉ. मिश्रा के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया कि उन्होंने महादलित बस्ती के बच्चों के लिए न केवल शैक्षणिक सामग्री दी, बल्कि उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह भी जगाया। यह कार्यक्रम एक प्रेरणास्त्रोत बनकर सामने आया है जो समाज के अन्य लोगों को भी इस दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा ।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा का यह अभियान एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश देता है – कि शिक्षा ही समाज में समानता, सशक्तिकरण और प्रगति का आधार है। ऐसे प्रयासों से निश्चित ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और दलित एवं महादलित समुदायों के बच्चों को भी एक उज्जवल भविष्य की राह मिलेगी। आज कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता भाजपा जिला कोषाध्यक्ष दीपक पांडे पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर मंटू कुमार महेश यादव बबलू गुप्ता सत्येंद्र वर्मा मनोज गिरी सुदामा मांझी भुई मांझी वीरेंद्र मांझी गटर मांझी गब्बू मांझी ईश्वर कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

# भाजपा नेता अति पिछड़ा सामुदाय के गांव में बैठकर समस्याओं से अवगत हुए





प्रातः किरण संवाददाता

अरवल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी दीपक शर्मा , पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी, भाजपा नेता वेंकटेश शर्मा , मणिकान्त शर्मा, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरजमल यादव ने करपी प्रखंड के केयाल पंचायत अंतर्गत बहेलिया बिगहा अति पिछड़ा सामुदाय के गांव में जाकर आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य जन उपयोगी समस्याओं का जानकारी प्राप्त किया गया। मौके पर उपस्थित निजी कंप्यूटर ऑपरेटर अभिनाष कुमार पटेल के सहयोग से समस्या निंदान करने का प्रयास किया गया। प्रत्याशी दीपक शर्मा ने कहा कि गांव में गरीब गुरबा के यहां आज भी अनेकों समस्या खड़ी रहती है हम सब भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य बनता है कि गांव के गरीब गुरबा के साथ बैठकर उसके मूलभूत समस्याओं का जानकारी प्राप्त करें, एवं उसके निदान के लिए हर संभव प्रयास करें। हम लगातार गरीब गुरबा के गांव में बैठकर इसी तरह के समस्या और समाधान निकलने का प्रयास कर रहे हैं। आगे उन्होने कहा की देश के प्रधान मंत्री नरेंद्रभाई मोदी और बिहार के मुख्य मंत्री नितीश कुमार का प्रथम निती मे गरीब परिवार के जीवन शैली मे सुधार लाना है। आज बिहार सरकार ने वृद्धा पेंशन चार सौ रुपए से बढ़ाकर ग्यारह सौ रुपए कर दिया है अब जुलाई माह से सभी को ग्यारह सौ रुपए पेंशन मिलेगा।

# प्रखण्ड समन्वयक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक हेतु स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण),लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत मूल्यांकन किया जाना है ।जिसको लेकर आज दिनांक 24/6/2025 को जिला परिषद् सभागार मे जिले के सभी प्रखण्ड समन्वयक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक हेतु स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है ।इस प्रशिक्षण में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला स्तरीय अधिकारी एवं आगा खा फाउंडेशन टीम की सक्रिय भागीदारी रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के प्रमुख घटकों जैसे सामूदायिक सहभागिता , सूचना शिक्षा संचार,डऊक्र स्थायित्व, सिटीजन फीडबैक , डायरेक्ट ऑब्जरवेशन पर विशेष चर्चा किया गया है। इस सर्वेक्षण के आधार पर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी



तैयार की जाएगी। इसको लेकर जिला प्रशासन अभी से तैयारियों में जुड़ गया है। इस सर्वेक्षण में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 के दिशा निर्देश के अनुसार स्वच्छता मापदंडों पर गांव की परिसंपत्ति जैसे शोक पीट,जंक्शन चैंबर,नली आउटलेट, डोर टू डोर कचरा उठाव,गोवर्धन योजना,प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट,वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट,शौचालय,सामुदायिक शौचालय आदि का मूल्यांकन किया जाना है ।इसके लिए सर्वे टीम प्रश्नावली के माध्यम से मुखिया ,ग्रामीणों, स्वच्छता कमी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका से साफ सफाई एवं अन्य बिंदुओं पर जानकारी इकट्ठा करेगी ।इसके आधार पर मूल्यांकन होगा और जिले की रैंकिंग तय की जाएगी।

# आदमपुर ग्राम में 27 जून को श्री राधा कृष्ण मंदकर से निकाली जाएगी रथ यात्रा

गया जी : बिहार के गया जी शहर के कालीबाड़ी निवासी अजय कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कालीबाड़ी निवासी अजय कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने बताया कि गयाजी जिले के खिजरसराय प्रखंड के आदमपुर ग्राम में 27 जून को श्री राधा कृष्ण मंदिर आदमपुर के तत्वाधान में रथ यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें श्री कृष्ण बलराम एवं सुभद्रा जी के लिए रथ यात्रा प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले महीना ही आदमपुर ग्राम में राधा कृष्ण की प्रतिमा और नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया है ।नवनिर्मित राधा कृष्ण के मंदिर से उड़ीसा के तर्ज पर श्री कृष्णा बलराम एवं सुभद्रा और जगन्नाथ भगवान का रथ यात्रा प्रारंभ होने जा रहा है। जिसमें दूसरे राज्यों से साधु संत पधारेंगे और 27 जून को सुबह 7:00 से 9:00 तक पूजा का कार्यक्रम होगा, उसके बाद 10:00 बजे से रथ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें ग्रामीणों की सहयोग से भगवान का रथ यात्रा नगर परिभ्रमण कराया जाएगा, फिर श्रद्धालुओं के बीच में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने ग्राम वासियों से अनुरोध किया है कि इस रथ यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और ग्राम परिभ्रमण में सहभागी बने। इस मौके पर मंटू यादव, वीरेंद्र प्रसाद चंद्रशेखर गिरी, अवधेश राय, अनुरोध कुमार, अनिल साव एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे हु।

## दो पिकप वाहन से पुलिस ने भारी मात्रा में पकड़ा शराब चार गिरफ्तार गए जेल

शेरघाटी ।पुलिस ने थाना क्षेत्र के सोंनडीहा भटकुरहा मुख्य मार्ग पर वाहन जांच के दौरान दो पिकअप वैन पर लदे 5580 किलो फूल महुआ एवं देसी शराब के साथ पुलिस ने जप्त किया है, शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के दौरान दो पिकअप वैन पर लदे हुए झारखंड की ओर से आ रहे फूल महुआ शराब एवं शराब के साथ गाड़ी संख्या इफ02 ऋअ 1753 एवं खल 02 अ 7358 पर संघनन जांच के दौरान 2790 किलो का बोरी एवं प्लास्टिक का प्रत्येक बोर में शराब बरामद किया गया. उक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार शराब कारवाइयों को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार शराब कारोबारी के पहचान टोनी मांझी, अजीत कुमार, नागेंद्र कुमार, मुन्ना खान सभी थाना क्षेत्र के घाघर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस करवाई करते हुए दोनो वाहन को जप्त कर सभी शराब कारोबारी के खिलाफ बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## बिहार के बचे सात प्रमंडल में सिंदूर अर्चना करेंगे :रोहित कुमार सिंह

गया जी ।युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने बताया कि तीन दिनों तक चल महायज्ञ में 15000 से ऊपर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया है आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंदूर का मान रखा है और आज बिहार ने सिंदूर महायज्ञ किया है इसका मतलब भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता है बिहार में युवा वर्ग को संगठित कर संतान धर्म के ध्वज को लेकर भारत को 2047 के पहले विश्व शक्ति बनाने के लिए श्रमदान करेंगे ।अगले 2 महीने में राज्य के बच्चे सात प्रमंडल में सिंदूर महायज्ञ का आयोजन करेंगे।

## जनता दरबार मे लगभग 80 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया

गया। जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर के जनता दरबार में आज लगभग 80 आवेदकों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। पंचायत सरकार भवन की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अंचलाधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है। जमाबंदी रद्द करने हेतु लंबे समय से आवेदन दिया गया है, परंतु अभी तक कार्य नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अंचलाधिकारी को मामले की जांच करें। ते हुए नियमानुसार कार्य करने का निर्देश दिया ।है उनके पंचायत में नल जल योजना का लाभ नहीं मिला है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को मामले की जांच कर कारवाई हेतु निदेश दिया गया है। आवेदक द्वारा जमीन कब्जा हेतु अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी को मामले की जांच करते हुए नियमानुसार कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। जनता दरबार में अन्य आवेदनों की समस्याओं का निदान हेतु सम्बंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरपीएफ ने टिकट दलाल को काउंटर पर ही दबोचा, दूसरे का तत्काल टिकट लेने पहुंचा था



गया रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और सीआईबी की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन उपलब्ध के तहत एक सफल कार्रवाई की है। एक व्यक्ति को गया जंक्शन के आरक्षण टिकट काउंटर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से अवैध रूप से कटवाए गए रेलवे टिकट व तत्काल टिकट के फॉर्म बरामद किए गए हैं। निरीक्षक प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल गया बनारसी यादव ने बताया उप निरीक्षक मोनिका कुमारी, सहायक उनि संजय कुमार सिंह, आरक्षी मुकेश कुमार, विकास कुमार एवं आलोक कुमार सक्सेना तथा सीआईबी गया के निरीक्षक चंदन कुमार, आरक्षी नवीन कुमार आदि ओमप्रकाश कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता अवध किशोर प्रसाद, पता लिवरी, वार्ड संख्या 1, थाना तेल्हारा, जिला नालंदा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया अभियुक्त को गया रेलवे स्टेशन के आरक्षण टिकट काउंटर पर तत्काल टिकट के समय अपराधीक गतिविधि निगरानी के क्रम में पकड़ा गया है। उसके पास से एक तत्काल टिकट दिनांक 25.06.25 का दानापुर से उधना तक का पीएनआर संख्या 6254536994 मूल्य 6570 रुपये का तथा एक भरा हुआ आरक्षण मांग पत्र तत्काल स्लिपर कोटे का एवं एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह अन्य व्यक्तियों के टिकट बनाने का आर्डर लेकर काउंटर से टिकट कटवाता है और टिकट मूल्य से अधिक पैसे पर यात्री को टिकट दे देता है। आरपीएफ पोस्ट गया में धारा 143 रेल अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मुहर्रम पर होगा अशरा की मजलिस

पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां के सिंधी दालान स्थित मेहंदी अली खान साहेब के इमामबाड़ा में अशरा की मजलिस का आयोजन किया जाएगा। यह पहली मुहर्रम में 27 या 28 जून से शुरू होगा। संयोजक टीम सेवा के अध्यक्ष सैयद हसन अली ने बताया कि मजलिस का आयोजन नौ दिनों तक चलेगा। इसमें आंबेडकर नगर, सिकंदरपुर के मौलाना डॉ बफी जाफरी की तकरीर होगी। सोजखानी सैय्यद जफर अली और मर्सिया सैय्यद इकबाल हुसैन अजीमाबादी पढ़ेंगे। हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 अंसारों की शहादत वाले पर्व मुहर्रम शुरू होने से पहले 26 या 27 जून को शिया समुदाय की ओर से आगाज ए गम का जुलूस निकाला जाएगा। चमडोरिया स्थित बाबुल हवायच इमामबाड़ा के सचिव शाह जौहर इमाम जौनी व सरबर इमाम ने बताया कि दस्ते सज्जादिया की ओर से जुलूस भी निकाला जाता है।

### गया जंक्शन पर पकड़े गए पश्चिम बंगाल के दो शराब तस्कर, भारी मात्रा में शराब जब्त

गया रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम ऑपरेशन सतर्क के तहत एक सफल कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के शराब माफियाओं को दबोचने में सफल रही है। इस अभियान में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। हालांकि टीम को देखने के बाद शराब माफिया गठरी में छिपा कर लाई गई शराब के साथ भागने की कोशिश की परंतु टीम ने दोनों को दबोच लिया। निरीक्षक प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल बनारसी यादव ने बताया कि उनके निर्देशन में आरपीएफ गया के सहायक उप निरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला, आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी देवेंद्र कुमार, आरक्षी शशि शेखर और जीआरपी की टीम प्लेटफॉर्म पर आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रख रही थी। उन्होंने बताया रोहित प्रसाद, उम्र 20 वर्ष, पिता सुभाष प्रसाद, रेल पार डेंगाल, थाना नॉर्थ पश्चिम बंगाल, जिला वर्धमान (पश्चिम बंगाल) एवं शिव सिंह, उम्र 18 वर्ष, पिता गुरचरण सिंह, साकीन रेल पिर डेंगाल, थाना नॉर्थ पश्चिम बंगाल, जिला वर्धमान (पश्चिम बंगाल) को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया की प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर स्थित मिडल एफओबी के नीचे जब टीम पहुंची तो देखा कि पुलिस को देखकर दो व्यक्ति अपना अपना साड़ी के गठरी उठाकर भागने एवं छिपने लगे। बल के सहयोग से दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछने पर दोनों ने बताया कि वे दोनों के गठरी में शराब है। जिसे वे बंगाल से लाकर बिहार में ऊंचे दाम पर बेच देते हैं।

# एम्स पटना में पुस्तक मैनुअल ऑफ स्नेक एनवेनोमेशन इन इंडिया का हुआ लोकार्पण

## सर्पदंश पीड़ितों के लिए आपातकालीन देखभाल में सुधार के लिए संस्थान है प्रतिबद्ध : डॉ सौरभ वार्ष्णेय

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। एम्स पटना के आपातकालीन चिकित्सा विभाग ने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए बहुप्रतीक्षित पुस्तक मैनुअल ऑफ स्नेक एनवेनोमेशन इन इंडियाह एक व्यापक मार्गदर्शिका के लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन किया। यह पुस्तक आपातकालीन चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. दिवेन्दु भूषण, आपातकालीन चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. विशाल वैभव, सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार, सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार और उसी विभाग के डॉ. बड़े अजय द्वारा लिखी गई है। पुस्तक के मैनुअल की प्रस्तावना एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सीईओ, प्रो. (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय द्वारा लिखी गई है, जो सर्पदंश पीड़ितों के लिए आपातकालीन देखभाल में सुधार के लिए संस्थागत प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. दिवेन्दु भूषण द्वारा सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिनमें एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सीईओ, प्रो. प्लास्टिक, डॉ. रवि कीर्ति, डॉ. संजय पांडे- पीएमआर विभाग के प्रमुख, डॉ. विजय कुमार, नर्सिंग स्टाफ और रेजिडेंट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर गणमान्य लोगों ने सभा को संबोधित किया तथा अपनी अंतर्दृष्टि को साझा तथा सर्पदंश से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने में इस तरह की पहलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस दौरान प्रो. डॉ सौरभ वरश्नी ने आपातकालीन चिकित्सा टीम के प्रयासों की सराहना की तथा निरंतर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ.एस वर्शनी ने भी आपातकालीन सेवाओं को सुधारने के लिए अपने विचारों को साझा किया और रोगियों को एंटी स्नेक वेनोम की उपलब्धता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पुस्तक का औपचारिक अनावरण अतिथियों के द्वारा पुस्तक की प्रतियों की अपने हाथों में लेकर किया गया, जो विभाग और संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस दौरान बताया गया की भारत में मैनुअल ऑफ स्नेक एनवेनोमीशन ऐम्स पटना के अकादमिक उत्कृष्टता, नैदानिक उन्नति और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पण के लिए एक वसीयतनामा के रूप में है, जो देश भर में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए एक बहुत ही आवश्यक संसाधन प्रदान करता है। इस कार्यक्रम का समापन डॉ. आरुनी राहुल, सहायक प्रोफेसर, आपातकालीन चिकित्सा विभाग के द्वारा धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों, योगदानकताओं और सहयोगियों के लिए आभार व्यक्त कर किया गया।

# स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान बिहार के स्वदेशी शंखनाद

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान, आर्थिक, व्यावसायिक, शैक्षणिक और सामाजिक तथा किसान और व्यापारी संगठनों का एक अखिल भारतीय समूह है। जिसमें स्वदेशी जागरण मंच, स्वावलंबी भारत अभियान, कैट और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रमुख रूप से इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। यह अभियान स्वदेशी स्वीकार - विदेश बहिष्कार पर केंद्रित है। इसी को ध्यान में रखकर बिहार प्रदेश का स्वदेशी शंखनाद का कार्यक्रम 29 जून को सुनिश्चित हुआ है, जिसके सफल आयोजन के लिए प्रेस-वार्ता का आयोजन हुआ है। प्रेस-वार्ता को संबोधित करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संगठक अजय कुमार ने कहा कि भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का देश है, जो जल्दी ही तीसरी अर्थव्यवस्था बन सकता है, यदि देशवासी भारत की बनी हुई वस्तुओं का उपयोग करना अपने जीवन में, परिवार जीवन और समाज जीवन में बढ़ाते, तब जल्दी ही तीसरी अर्थव्यवस्था भारत हो जाएगा। ऐसे समय में अब हमें संकल्प करना है कि विकसित भारत और समृद्ध भारत, मेड बाई इंडिया की अवधारणा से बन पाएगा। जिसमें ह्लरॉ मैटेरियलह्व भी भारत का होगा और श्रम भी भारत का होगा, मुनाफा भी भारतीय के पास होगा। अभी तो भारत के बाजार में 67% से अधिक चीन बैठा है, और शेष मल्टीनेशनल का कब्जा बना हुआ है, ऐसे समय में यही संभव है की स्वदेशी को देशभक्ति के एक बड़े फलक के रूप में समाज के सामने रखा जाए। इसी के लिए बिहार प्रदेश के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मार्गदर्शन करेंगे। बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा उद्योगों में स्वदेशी की संभावना पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बिहार झारखंड के क्षेत्र कार्यवाह डॉक्टर मोहन सिंह घर-घर स्वदेशी के अभियान पर प्रकाश डालेंगे। स्वदेशी विचारक एवं चिंतक स्वदेशी जागरण मंच के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक अरुण ओझा इस स्वदेशी शंखनाद की अध्यक्षता करेंगे। प्रेस वार्ता को कैट के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने भी संबोधित किया और उद्योगों, व्यापार और सर्विस में स्वदेशी की संभावनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला और आह्वान किया कि बिहार विधान परिषद के सभागार से 29 जून को हो रहे स्वदेशी शंखनाद को हम सभी का अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस प्रेस वार्ता में स्वदेशी जागरण मंच, कैट( उअकळ )तथा विविध संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कैट राष्ट्रीय सचिव डॉ रमेश गांधी, कैट बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अनंत अरोड़ा, महिला संयोजिका रुची अरोड़ा, कोषाध्यक्ष प्रिंस राजु, सचिव शीतल नायक, ओम नाथ, महानगर अध्यक्ष राकेश डालमिया, डॉ संजीव सिंह, डॉ देवेश कुमार, डॉ प्रवीण पटेल, सुनील सिंह, नीरज गौतम, सौरभ कुमार, रिंकू कुमार, डॉ. सुनंदा केसरी, त्रियोगी तिवारी, संदीप कुमार, राहुल तिवारी, उमानाथ बरनवाल, श्रीनिवास, मनोज गुप्ता।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों, यात्री सुविधा, माल लदान में बढ़ोत्तरी, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने माल लदान में बढ़ोत्तरी हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर बल दिया।

# डीएम ने आपूर्ति एवं अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में आपूर्ति एवं अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। पटना समाहरणालय में आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त, पटना; अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति), पटना; सभी अनुमंडल पदाधिकारी; जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम; जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं अन्य भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा खरीफ विपणन मौसम, 2024-25 अंतर्गत धान/चावल अधिप्राप्ति एवं रबी विपणन मौसम, 2025-26 अंतर्गत गेहूँ अधिप्राप्ति कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को सरकार के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा में पाया गया कि कुल 265 पैक्स द्वारा धान की खरीददारी की गई थी जिसमें 105 पैक्स ने 100 प्रतिशत सीएमआर गिरा दिया है। शेष 160 पैक्स का जिला-स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया गया था जिसमें से अनेक पैक्स में धान की मात्रा में कमी पायी गई। 15 जून, 2025 तक शत-प्रतिशत सीएमआर गिराव के लक्ष्य के विरूद्ध अभी भी जिला में केवल 85.9 प्रतिशत सीएमआर ही आपूर्ति किया गया है। 632 (छः सौ बत्तीस) लॉट अर्थात 18,336.34 एमटी सीएमआर अभी भी अवशेष है। जिलाधिकारी द्वारा इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी को इस आशय का निदेश दिया गया कि वे सभी पैक्स, जहाँ भौतिक सत्यापन में धान की मात्रा कम पाई गयी थी, 30 जून तक अपनी कमी दूर कर लें। एक सप्ताह के अंदर ये सभी पैक्स अवशेष धान मिल में जमा कर दें। अन्यथा ऐसे पैक्स के विरूद्ध विधिसम्मत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिनांक 1 जुलाई, 2025 से ऐसे पैक्सों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही नीलाम-पत्र वाद दायर कर समतुल्य राशि की वसूली भी की जाएगी। समीक्षा में पाया गया कि धनरूआ में 93 लॉट, दुल्हिनबाजार में 75 लॉट, बिक्रम में 74 लॉट, नौबतपुर में 73 लॉट तथा बिहटा में 63 लॉट अवशेष सीएमआर है। कुछ अन्य प्रखंडों में भी स्थिति अच्छी नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत आपत्तिजनक है। प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। ऐसे सभी पदाधिकारियों के विरूद्ध भी सख्त अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यों में शिथिलता, लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारियों को भी नियमित तौर पर अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण से संबंधित मामलों में अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। 1. जिलाधिकारी, पटना द्वारा अधिकारियों को खाद्यान्न का ससमय उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। लाभुकों तक ससमय खाद्यान्न पहुँचाने के लिए उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का निदेश दिया गया। 2. जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आपूर्ति संबंधी मामलों का पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ अनुश्रवण करने का निदेश दिया। डोर स्टेप डेलिवरी में खाद्यान्न वितरण में शिथिलता बरतने वाले एजेंसियों के विरूद्ध विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न उठाव-वितरण की नियमित समीक्षा करें। 3. जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारियों को निदेश दिया कि डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत 9,876 आवेदन प्राप्त हुए जो अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने अधिकारियों को महादलित-बाहुल्य टोलों में विशेष कैम्प लगाकर राशन कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया। 4. समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा प्राप्त 1,20,612 सस्पेक्टेड राशन कार्ड में से केवल 16,420 राशन कार्ड को ही निष्पादित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रखंड-स्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से शेष 1,04,192 सस्पेक्टेड राशन कार्ड की शीघ्र जाँच कराकर विधिवत निष्पादन करने का निदेश दिया गया। 5. समीक्षा में यह भी पाया गया कि राशन कार्ड हेतु ऑनलाईन प्राप्त 2,427 आवेदनों का निष्पादन अभी तक नहीं किया गया है। ये सभी आवेदन एक्सपायर्ड (निर्धारित समय-सीमा के बाहर) हो गए हैं। जिलाधिकारी ने इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तीव्र गति से आवेदनों का निष्पादन करने का निदेश दिया। 6. जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को प्रावधानों के अनुसार जनवितरण प्रणाली की दुकानों की नियमित जाँच, छापामारी एवं कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाये: डी राजा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यकारणी और जिला सचिव की संयुक्त बैठक मंगलवार को पटना में हुई। बैठक में बिहार विधान सभा चुनाव और नौ जुलाई को आयोजित आम हड़ताल की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा में पार्टी को बेहतर प्रदर्शन करना है। केंद्र की सत्ता में बैठी मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल साबित हुई है। विदेश नीति भी फेल साबित हुआ है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ईरान पर अमेरिकी बमबारी की निंदा करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान पर अमेरिकी बमबारी की निंदा करते हुए एक शब्द भी नहीं कहा है। उन्हें अपने मित्र डोनाल्ड ट्रम्प को फोन करके ईरान पर बमबारी रोकने के लिए कहना चाहिए, क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन है। जब अंतरराष्ट्रीय कानून को रौंदा जा रहा है और पश्चिम एशिया पर युद्ध के बादल छा रहे हैं, तब भारतीय प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं? भारत की नैतिक आवाज कहाँ है? भाकपा महासचिव ने कहा कि केंद्रीय मजदूर संगठनों के आह्वान पर नौ जुलाई को आयोजित आम हड़ताल को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने समर्थन देने का फैसला लिया है। बिहार में आम हड़ताल ऐतिहासिक बनाना है।

# लोकतांत्रिक मूल्यों का गला घोंटने वाली घटना थी आपातकाल : विजय

पटना। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने की पूर्वसंध्या पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के गला घोंटने वाली घटना थी। इसीलिए हम इस अवसर को संविधान हत्या दिवस के रूप में लोगों के बीच ले जा रहे हैं। इस प्रयास से लोगों को आपातकाल जैसे भारतीय लोकतंत्र के काले अध्याय से सबक लेने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही हम अपने जिन पुरोधाओं की संकल्पशक्ति के कारण उस कुचक्र से बाहर आ पाए थे, उन्हें भी हमारी सामूहिक स्मृति में सम्मानित स्थान मिलेगा। श्री सिन्हा ने कहा आपातकाल देश को अपनी जागीर समझने की मानसिकता से उपजा एक दौर था। अपने अलोकतांत्रिक रवैये को वफादार नौकरशाही और वफादार न्यायपालिका लाकर पोषित करना इसका उद्देश्य था। आपातकाल विचारों की आजादी, प्रेस की आजादी यहां तक कि जीने की आजादी को छीन कर देश को अराजकता की गर्त में धकेलने का एक कुप्रयास था। इस दौर में एक परिवार की सत्ता बरकरार रखने के लिए देश के संघीय ढांचे को तहस-नहस किया गया था। विपक्ष के नेताओं को जेल में डालकर ह्यवैकल्पिक आवाजों को खामोश करने की कोशिश की गई। श्री सिन्हा ने कहा कि आज एक बार फिर देश में आपातकाल लाने वाले और उस राजनीतिक प्रवृत्ति के सारे पोषक एकसाथ आ गए हैं। इनका उद्देश्य जनहित नहीं बल्कि अपना और अपने परिवार का हित साधना है। आज भी उन्होंने अध्यक्ष के निर्वाचन का राजनीतिकरण कर लोकतांत्रिक परम्परा को खंडित करने का प्रयास किया। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में NDA संसदीय सर्वोच्चता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को हर कीमत पर अक्षुण्ण रखने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

# कृषि सुधार व नवाचार को गति देगा राज्य किसान आयोग : रूपनारायण

## राजा बाजार स्थित कार्यालय में किया पदभार ग्रहण, मिली बधाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार रूपनारायण मेहता ने मंगलवार को संभाल लिया है। पटना स्थित राजा बाजार कार्यालय में श्री रूपनारायण ने राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष पद का औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री रूपनारायण ने कहा कि राज्य किसान आयोग किसानों की समस्याओं को समझते हुए उनके हितों की रक्षा के लिए नीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग किसानों की आय वृद्धि, उत्पादन लागत में कमी, आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए सुझाव प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आयोग के सदस्यों का चयन उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री एवं अध्यक्ष की अनुशंसा एवं मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद की जाएगी। श्री रूपनारायण ने विश्वास जताया कि आयोग किसानों, कृषि विशेषज्ञों और नीति निमार्ताओं के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करेगा तथा राज्य में कृषि सुधार और नवाचार को गति देगा।

# जीपीएसवीएस द्वारा बिहार के प्रवासी श्रमिकों की स्थिति विश्लेषण विषयक राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन

पटना। कोविड-19 के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों के आलोक में सामाजिक संगठनों के क्षमतावर्धन को लेकर घोघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ (जीपीएसवीएस) द्वारा वेल्ट हंगर हिल्फ एवं यूरोपियन यूनियन के सौजन्य से एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पटना स्थित ए.एन. सिन्हा इंस्टीट्यूट में आयोजित इस कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर श्रम मंत्री ने संस्था द्वारा बिहार में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति को लेकर तैयार किए गए नीतिगत दस्तावेज का विमोचन किया गया। संतोष कुमार सिंह ने जीपीएसवीएस द्वारा प्रवासी मजदूरों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों के हित में अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं और बिहार प्रवासी मजदूरों को सुविधा दिलाने में अग्रणी राज्य है। साथ ही, उन्होंने सरकार एवं सामाजिक संगठनों के बीच परस्पर समन्वय स्थापित कर प्रवासी श्रमिकों के लिए सुरक्षित प्रवासन एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। कार्यशाला में बेल्ट हंगर हिल्फे की प्रोजेक्ट हेड अपर्णा लाल ने बिहार में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति विषयक नीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रवासी मजदूरों की जिंदगी बेहतर बनाने हेतु कार्य करना चाहिए ताकि उनका जीवन खुशहाल हो सके। जीपीएसवीएस के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के प्रचार प्रसार हेतु व्यापक जन अभियान चलाया जाएगा। दो अलग-अलग तकनीकी सत्रों में विभिन्न संस्थाओं से आए विषय विशेषज्ञों द्वारा आजीविका के विकल्पों तथा सुरक्षित प्रवासन एवं प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। पटना विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर अविरल पाण्डेय द्वारा प्रवासी मजदूरों की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुति की गई। वही एडिशनल लेबर कमिश्नर आदित्य राजहंस ने श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# मोदी सरकार के कार्यों को जन -जन तक पहुंचाने का आह्वान

प्रात :किरण संवाददाता



फतुहा। शहर के गोविंदपुर में भाजपा नगर मंडल की ओर से नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11साल सेवा-सुशासन जन कल्याण के किए गये कार्यों को जन -जन पहुंचाने के साथ -साथ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के शपथ के साथ संकल्प लिया। संचालन महामंत्री अरूण कुमार झा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नगर महामंत्री सुरजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर भाजपा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ई. सत्येन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा, फतुहा विधान सभा संयोजक विजय वत्स, नगर मंडल प्रभारी सच्चिंतानद यादव, भाजपा नेता अरविंद यादव, जिला मंत्री मनीषा कुमारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक झा, पिंकी साहु, अनिता पाटनी, अंजु मिश्रा, सुरजीत कुमार, नगर उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, रंजना पटवा,नगर मंत्री अनामिका कुमारी, संतोष नोनिया, अनामिका अग्रवाल, पंकज कुमार, पुनम कुमारी, रविन्द्र यादव, सौरभ आनंद समेत कई मौजूद थे।

# डीएम के निर्देश का असर, सदर अंचलाधिकारी ने सुनी लोगों की फरियाद

प्रात :किरण संवाददाता




गया जिलापदधिकारी शशांक शुभंकर के निर्देश पर सदर अंचल कार्यालय में मंगलवार को लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। बारी बारी से लोगों को बुलाया जा रहा था और वे अपनी समस्या अंचलाधिकारी ऋषिकेश कुमार को सुना रहे थे। अंचलाधिकारी उनकी समस्याएं सुनने के साथ समाधान के लिए संबंधित कर्मचारियों को निबटारा करने हेतु निर्देश दे रहे थे। लोगों की लंबी कतार कार्यालय में थी। लोग अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे थे। इधर कार्यालय परिसर के एक हिस्से में अलग अलग राजस्व ग्राम के राजस्व कर्मचारी के पास भी लोग अपनी समस्या लेकर आ रहे थे। जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर कई लोग आए हुए थे। राजस्व कर्मचारी विकास चौधरी, नीरज कुमार मंडल आदि लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ साथ उसका निदान कैसे होगा, इसके भी सुझाव दे रहे थे। बता दें कि पिछले दिनों जिलापदधिकारी श्री शुभंकर सदर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए थे। समय से कई कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं पाए गए थे। इसके बाद कई कर्मचारियों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का आदेश दिए थे। यहां अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिकों ने कहा कि अब सभी कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं और जो उनके स्तर की समस्याओं के समाधान की बात है तो ये सब होने लगा है। इसके लिए लोगों ने डीएम की प्रशंसा की है। वहीं अंचलाधिकारी द्वारा उनकी समस्याओं को सुनने तथा आवश्यक निर्देश देने के लिए आभार जताया। एक समस्या लोगों ने बताया कि अंचलाधिकारी के कार्यालय के बाहर जिस जगह पर लोग कतारबद्ध थे, वहां न तो पंखा लगे थे और न तो पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था है। लोगों के बैठने के लिए भी पर्याप्त कुर्सियां या बेंच नहीं है। विशेषकर महिलाएं इसको लेकर नाराजगी जाहिर की। वहीं कुछ वृद्ध लोगों ने भी बताया कि बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करवा दिया जाता तो नागरिकों को सुविधा होती।

# लीड्स में दो बार चेज हुआ 350+ का स्कोर, इतना लक्ष्य देकर भारत सिर्फ एक बार हारा




## मैदानी अंपायर से तनातनी ऋषभ पंत को पड़ी भारी

### नियमों का उल्लंघन करने के लिए आईसीसी ने अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा





**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट में मैदानी अंपायर के फैसले पर असहमति जताना भारत के उप-कप्तान ऋषभ पंत को भारी पड़ा। आईसीसी ने नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन्हें एक डिमेरिट अंक दिया है। दरअसल, इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान अंपायर द्वारा गेंद नहीं बदलने पर पंत ने इसका विरोध किया था और गेंद को जमीन पर फेंक दिया था। पंत ने हेडिंग्ले में गजब की बल्लेबाजी की और दोनों पारियों में शतक जड़ा था। उन्होंने पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए।

इंग्लैंड की पहली पारी के 61वें ओवर में मोहम्मद सिराज गेंदबाजी करने आए। ओवर की तीसरी गेंद के बाद बुमराह ने बॉल को लेकर अंपायर से शिकायत की। अंपायर से गेंद को बॉल चेकर (गेज) में डालकर जांच करने को कहा। हालांकि, गेंद पास हो गई और अंपायर ने खेल जारी रखने कहा। इसके बाद ओवर की पांचवीं गेंद पर हैरी ब्रूक ने आगे निकलकर चौका लगाया। इसके बाद पंत ने भी गेंद को लेकर दूसरे अंपायर से शिकायत की। गेंद एक बार फिर गेज टेस्ट में पास हो गई, लेकिन पंत इससे नाखुश दिखे। उन्होंने गुस्से में अंपायर के सामने गेंद को दूर फेंक दिया। गेज टेस्ट में बॉल की साइज नापी जाती है। साइज इधर उधर होने पर गेंद को बदल दिया जाता है।

- **एक डिमेरिट अंक जुड़ा** – पंत को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 के उल्लघंन का दोषी पाया गया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताने से संबंधित है। इसके अलावा पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह उनका 24 महीनों में पहला अपराध था। पंत ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और आईसीसी मैच रैफरी के आईसीसी एलीट पैनल के रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को भी स्वीकार कर लिया है।
- **यह है अधिकतम सजा** – मैदानी अंपायर क्रिस गाफनी और पॉल राइफल के अलावा तीसरे अंपायर शरफुदौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने यह आरोप लगाया था। लेवल एक के अपराध के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना या फिर एक या दो डिमेरिट अंक है।
- **लीड्स टेस्ट रोमांचक मोड़ पर** – लीड्स टेस्ट रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है और मेजबान टीम को पांचवें दिन प्रतियोगिता जीतने के लिए 350 रनों की जरूरत है। भारत को जीत के लिए 10 विकेट चाहिए। भारत की दूसरी पारी 364 रन पर समाप्त हुई थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 471 रन बनाए थे और इंग्लैंड ने पहली पारी में 465 रन बनाए। इस तरह भारत को छह रन की बढ़त हासिल थी, जिसे मिलाकर कुल बढ़त 470 रन की हुई और इंग्लैंड को 471 रन का लक्ष्य मिला।

**लीड्स (एजेंसी)।**

भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जा रहा टेस्ट रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। इंग्लैंड को 371 रन का लक्ष्य मिला है, जिसके जवाब में इस टीम ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली और बेन डकेट क्रीज पर हैं। इंग्लैंड को जीत के लिए 350 और रन की जरूरत है, जबकि भारत को 10 विकेट चाहिए। आज 90 ओवर का खेल होना है, ऐसे में रोमांच की सारी हदें टूट जाएंगी। क्योंकि मुकाबला इंग्लैंड के बैजबॉल क्रिकेट और भारत के आक्रामक गेंदबाजी लाइन अप के बीच होगा। भारतीय टीम ने जो गलती इंग्लैंड की पहली पारी में की थी, बस उस गलती से बचना होगा और हर कैच को पकड़ना होगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो इंग्लैंड की टीम हर बड़े स्कोर को चेज करने का दमखम रखती है। ऐसा उन्होंने 2022 में भारत के खिलाफ किया भी था। टीम इंडिया को वो मैच याद रखना चाहिए।

### हेडिंग्ले में दो बार 350+ रन का लक्ष्य चेज हुआ

चौथी पारी में 350+ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 मौकों पर टीमें सफल हुई हैं। हेडिंग्ले एकमात्र ऐसी जगह है जहां दो बार 350+ रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया गया है। 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के 404 रन का लक्ष्य का आसानी से पीछा किया था। वहीं, 2019 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के 359 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था।

### हेडिंग्ले में टेस्ट क्रिकेट में 5 सबसे सफल रन चेज

| कुल रन | लक्ष्य | टीम | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|---|
| 404/3 | 404 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | 1948 |
| 362/9 | 359 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | 2019 |
| 322/5 | 322 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | 2017 |
| 315/4 | 315 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | 2001 |
| 296/3 | 296 | इंग्लैंड | न्यूजीलैंड | 2022 |

### इंग्लैंड का 350+ रन चेज करते हुए रिकॉर्ड

इंग्लैंड खुद दो बार चौथी पारी में 350+ रन के लक्ष्य को हासिल कर चुका है। इस टीम ने जुलाई, 2022 में बर्मिंघम में भारत के 378 रन के लक्ष्य को तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया था। टीम ने 76.4 ओवर में ही यह स्कोर बना लिया था और 4.93 के रन रेट से रन बटोरे थे। हालांकि, तब टीम में बैजबॉल की नींव रखने वाले जॉनी बेयरस्टो हुआ करते थे। अब वह खराब फॉर्म की वजह से स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन अभी भी क्राउली और डकेट यह कमाल कर सकते हैं। वहीं, अगस्त, 2019 में इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 359 रन के लक्ष्य को नौ विकेट गंवाकर हासिल किया था। हालांकि, लीड्स में ये रन बनाने में इंग्लैंड को 125.4 ओवर लग गए थे।

### इंग्लैंड में किसी टेस्ट में सबसे सफल रन चेज

| लक्ष्य | टीम | खिलाफ | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|
| 404 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | लीड्स | 1948 |
| 378 | इंग्लैंड | भारत | बर्मिंघम | 2022 |
| 359 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | लीड्स | 2019 |
| 342 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | लॉर्ड्स | 1984 |
| 322 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | लीड्स | 2017 |

### भारत का कैसा है रिकॉर्ड?

वहीं, भारत की बात करें तो टेस्ट में 350+ रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए टीम सिर्फ एक मैच हारी है। टीम इंडिया ने अब तक कुल 59 मौकों पर 350+ रन के लक्ष्य का बचाव किया है। इसमें से 42 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं, जबकि 16 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। जो एक मैच भारत हारा, वह इंग्लैंड के खिलाफ ही 2022 में आया था।

### इंग्लैंड का टेस्ट में सबसे सफल रन चेज

| स्कोर | ओवर | लक्ष्य | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|---|
| 378/3 | 76.4 | 378 | भारत | 2022 |
| 362/9 | 125.4 | 359 | ऑस्ट्रेलिया | 2019 |
| 332/7 | 159.5 | 332 | ऑस्ट्रेलिया | 1928 |
| 315/4 | 73.2 | 315 | ऑस्ट्रेलिया | 2001 |

### भारत का टेस्ट क्रिकेट में 350+ रनों का बचाव करते हुए प्रदर्शन

| कुल मैच | जीते | हारे | ड्रॉ |
|---|---|---|---|
| 59 | 42 | 1 | 16 |

### टेस्ट क्रिकेट में अब तक की सबसे बड़ी सफल रन चेज

| लक्ष्य | स्कोर | टीम | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|---|
| 418 | 418/7 | वेस्टइंडीज | ऑस्ट्रेलिया | 2003 |
| 414 | 414/4 | दक्षिण अफ्रीका | ऑस्ट्रेलिया | 2008 |
| 404 | 404/3 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | 1948 |
| 403 | 406/4 | भारत | वेस्टइंडीज | 1976 |
| 395 | 395/7 | वेस्टइंडीज | बांग्लादेश | 2021 |
| 388 | 391/6 | श्रीलंका | जिम्बाब्वे | 2017 |
| 387 | 387/4 | भारत | इंग्लैंड | 2008 |
| 378 | 378/3 | इंग्लैंड | भारत | 2022 |
| 377 | 382/3 | पाकिस्तान | श्रीलंका | 2015 |
| 369 | 369/6 | ऑस्ट्रेलिया | पाकिस्तान | 1999 |

### बैजबॉल में इंग्लैंड का सबसे सफल रन चेज

| स्कोर | खिलाफ | स्थान | साल |
|---|---|---|---|
| 378/3 | भारत | बर्मिंघम | 2022 |
| 299/5 | न्यूजीलैंड | नॉटिंघम | 2022 |
| 296/3 | न्यूजीलैंड | लीड्स | 2022 |
| 279/5 | न्यूजीलैंड | लॉर्ड्स | 2022 |
| 254/7 | ऑस्ट्रेलिया | लीड्स | 2023 |

### इंग्लैंड में सबसे सफल लक्ष्य का पीछा

ओवरऑल इंग्लैंड में सबसे सफल रन चेज की बात करें तो 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 404 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। वहीं, 2022 में बर्मिंघम में इंग्लैंड का भारत के खिलाफ चेज इंग्लैंड में दूसरा सबसे सफल चेज है।

## पंत दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर

### गावस्कर ने ऋषभ को गुलाटी लगाने को कहा, रूट के 210 कैच पूरे; मोमेंट्स-रिकार्ड्स




**लीड्स (एजेंसी)।** पंत ने पहली पारी में शतक के बाद गुलाटी (समरसॉल्ट) लगाकर खुशी जाहिर की थी। दूसरी इनिंग में शतक लगाया तो, फैन्स को फिर ऐसी ही उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने आंख पर उंगली रखकर जश्न मनाया। भारत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का टारगेट दिया है। सोमवार को मैच के चौथे दिन भारतीय टीम दूसरी पारी में 364 रन पर ऑलआउट हो गई। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में स्टंप्स तक इंग्लैंड ने बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड जीत से 350 रन दूर है। ऋषभ पंत पहले भारतीय विकेटकीपर बने, जिन्होंने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया। जो रूट ने टेस्ट में 210 कैच पूरे किए, उन्होंने इस मामले में राहुल द्रविड़ की बराबरी की। सुनील गावस्कर ने पंत को सेंचुरी के बाद जंप लगाने को कहा।

# रोहित शर्मा ने हरभजन को अपनी लव स्टोरी बताई

### बोले- 6 साल रितिका से दोस्ती रही, पिच पर प्रपोज किया, आई लव यू नहीं बोल पाया




**जालंधर (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने अपनी पत्नी गीता बसरा के साथ यूट्यूब पर नया चैट शो 'हू इज द बॉस' शुरू किया है। इसके पहले एपिसोड में भारतीय वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अपनी पत्नी रितिका सजदेह के साथ पहुंचे। 48 मिनट के एपिसोड में रोहित ने हरभजन के सामने जिंदगी के कई राज खोले। बातचीत में रोहित ने अपनी लव स्टोरी भी सुनाई।

रोहित ने बताया- रितिका से मैं पहली बार उनकी कंपनी जॉइन करने के लिए मिला था, लेकिन जब रितिका आईं तो मैं सोता रह गया। करीब 6 साल हम अच्छे दोस्त रहे। जब मैं प्रैक्टिस करता था, तो रितिका मेरे लिए घर का खाना बनाकर लाती थीं, क्योंकि मुझे होटल का खाना पसंद नहीं था।

उन्होंने बताया- 2014 में मुझे प्यार का पता चला। मैं रितिका को बोरीवली के स्टेडियम में लेकर गया और पिच पर घुटनों पर बैठकर प्रपोज किया। मैं रितिका को आई लव यू नहीं बोल पाया। मैंने सिर्फ रितिका को 'आई यू' कहा, लव बोलना भूल गया।

**रितिका ने पहली मुलाकात का किस्सा सुनाया** – रोहित से पहली मुलाकात को लेकर पूछे हरभजन के सवाल पर रितिका ने कहा- एक लॉन्चिंग के दौरान हमें मिलना था। मुझे मेरे किसी जानकार ने बताया था कि अगर आपको इस फील्ड में काम करना है तो ये अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि वह किसी रोहित शर्मा से मिलवाएंगे। जब मैं मिलने के लिए पहुंची तो रोहित शर्मा वहां सोफे पर सो रहे थे। आसपास तेज आवाज में गाने चल रहे थे। मैं पहली बार रोहित से मिल रही थी।

**6 साल की दोस्ती प्यार में बदली** – इसमें रोहित ने आगे बताया- इस घटनाक्रम के 3 महीने बाद रितिका से मुंबई में मुलाकात हुई। इसके बाद मैंने रितिका की कंपनी जॉइन की। रितिका ने मुझे साल 2008 में मैनेज करना शुरू किया। अभी तक रितिका मुझे मैनेज कर रही है। 6 से 7 साल हम अच्छे दोस्त थे, फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद हमारी शादी हुई। अब हमारे 2 बच्चे हैं और मैं खुश हूं।??????

**रितिका ने होटल में घर का खाना खिलाया** – रोहित शर्मा ने बताया- जहां मैं मुंबई में प्रैक्टिस करता था, वहां से रितिका का घर कुछ ही दूरी पर था। तब मैं अक्सर रितिका से कहता था कि मेरा होटल का खाना खाने का मन नहीं है। तुम मेरे लिए घर का खाना लेकर आया करो। तब वह मेरे लिए घर का बना हुआ खाना लेकर होटल आती थीं। हरभजन ने रोहित को मजाकिया अंदाज में कहा, मैं जब मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलता था, तो मैंने कई बार देखा था कि रितिका तुमसे मिलने आई थी। यह सुनकर रितिका ने कहा- तब हम रिलेशन में नहीं थे। दोस्ती वाला रिश्ता एकदम प्यार में बदल गया। हम दोनों अपनी-अपनी जगह पर अच्छे थे।

**हमारा रिश्ता पहले दोस्तों ने महसूस किया** – रोहित ने कहा- मैंने बाद में प्रपोज भी किया, लेकिन हमने पहले ही सोच लिया था कि अब हम एक-दूसरे से प्यार करते हैं। हमारे दोस्त अक्सर हमें बोलते थे कि तुम दोनों की दोस्ती सिर्फ दोस्ती नहीं है, इससे ज्यादा है। साल 2014 में मुझे पहली बार रितिका की आंखों में प्यार दिखाई दिया। हम साल 2008 से एक-दूसरे के साथ बात कर रहे थे। हम दोनों में कुछ खास है, ये हमें 2014 में महसूस हुआ।

## पूर्व क्रिकेटर दिलीप दोशी का निधन

### 77 साल की उम्र में लंदन में ली आखिरी सांस; पहले टेस्ट में 5 विकेट लिए थे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। वह 77 साल के थे। दिलीप दोशी के परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन, और बेटी विशाखा है। दोशी उन नौ भारतीय क्रिकेटरों में से एक थे जिन्होंने अपने पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए।



**टेस्ट में लिए हैं 114 विकेट** – बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप ने भारत के लिए कुल 33 टेस्ट मैच खेले और 114 विकेट अपने नाम किए। इसमें छह बार पांच विकेट हॉल भी उन्होंने लिए थे। भारत के लिए खेले 15 वनडे मैचों में उन्होंने 22 विकेट लिए। दिलीप ने सौराष्ट्र और बंगाल के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेली। उन्होंने इंग्लैंड की वार्विकशर और नॉटिंघमशर के लिए भी क्रिकेट खेला।

## नवम्बर में नहीं होगी क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की शादी



**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज ने कथित तौर पर अपनी शादी को स्थगित कर दिया है, जो मूल रूप से 19 नवंबर 2025 को होनी थी। इस महीने की शुरुआत में लखनऊ में एक भव्य समारोह में सगाई करने वाले इस जोड़े ने शादी के लिए वाराणसी के ताज होटल को बुक किया था। लेकिन नवंबर के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के साथ रिंकू की पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण योजनाओं में बदलाव हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी अब फरवरी 2026 में होगी।

रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई इसी महीने 8 तारीख को हुई थी। यह एक निजी कार्यक्रम था जिसमें परिवार और करीबी सदस्य मौजूद थे। सगाई समारोह में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, अभिनेता जया बच्चन और भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। रिंकू ने सोशल मीडिया पर समारोह के दिल को छू लेने वाले पलों को साझा करते हुए बताया कि इस जोड़े ने इस पल का कितना लंबा इंतजार किया था।

हाल ही में 2025 के आईपीएल सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले रिंकू सिंह भारतीय क्रिकेट में एक जाना-माना नाम बन गए हैं। पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज ने 2024 के आम चुनाव में अपनी सीट पक्की की। वाराणसी के करखियांव गांव की रहने वाली प्रिया कई सालों से राजनीति में सक्रिय हैं और पहली बार अपने पिता (तुफानी सरोज) के 2022 के चुनाव प्रचार के दौरान लोगों की नजरों में आईं।

## इशान किशन का काउंटी चैंपियनशिप में शानदार डेब्यू, खेली 87 रन की शानदार पारी

**नॉटिंघम (यूके)(एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने नॉटिंघमशायर के साथ अपने काउंटी चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत सोमवार को यॉर्कशायर के खिलाफ एक धमाकेदार अर्धशतक के साथ की। किशन ने इंग्लैंड के डोम बेस और न्यूजीलैंड के विल ओरुरके जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली गेंदबाजों वाली यॉर्कशायर की गेंदबाजी इकाई के खिलाफ निडरता से खेला। उन्होंने सिर्फ 98 गेंदों में 87 रन बनाए जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल था। उनके रन 88.77 के स्ट्राइक रेट से आए।



किशन ने नॉटिंघमशायर के लिए दो काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों को कवर करने वाले एक अल्पकालिक डील पर हस्ताक्षर किए। इसने उन्हें ट्रेंट ब्रिज में यॉर्कशायर और टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए चयन के योग्य बना दिया। बाएं हाथ का यह खिलाड़ी काइल वेरिन के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में है, जबकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाला दक्षिण अफ्रीकी जिम्बाब्वे में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए बाहर है।

## मैथ्यूज का अर्धशतक, वेस्टइंडीज ने 12 साल बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीती टी20 सीरीज

**बारबाडोस (एजेंसी)।** कप्तान हेली मैथ्यूज ने निर्णायक मैच में बेहतरीन व्यक्तिगत प्रदर्शन करके अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया जिससे वेस्टइंडीज ने केव हिल में तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराकर 12 साल का सूखा खत्म करते हुए सीरीज जीती।

मैथ्यूज (50 गेंदों पर 65 रन) ने शानदार अर्धशतक बनाया और वेस्टइंडीज की रन चेज को गति दी जिसमें शेमेन कैम्पबेल (38 गेंदों पर 42 रन) ने बेहतरीन जोड़ीदार साबित हुए। इससे कैरेबियाई टीम ने 9 गेंद शेष रहते दक्षिण अफ्रीका के 147/6 के स्कोर को हासिल कर लिया। इसकी मदद से वेस्टइंडीज ने प्रोटियाज पर 2-1 से सीरीज जीत दर्ज की, जो 2013 की शुरुआत के बाद पहली बार था जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को द्विपक्षीय टी20 सीरीज में हराया था।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने मियाने स्मिथ के पहले टी20 अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लेकिन जवाब में मैथ्यूज ने शानदार खेल दिखाया और 9 चौके और एक छक्का लगाकर वेस्टइंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मैथ्यूज 16वें ओवर में 65 रन पर सुने लुस का शिकार बनीं, जिससे दक्षिण अफ्रीका को कुछ उम्मीद बंधी, लेकिन चिनेल हेनरी (नाबाद 20) ने अपना अनुभव दिखाते हुए मेजबान टीम को जीत दिलाई।

सीरीज हारने से निराश होने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने कहा कि वेस्टइंडीज दौरे से उनकी टीम को कई सकारात्मक चीजें सीखने को मिलीं। उन्होंने कहा, आज के परिणाम से निराश हूं, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे लगा कि हमने काफी रन बनाए हैं। लेकिन हमने अपनी गेंदबाजी लाइन सही नहीं की, उन्होंने विकेट के चौकोर हिस्से पर बहुत सारे रन बनाए और हमने कुछ छोटी-छोटी चीजें गलत कीं। लेकिन हेले ने इतना अच्छा खेला कि उसे आउट करना मुश्किल है। वोल्वार्ड्ट ने कहा, कुल मिलाकर इस दौरे में मुझे लगा कि हमने कुछ अच्छी युवा प्रतिभाएं खोज निकाली हैं, जिन्होंने अपना योगदान दिया और टीम के लिए अच्छा योगदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अपनी पत्नी के सामने किया मेरा रेप, 24 लाख रुपये और 25 तोला सोना भी ऐंठ लिया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के नंदग्राम क्षेत्र में रहने वाली महिला ने सोसाइटी के ही व्यक्ति पर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल कर 24 लाख रुपये के अलावा 25 तोला सोने के जेवर ऐंठने का आरोप लगाया है। महिला ने आरोपी की पत्नी पर भी घटना में शामिल बताया है। शिकायत पर पुलिस ने मामले में दंपति पर केस दर्ज किया है। राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में निवासी तलाकशुदा महिला का कहना है कि वह 14 वर्षीय बेटे के साथ रहती है और खाने के टिफिन सप्लाई करती है। करीब ढाई साल पहले उसकी मुलाकात सोसाइटी में रहने वाली रिया से हुई। रिया का पति उदित मूलरूप से जिला गुरदासपुर, पंजाब के फतेहगढ़ चुड़िया का रहने वाला है। घर पर रिया का आना-जाना होने से नजदीकी बढ़ गई, जिसके बाद उसका पति उदित भी घर आने-जाने लगा तथा साथ ही दोनों परिवारों में लेनदेन भी शुरू हो गया। महिला के मुताबिक, एक अप्रैल 2024 की सुबह करीब 10 बजे रिया पति उदित के साथ उसके पास आई। उस वक्त बेटा स्कूल गया हुआ था। आरोप है कि वह किसी काम से रसोई में गई तो रिया और उसके पति ने उसकी चाय में कोई नशीला पदार्थ मिला दिया, जिसे पीने से वह बेहोश हो गई। आरोप है कि इसके बाद उदित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि बदनामी के चलते उसने किसी को घटना के बारे में नहीं बताया। आरोप है कि इसका फायदा उठाकर उदित कई बार उसके फ्लैट पर आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने भी 10 जनवरी 2025 को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की। डर के चलते 11 जनवरी 2025 को उसने नौ लाख रुपये उदित के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी उदित उसे ब्लैकमेल करता रहा और कुल 24 लाख रुपये तथा 25 तोला सोने के जेवर ऐंठ लिए। आरोपी की मांग जारी रहने पर तथा वीडियो डिलीट करने के लिए कहने पर आरोपी ने बेटे की हत्या की धमकी दी तो पीड़िता ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

### योगी आदित्यनाथ सड़क पर नमाज का विरोध करते हैं, पर मुसलमानों ने कभी शिकायत नहीं की: अबु अजमी

**मुंबई, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आजमी ने रविवार को कहा कि मुसलमानों ने कभी भी 'वारी' को लेकर शिकायत नहीं की, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे कुछ नेता सड़क पर नमाज अदा करने का विरोध करते हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों से भगवान विठ्ठल के श्रद्धालुओं द्वारा पंढरपुर तक की पैदल शोभायात्रा को 'वारी' कहा जाता है। आजमी के बयान पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उनपर खबरों में आने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वहीं, शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने दावा किया कि इस तरह की टिप्पणियों से मुस्लिम समुदाय के खिलाफ शिकायतें बढ़ती हैं। मुंबई के मानखुर्द-शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं पुणे से आ रहा था और मुझे जल्दी निकलने को कहा गया क्योंकि पंढरपुर की ओर जाने वाली वारी के लिए सड़कें बंद कर दी जाएंगी। हमने (मुसलमानों ने) कभी इसकी शिकायत नहीं की। मुसलमान और हिंदू भाई की तरह कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं। लेकिन जानबूझकर विभाजन पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सपा विधायक ने दावा किया कि नमाज के दौरान कभी-कभी मस्जिदें नमाजियों से भरी होती हैं, इसलिए मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर नमाज अदा करते हैं, जिसमें 5-10 मिनट का समय लगता है, लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कहना है कि जो लोग ऐसा करेंगे, उनके पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने कभी यह नहीं पूछा कि त्योहार सड़कों पर क्यों मनाए जाते हैं। फडणवीस ने सपा विधायक की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कहा, आजमी प्रचार पाने के वास्ते विवादास्पद टिप्पणी करने के लिए जाने जाते हैं। ठाणे से लोकसभा सदस्य एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के सदस्य म्हस्के ने कहा, अबू आजमी जैसे नेताओं के कारण मुस्लिम समुदाय के खिलाफ शिकायत है। पंढरपुर वारी भारत में इस्लाम के आगमन से भी पुरानी है। यहां तक कि मुसलमान भी वारी में हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि वारी एक बहुत ही अनुशासित कार्यक्रम है, जिसमें शामिल होने वाले लोग सड़क के किनारे चलते हैं। पुणे और राज्य के अन्य हिस्सों से शोभायात्राएं छह जुलाई को सोलापुर जिले के पंढरपुर पहुंचेंगी।

# 115 दिन में पतियों ने की 30 पत्नियों की हत्या, डरा रहे छत्तीसगढ़ के चौंकाने वाले आंकड़े

**रायपुर, एजेंसी।**
देशभर में चर्चित इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के बीच छत्तीसगढ़ से एक बेहद चौंकाने वाली भयावह खबर सामने आई है। यहां पिछले 115 दिनों में 30 महिलाओं की उनके पतियों द्वारा हत्या कर दी गई। अगर औसत के हिसाब से देखें तो करीब हर चार दिन में एक महिला हत्या की गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में पत्नियों की हत्या के 30 मामलों में से 10 से ज्यादा हत्याएं चरित्र पर शक या ईर्ष्या के कारण, 6 नशे की हालत में और दो सेक्स से इनकार करने के कारण हुई हैं। बाकी हत्या घरेलू हिंसा, दहेज विवाद या वैवाहिक तनाव के कारण हुई हैं।

धमतरी में एक युवा जोड़े की शादी को सिर्फ तीन महीने हुए थे। 7 जून को पति ने अपनी पत्नी के साथ प्यार का इजहार करते हुए एक फोटो पोस्ट की। तीन दिन बाद उसने दरांती से उसका गला रेत दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि आरोपी पति धनेश्वर पटेल ने अपनी पत्नी के चरित्र पर शक के चलते उसकी हत्या करने की बात कबूल की है।

इससे पहले 22 मार्च को बालोद में एक महिला टीचर की हत्या कर उसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई थी। पुलिस की गहन जांच से पता चला कि महिला के पति शीशपाल और उसके दोस्त ने उसकी हत्या करने के बाद इसे हादसे की शक्ल देने का नाटक किया था। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी योगेश पटेल ने कहा कि आरोपी के परिचित कयामुद्दीन ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि हत्या की योजना पहले से बनाई गई थी।

समाजशास्त्री प्रोफेसर डीएन शर्मा ने सोशल मीडिया में फैलाई जा रही लिंग संबंधी गलत धारणा की आलोचना की। शर्मा ने कहा



कि यह चुनिंदा आक्रोश पितृसत्ता में निहित है। पुरुषों ने हजारों हत्याएं की हैं, लेकिन अगर कोई महिला ऐसा करती है, तो पूरी महिला समाज को कलंकित किया जाता है। हत्या तो हत्या है - लिंग के आधार पर गंभीरता नहीं बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ सनसनीखेज मामलों के आधार पर महिलाओं को ठप्पा लगाना हमारी गहरी पुरुष-प्रधान मानसिकता को दर्शाता है। पत्नियों को ट्रोल करना न केवल गलत है - यह खतरनाक भी है।

शक, क्रोध और दबाव के बोझ तले दबे रिश्तों के बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि समाज हिंसा को रोकने के बजाय उसे सामान्य बना रहा है। विशेषज्ञों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आंकड़े मजाक की नहीं बल्कि बातचीत, समर्थन और सुरक्षा की जरूरत को दर्शाते हैं।

बता दें कि, मध्य प्रदेश के इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान हत्या के आरोप में उनकी नवविवाहिता पत्नी सोनम रघुवंशी की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर ऐसी पत्नियों के मीम्स और मजाक की बाढ़ आ गई है। सोनम की अपने पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तारी से जुड़े सनसनीखेज मामले ने ऑनलाइन सनसनी फैला दी है। ऐसी पत्नियों को हत्यारी, भरोसा तोड़ने वाली और अपराधी करार दिया जा रहा है।

# ट्रैफिक में फंसे सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, दौरा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा

**पुणे, एजेंसी।**
निरीक्षण के लिए दौरे पर निकले केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को अपना काम बीच में छोड़कर लौटना पड़ गया। खबर है कि सोमवार को पुणे में भारी ट्रैफिक के चलते उनके काफिले को यह फैसला लेना पड़ा। वह एक अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट के निरीक्षण के लिए रवाना हुए थे, लेकिन दौरा पूरा नहीं हो सका। खास बात है कि बीते एक सप्ताह से पुणे में भारी बारिश जारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुणे में भारी ट्रैफिक के बाद गडकरी को अपना दौरा बीच में रोकना पड़ा। केंद्रीय मंत्री के ट्रैफिक में फंसने के कारण दौरा रद्द कर दिया गया। वह पुणे के पुराने शहर और खासतौर से शनिवार पेठ में ट्रैफिक स्थिति सुधारने के मकसद से बनाए जा रहे फोर लेन अंडरग्राउंड टनल प्रोजेक्ट का जायजा लेने जा रहे थे। कस्बा विधायक हेमंत रसाने के अनुरोध पर केंद्रीय मंत्री गडकरी का यह दौरा तय किया गया था। शनिवार पेठ में शनिवार वाड़ा के मुख्य द्वार तक वह गडकरी के साथ थे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने जानकारी दी है, हमने उन्हें बताया है कि



कहां से प्रोजेक्ट शुरू होगा और उन्हें जानकारी दी। उन्होंने भरोसा दिया है कि वह अध्ययन करेंगे और बाद में विस्तार से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, बढ़ते ट्रैपिक को देखते हुए, नागरिकों की सुविधा और मंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने निरीक्षण छोटा करने का सुझाव दिया था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री इस सुझाव पर सहमत हुए और बताया कि दौरा बाद में भी तय किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि पुलिस और नगर प्रशासन के बीच कुछ गलतफहमी हो गई थी, क्योंकि उन्हें यह पहले नहीं बताया गया था कि निरीक्षण किस तरह का होगा। सरकार की योजना है कि दो सुरंग बनाई जाएं, जिनमें एक शनिवार वाड़ा से स्वारगेट तक जाएगी। वहीं, दूसरी सारसबाग से शनिवार वाड़ा तक जाएगी। इस लिहाज से टनल 2.5 किमी लंबी होगी। इन सुरंगों की मदद से नागरिक शिवाजी रोड और बाजीराव रोड पर होने वाले ट्रैफिक से बच सकेंगे। फिलहाल, शिवाजी रोड पर शनिवार वाडा से स्वारगेट तक का ट्रैफिक होता है। जबकि, लौटने का ट्रैफिक बाजीराव मार्ग पर होता है।

# मुस्लिम देशों पर भड़के फारूक अब्दुल्ला, बोले- कई देश बनेंगे इजरायल और अमेरिका का निशाना

**जम्मू, एजेंसी।**
इजरायल और अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला सुन्नी बहुल मुस्लिम देशों पर ही भड़क गए हैं। उन्होंने कहा कि आज अरब के देश सोचते हैं कि ईरान पर हमला हुआ है। लेकिन कल अरब के अन्य देशों पर भी हमला होगा। वे देश अमेरिका की नीति के खिलाफ हैं लेकिन उनमें बोलनी का साहस ही नहीं है।

फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को अरब देशों को चेतावनी दी कि इजराइल और अमेरिका का अगला निशाना वही होंगे क्योंकि उनके तेल और गैस पर दोनों देशों की नजर है। उन्होंने कहा, 'यह उनकी (अमेरिका की) लंबे समय से नीति रही है कि ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनना चाहिए। यहां तक ??कि क्षेत्र के सुन्नी देश भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन उनमें बोलने का साहस नहीं है।''

अब्दुल्ला ने यहां नवा-ए-सुबह में पार्टी की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आज वे सोचते हैं कि ईरान पर हमला हुआ



है, लेकिन मैं आपके माध्यम से उन्हें चेतावनी देना चाहता हूं कि एक दिन इजराइल उन पर भी हमला करेगा, क्योंकि वे तेल और गैस जैसी उनकी संपत्ति चाहते हैं। इजराइल केवल एक मुखौटा है, अमेरिका उसके ठीक पीछे खड़ा है।' पश्चिम एशिया में युद्ध के विकराल रूप लेने के असर के बारे में पूछे जाने पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सभी देशों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि (अन्य) विश्व शक्तियां स्थिति पर नजर रख रही हैं। अगर यह (युद्ध) बढ़ता है, तो हर देश की आर्थिक स्थिति बर्बादी की ओर बढ़ जाएगी। उन्हें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए और मैं प्रार्थना करता हूं कि वे सफल हों, क्योंकि भारत में भी हमारी स्थिति बहुत खराब है।' जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की शर्तों को लेकर मीडिया के एक धड़े में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मीडिया झूठ फैला रहा है।

# बिलावल ने इजराइली हमलों की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की

### सिंधु संधि पर भारत को जंग की चेतावनी दी

### पाकिस्तानी पीएम बोले- हम ईरान के साथ खड़े

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने सोमवार को नेशनल असेंबली सत्र के दौरान भारत पर निशाना साधा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक बिलावल ने कहा कि जिस तरह भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया था, उसी तरह इजराइल ने ईरान पर अटैक किया है। उन्होंने भारत के साथ 7 से 10 मई तक हुए सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान की जीत का दावा किया।

दरअसल, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 6-7 मई को हवाई हमला किया था। इसके अलावा बिलावल ने भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने को अवैध करार दिया और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया। बिलावल ने नदियों का पानी रोकने या बांध बनाने की कोशिश करने पर भारत को जंग की चेतावनी दी। बिलावल ने कहा, हमारी वायुसेना ने पहले भारत को



हराया है और जरूरत पड़ी तो फिर हराएगी। हम अपने देश के लिए सभी छह नदियों के पानी को सुरक्षित रखेंगे। बिलावल ने दावा किया कि पाकिस्तान के ऑपरेशन बुनियान-उम-मारसूस में भारतीय वायुसेना के 6 लड़ाकू विमान गिराए गए। इसमें तीन राफेल और दर्जनों ड्रोन शामिल थे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विश्व ने ईरान के खिलाफ इजराइल की कार्रवाइयों पर चुप्पी साधी, तो कोई नही बचेगा। बिलावल ने जर्मन पादरी मार्टिन नीमोलर की कविता फर्स्ट दे केम का जिक्र किया। उन्होंने कहा- पहले वे फिलिस्तीनियों के लिए आए, लेकिन दुनिया चुप रही। फिर लेबनानी, फिर यमनी और अब ईरान के लिए आए हैं। अगर हम अब नहीं बोले, तो जब वे हमारे लिए आएंगे, कोई नहीं बचेगा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले और अमेरिका के तेहरान के परमाणु संयंत्रों पर की गई बमबारी को इस बढ़ते संघर्ष का कारण बताया। उन्होंने इजराइल के रवैये को वर्ल्ड वॉर-3 की ओर ले जाने वाला बताया।

तीन परमाणु संयंत्रों पर हवाई हमले के बाद बनी क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा के लिए सोमवार को पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात बैठक बुलाई गई है। ये बैठक पीएम शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में होगी। न्यूज चैनल डॉन के मुताबिक ये बैठक आज शाम को होगी। सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें हिस्सा लेंगे। हाल ही में अमेरिका दौरे से लौटे फील्ड मार्शल मुनीर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी बैठक का ब्योरा समिति को देंगे। मुनीर ने अमेरिका में ईरान-इजराइल युद्ध खत्म करने की वकालत की थी। हालांकि अमेरिकी पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया।

**पाकिस्तान ने ईरान के साथ खड़े होने की बात कही:** पाकिस्तान ने अमेरिका के ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमले की निंदा की है। क्रूशहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की। प्रधानमंत्री ने ईरान के लोगों और सरकार के साथ होने की बात कही और हमलों में हुए जानमाल के नुकसान पर अफसोस जताया। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया। प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने तनाव कम करने के लिए तत्काल बातचीत की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मामले में रचनात्मक भूमिका निभाने को तैयार है। पाकिस्तानी पीएमओ के अनुसार, राष्ट्रपति पजशकियान ने पाकिस्तान के समर्थन की सराहना की और एकजुटता के लिए पाकिस्तानी जनता व सरकार का आभार जताया। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी ईरान-इजराइल के बढ़ते तनाव पर चिंता जताई। रविवार को एक बयान में उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने और शांति, बातचीत व कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की।

# हवाई सफर हो जाएगा बेहद सस्ता, फ्यूल भराने की झंझट खत्म; पहली बार इस तकनीक से उड़ा विमान




**वाशिंगटन , एजेंसी।** हवाई सफर की इच्छा रखने वाले लोगों मध्यमवर्गीय लोगों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। जल्द ही हवाईजहाज में सफर करना बेहद सस्ता हो सकता है। दरअसल अमेरिका में हाल ही में दुनिया के पहले पैसेंजर इलेक्ट्रिक विमान की सफल टेस्टिंग की गई है। फॉक्स न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस विमान का संचालन बीटा टेक्नोलॉजीज नाम की कंपनी कर रही है। इस फ्लाइट ने बीते दिनों की ईस्ट हैम्पटन से न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक उड़ान भरी। टेस्टिंग के दौरान इस इलेक्ट्रिक फ्लाइट ने महज 30 मिनट में लगभग 70 समुद्री मील यानी 130 किमी की दूरी तय की है। बीटा टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और ष्टश्वह्र काइल क्लार्क टेस्टिंग का संचालन कर रहे थे। उन्होंने बताया है कि यह जहाज 100 फीसदी इलेक्ट्रिक है। उन्होंने कहा, यह 100 फीसदी इलेक्ट्रिक हवाई जहाज है। इसने यात्रियों के साथ ईस्ट हैम्पटन से जेएफके तक उड़ान भरी थी। हमने 35 मिनट में 70 समुद्री मील की दूरी तय की। उन्होंने यह भी बताया कि फ्लाइट बेहद सस्ती थी। जानकारी के मुताबिक पूरे विमान को चार्ज करने और सफर पूरा करने में महज 8 डॉलर यानी लगभग 700 रुपए का ही खर्च आया। यह कीमत हेलीकॉप्टर में सफर करने से भी कहीं ज्यादा सस्ता है।

# भारत के लिए आर्थिक बंकर बस्टर साबित होगा, ट्रंप के करीबी सांसद की धमकी; पेश किया खास बिल

**न्यूयार्क, एजेंसी।**
भारत की रूस के साथ आर्थिक और सामरिक साझेदारी एक बार फिर वैश्विक सुर्खियों में है। अमेरिका के प्रभावशाली रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ सख्त प्रतिबंधों वाला नया बिल पेश किया है, जिसका सीधा असर भारत पर पड़ सकता है। इस विधेयक का उद्देश्य रूस पर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए आर्थिक दबाव डालना है, लेकिन इसके दायरे में भारत जैसे देश भी आ रहे हैं, जो रूस से तेल और अन्य संसाधनों का आयात करते हैं। जानकारों का मानना है कि अमेरिकी सीनेट में प्रस्तावित सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2025 भारत के लिए गंभीर आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियां खड़ी कर सकता है।

अमेरिकी सांसद ग्राहम ने रविवार को एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा, मेरे पास रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले बिल के लिए 84 सीनेटरों का समर्थन है। यह बिल रूस, चीन और भारत के लिए एक आर्थिक बंकर बस्टर साबित होगा। सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2025 को इस साल अप्रैल में अमेरिकी सीनेट में पेश किया गया था। यह कानून उन देशों पर भारी अमेरिकी टैरिफ (कर) लगाने की सिफारिश करता है, जो रूसी मूल के तेल, गैस, यूरेनियम और पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करते हैं। साथ ही, यह रूस की कंपनियों, सरकारी संस्थाओं और प्रमुख नीति निर्धारकों पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की भी मांग करता है।

अप्रैल 2025 में अमेरिकी सीनेट में पेश किए गए इस विधेयक में उन देशों पर 500त्न तक के भारी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है, जो रूस से तेल, प्राकृतिक गैस, यूरेनियम और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस विधेयक को रूस, भारत और चीन के खिलाफ आर्थिक बंकर बस्टर करार दिया है। बंकर बस्टर एक सैन्य शब्द है, जो उन हथियारों या रणनीतियों के लिए उपयोग होता है, जो गहरे और मजबूत ठिकानों, जैसे



भूमिगत बंकरों या किलेबंदी, को नष्ट करने में सक्षम होते हैं। हाल ही में अमेरिका ने अपने सबसे घातक बंकर बस्टर का इस्तेमाल ईरान के परमाणु ठिकानों को खत्म करने के लिए किया है। अब अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2025 को आर्थिक बंकर बस्टर कहकर इसका प्रतीकात्मक उपयोग किया, जिसका अर्थ है कि यह विधेयक रूस, भारत और चीन जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर इतना गहरा और विनाशकारी प्रभाव डालेगा कि उनकी आर्थिक नींव कमजोर हो जाएगी, जैसे एक बंकर बस्टर बम किसी मजबूत सैन्य ठिकाने को ध्वस्त करता है।

एनर्जी एंड क्लीन एयर रिसर्च सेंटर के अनुसार, मई 2025 में भारत ने रूस से 4.2 बिलियन यूरो मूल्य के जीवाश्म ईंधन खरीदे, जिनमें से 72त्न केवल कच्चा तेल था। इस स्थिति में भारत इस कानून के सीधे प्रभाव में आ सकता है। हालांकि, बिल में यह प्रावधान भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए एक बार के लिए 180 दिनों की छूट दे सकते हैं। इसका उपयोग भारत जैसे रणनीतिक साझेदार देश को समय देने के लिए किया जा सकता है।

सीनेटर ग्राहम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जाते हैं। वे पहले भी भारत से रूस के साथ व्यापार कम करने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने 13 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्ग' पर लिखा, चीन और भारत - अगर आप पुतिन की युद्ध मशीन को समर्थन देना जारी रखते हैं, तो इसके लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे। सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2025 को अब तक दो बार सीनेट में पढ़ा जा चुका है और इसे बैंकिंग, आवास और शहरी मामलों संबंधी समिति को सौंपा गया है। इसे कानून बनने के लिए सीनेट, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और अंत में राष्ट्रपति ट्रंप की मंजूरी लेनी होगी।

आइसीआरए के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत वशिष्ठ के अनुसार, यदि भारत को रूसी तेल से हाथ खींचने को मजबूर किया गया, तो इससे वैश्विक तेल कीमतों में बड़ा उछाल आ सकता है। उन्होंने कहा, ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों पर पहले से ही प्रतिबंध लगे हैं। अगर भारत और अन्य देशों को रूसी तेल खरीदने से रोका गया, तो आपूर्ति घटेगी और कीमतें बढ़ेंगी। वशिष्ठ ने यह भी कहा कि भारत पहले से ही पश्चिम एशिया में तनाव से जूझ रहा है। उन्होंने कहा, ईरान जैसे देशों में बढ़ते तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित हो सकती है। अगर इसके साथ रूसी तेल भी बाजार से हटा दिया गया, तो भारत के लिए यह एक जटिल और चुनौतीपूर्ण स्थिति बन जाएगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129